राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267 आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 बॉडीकॉन आउटफिट पहन अनुष्का सेन ...



अप्रैल में श्रीलंका दौरे पर ... 12

गाजियाबाद, शनिवार 08 मार्च 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 12 अंकः 01, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### दिल्ली में आईएफएस अधिकारी जितेंद्र रावत ने आवासीय कॉलोनी की छत से कूदकर जान दी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी जितेंद्र रावत ने गुरुवार को इमारत की छत से कूदकर अपनी जान दे दी। रावत विदेश मंत्रालय की आवासीय कॉलोनी में प्रथम तल पर रहते थे। उन्होंने छत से



कूदकर आत्महत्या की है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। पुलिस को जांच में कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मामले में आगे की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि रावत कॉलोनी के आवास में सिर्फ अपनी मां के साथ रह रहे थे। उनकी पत्नी और 2 बच्चे उत्तराखंड के देहरादून में रहते हैं। जिस समय रावत ने जान दी, उस समय घर पर उनकी मां मौजूद थीं। रावत को लेकर जानकारी सामने आई है कि वह अवसाद से ग्रसित थे और अपना इलाज करा रहे थे। पुलिस ने उनके परिवार को सूचना दे दी है।

### बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री ने बदला सड़क का नाम, राजनीति गर्माई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर सड़क के नाम को लेकर जंग छिड़ गई है. ताजा जानकारी के मुताबिक बीजेपी के राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा और केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने अपने आवास पर लगी नेमप्लेट में सड़क का नाम बदल दिया है. पहले दोनों के आवास पर तुगलक रोड लिखा था, अब दोनों नेताओं ने स्वामी विवेकानंद मार्ग लिख दिया है. ऐसा होते ही राजनीति गर्मा गई है। बीजेपी के




राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपने नए आवास पर सड़क का नया नाम 6-स्वामी विवेकानंद मार्ग (पहले तुगलक रोड) लिखा है. उन्होंने विधि-विधान से गृह-प्रवेश किया है. वीडियो जारी होते ही विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। राजधानी दिल्ली में किसी भी रोड का नाम ऐसे ही नहीं बदल जाता. इसके लिए सबसे पहले दिल्ली म्युनिसिपल कॉरपोरेशन को एक प्रस्ताव भेजा जाता है. इस प्रस्ताव पर म्युनिसिपल कॉरपोरेशन की 13 सदस्यों की एक टीम विचार करती है. इसके बाद अगर प्रस्ताव मंजूर हो जाता है तो एनडीएमसी पोस्ट मास्टर जनरल को इसकी जानकारी दी जाती है। इससे पहले भी कई बार मुगल शासकों के नाम पर जो सड़क हैं उनका नाम बदलने की मांग होती रही है. अकबर रोड का नाम संभाजी के नाम पर करने की भी मांग की जा रही है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 14 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**रामेश्वरम (तमिलनाडु) (आरएनएस)।** श्रीलंकाई नौसेना द्वारा सीमा पार से मछली पकड़ने के आरोप में पंबन क्षेत्र से 14 मछुआरों को गिरफ्तार किए जाने से भारत और श्रीलंका के बीच मछुआरों का मुद्दा फिर से गरमा गया है. रामेश्वरम मछुआरा संघ के अनुसार गिरफ्तार किए गए मछुआरों को जांच के लिए मन्नार नौसैनिक अड्डे पर ले जाया गया है। यह घटनाक्रम पिछले महीने 23 फरवरी को हुई एक समान घटना के बाद सामने आया है, जिसमें श्रीलंकाई अधिकारियों ने द्वीप राष्ट्र के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था और उनकी पांच नौकाएं जब्त कर ली थीं. श्रीलंकाई नौसेना ने एक बयान जारी कर बताया था कि इन मछुआरों को मन्नार के उत्तर में एक विशेष अभियान के दौरान पकड़ा गया था। इन ताजा गिरफ्तारियों के साथ, इस साल अब तक लगभग 150 भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है और 18 नौकाएं जब्त की गई हैं।

## कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिलवासा, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

# हरियाणा विधानसभा बजट सत्र का हुआ आगाज, राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने दिया अभिभाषण

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सदन में पिछले सत्र और इस सत्र की अवधि के दौरान मृत्यु को प्राप्त हुए महान विभूतियों, स्वतंत्रता सेनानी और शहीद जवानों के सम्मान में शोक प्रस्ताव पढ़े गए और शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की गई।

सर्वप्रथम सदन के नेता मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शोक प्रस्ताव पढ़े। इनके अलावा, विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण के अलावा भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा करण चौटाला ने अपनी पार्टी की ओर से शोक प्रस्ताव पढ़कर




श्रद्धांजलि दी। सदन के सभी सदस्यों और पहली बार अधिकारियों, मीडियाकर्मियों और सदन में मौजूद सभी कर्मचारियों ने खड़े होकर दो मिनट का मौन रखा तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना भी की। सदन में जिनके शोक प्रस्ताव पढ़े गए, उनमें भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री पद्म विभूषण डॉ मनमोहन सिंह, हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला, हरियाणा के भूतपूर्व मंत्री सतपाल सांगवान, डॉ कृपा राम पूनिया, हरियाणा विधानसभा के भूतपूर्ण सदस्य सुरिंदर सिंह औजला, चौधरी कर्म सिंह, हेम राज तथा जिला हिसार के गांव बीड़ बबरान के स्वतंत्रता सेनानी सरदार बाज सिंह शामिल हैं। सदन में अदम्य साहस व वीरता दिखाते हुए मातृभूमि की एकता व अखंडता की रक्षा करने के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले हरियाणा के 22 वीर सैनिकों के निधन पर भी शोक व्यक्त किया गया।


# भाषा मुद्दे पर शाह ने स्टालिन पर निशाना साधा

**रानीपेट (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन से राज्य में तमिल में इंजीनियरिंग और मेडिकल की शिक्षा शुरू करने को कहा. भाषा के मुद्दे विशेष रूप से स्टालिन के हिंदी विरोध को लेकर मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बदलाव किए और अब यह

**मेडिकल और इंजीनियरिंग शिक्षा तमिल में देने को कहा**

सुनिश्चित किया है कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के उम्मीदवार अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा दे सकें.

चेन्नई से करीब 70 किलोमीटर दूर रानीपेट में आरटीसी थक्कोलम में सीआईएसएफ के 56वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि परीक्षा में उत्तर



पुस्तिका तमिल में भी लिखी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि मैं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से छात्रों के लाभ के लिए राज्य में तमिल में इंजीनियरिंग और मेडिकल शिक्षा शुरू करने की अपील करता हूं. उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की संस्कृति ने भारत की सांस्कृतिक धारा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

शाह ने कहा कि चाहे वह प्रशासनिक सुधार हो, आध्यात्मिक ऊंचाइयों को प्राप्त करना हो, शिक्षा हो या राष्ट्र की एकता और अखंडता हो, तमिलनाडु ने हर क्षेत्र में भारतीय संस्कृति को मजबूत किया है. इस कार्यक्रम में अर्द्धसैनिक बल के टुकड़ियों का 'मार्च पास्ट', योग प्रदर्शन और कमांडो अभियान का प्रदर्शन किया गया।

## प्रत्यर्पण रोकने की याचिका खारिज

# मुंबई 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा को अमेरिकी कोर्ट से झटका

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में 26/11 आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। उसकी प्रत्यर्पण रोकने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी गई है। राणा ने कोर्ट में आपातकालीन अर्जी लगाते हुए भारत को उसके प्रत्यर्पण का विरोध किया था और दावा किया था कि चूंकि वह पाकिस्तानी मूल का मुसलमान है, इसलिए उसे वहां यातना दी जाएगी। याचिका खारिज होने से राणा का भारत प्रत्यर्पण आसान हो गया है। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक राणा ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के एसोसिएट जस्टिस और नौवें सर्किट के सर्किट जस्टिस के समक्ष आपातकालीन स्थगन आवेदन दायर किया था।



याचिका में राणा ने तर्क दिया कि भारत को उसका प्रत्यर्पण अमेरिका के कानून और टॉर्चर के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन का उल्लंघन है।याचिका में यह भी कहा गया कि उसकी गंभीर चिकित्सा स्थिति के कारण उसे भारतीय हिरासत केंद्रों में प्रत्यर्पित करना, वास्तविक मौत की सजा के समान है।

राणा ने पिछले साल जुलाई 2024 के मेडिकल रिकॉर्ड का हवाला देकर बताया कि उसे कई गंभीर और जानलेवा रोग हैं।

रिपोर्ट में कई बार दिल का दौरा पड़ना, संज्ञानात्मक गिरावट के साथ पार्किंसंस रोग, मूत्राशय कैंसर का संकेत देने वाला एक द्रव्यमान, स्टेज-3 गंभीर गुर्दा रोग, और गंभीर अस्थमा का इतिहास और कई कोविड-19 संक्रमण शामिल हैं। बता दें कि राणा ने एक दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट में अपना आवेदन दायर किया था।राणा के पास प्रत्यर्पण से बचने का ये आखिरी कानूनी विकल्प था। अब उसके भारत आने की संभावना प्रबल है। इस साल 25 जनवरी को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी।

इससे पहले 21 जनवरी को कोर्ट ने राणा की निचली कोर्ट के फैसले की समीक्षा करने की अपील को खारिज किया था।

हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी राणा के प्रत्यर्पण की घोषणा की थी।

राणा का जन्म पाकिस्तान में हुआ था। उसने मेडिकल की पढ़ाई की है और पाकिस्तान सेना में 10 साल डॉक्टर रह चुका है।1997 में वह कनाडा चला गया, जिसके 3 साल बाद उसने अमेरिका के शिकागो में इमीग्रेशन का काम शुरू किया।उसके पास कनाडाई नागरिकता है, लेकिन वह शिकागो में रहता है।राणा पर आरोप है कि उसने 2006 से लेकर नवंबर, 2008 तक पाकिस्तान में मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड डेविड हेडली के साथ मिलकर पूरी साजिश रची।26 नवंबर, 2008 को मुंबई में आतंकी हमला हुआ था। तब समुद्र के रास्ते पाकिस्तान से आए पाकिस्तानी आतंकियों ने ताज होटल समेत 6 जगहों पर हमले किए थे। हमले में विदेशी नागरिकों समेत 175 लोगों की मौत हुई थी, जबकि कई सैंकड़ों घायल हुए थे। 4 दिनों तक तक चले आतंकरोधी अभियान के बाद सुरक्षाबलों ने 9 आतंकियों को मौके पर ही मार गिराया था। इसी तरह एक जिंदा पकड़े गए आतंकी अजमल कसाब को फांसी दी गई थी।

# राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे अहमदाबाद, राजनीतिक मामलों को लेकर की बैठक



**अहमदाबाद (आरएनएस)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार से अहमदाबाद के दो दिवसीय दौरे पर । जानकारी के मुताबिक वे अहमदाबाद पहुंच चुके हैं और उन्होंने राजीव गांधी भवन में गुजरात कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में भाग लिया. इसके अलावा वे दो दिन राज्य के विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर गुजरात में पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। राहुल के गुजरात दौरे को लेकर कांग्रेस पार्टी ने बयान जारी करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने पहले कहा था कि पार्टी 2027 के गुजरात विधानसभा चुनाव जीतेगी और वह अगला विधानसभा चुनाव लड़ने का काम शुरू करने के लिए राज्य में आ रहे हैं. राहुल गांधी के कार्यक्रम के अनुसार, वह शुक्रवार सुबह पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों और पूर्व विपक्ष के नेताओं से मुलाकात करेंगे और राज्य राजनीतिक मामलों की समिति के साथ भी बैठक करेंगे। इसके बाद शाम को वे लोकसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस के जिला और शहर अध्यक्षों के साथ-साथ तालुका और नगर पालिका प्रमुखों से मिलेंगे. शाम 5 से 7 बजे के बीच वह सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे. राहुल शनिवार को अहमदाबाद में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करेंगे और उसी दिन दोपहर में दिल्ली के लिए रवाना होंगे. जानकारी के मुताबिक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) का अधिवेशन अगले महीने 8-9 अप्रैल को अहमदाबाद में आयोजित होने वाला है। इससे पहले पार्टी महासचिव के सी वेणुगोपाल ने बैठक की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पिछले मंगलवार को गुजरात का दौरा किया था. बता दें, 2022 के गुजरात विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने राज्य की कुल 182 सीटों में से 17 सीटें जीती थीं, लेकिन पांच विधायकों के इस्तीफे के बाद सदन में पार्टी की ताकत घटकर 12 रह गई। वहीं, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी भी आज से गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर हैं. वे दादरा-नगर हवेली का भी दौरा करेंगे।

## गैस आपूर्ति — गंगा नगर में कुछ ही घरों में किए बिछाए जा सके है पाइप

# वादा समय पर मुश्किल से ही पाइपलाइन से मिल सकेगी गैस आपूर्ति

**बुलन्द सन्देश ब्यूरो**

**बुलंदशहर (अंकित गौस्वामी)।** गैस सिलेंडर न खरीदने की वजह से लोगों को परेशान न होना पड़े। इसके लिए नगर की पांच कॉलोनी में गैस पाइप लाइन बिछाई जा रही है। कार्यदायी संस्था के अफसर कार्य में जुटे है। फिलहाल गंगा

**फ्री में कनेक्शन बिछाने की अपील कर रहे कर्मचारी**

नगर में काम तेजी से चल रहा है। खास बात यह है कि लोग पाइप लाइन गैस कनेक्शन करने से पीछे हट रहे है। बता दे कि करीब 25 किमी लंबी पाइप लाइन बिछाने पर सात करोड़ रुपये खर्च होंगे। शहर के साथ जिले के अनूपशहर, डिबाई, छतारी, सिकंदराबाद और शिकारपुर के लोगों को पाइप लाइन से रसोई गैस उपलब्ध कराने के लिए काम चल रहा है। शहर में करीब पचास कॉलोनियों के लोगों को गैस पाइप लाइन की सुविधा मिल चुकी है, जबकि कई अन्य कालोनियों के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। अब आईओएजीपीएल (इंडियन ऑयल अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड) की ओर से शहर की मोती बाग, प्रेम नगर, कृष्णा नगर, देवीपुरा क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक इन कालोनियों में करीब 25 किमी लंबी



पाइप लाइन बिछाने पर करीब सात करोड़ रुपये खर्च किया जाएगा। फिलहाल इन कालोनियों के 3500 घरों में गैस कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया गया है। अधिकारियों को उम्मीद है कि गैस सप्लाई चालू होने के बाद यहां कनेक्शन धारकों की संख्या पांच हजार से अधिक होगी।

**क्या बोले जिम्मेदार**

गंगानगर में भी कार्य प्रगति पर है। पाइप लाइन बिछाई जा रही है। कुछ मकानस्वामी तत्काल काम कराने के तैयार रहते है। कई घर पर न होने की बात कह देते है। ऐसे में दिक्कत आ रही है। की अनुमति मांगी गई है। मार्च आखिरी तक उम्मीद है तक गंगानगर में कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

**अभिसार अग्रवाल, क्षेत्रीय प्रमुख, आईओएजीपीएल**

# मनमोहन सिंह के परिवार ने दी समाधि की मंजूरी,राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर बनेगा स्मारक

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के परिवार ने उनकी समाधि के लिए अपनी लिखित मंजूरी दे दी है। डॉ सिंह की समाधि दिल्ली में राजघाट के निकट राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर 900 वर्ग मीटर के भूखंड पर बनेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले सप्ताह परिवार ने राष्ट्रीय स्मृति स्थल का दौरा किया था, जिसके बाद डॉ सिंह की पत्नी गुरशरण कौर ने सरकार को स्वीकृति पत्र भेजा है। निरीक्षण के दौरान सिंह की बेटियां उपिंदर और दमन भी मौजूद थीं।

रिपोर्ट के मुताबिक, स्मृति स्थल पर सिर्फ 2 भूखंड खाली पड़े थे, जिनमें एक भूखंड इस साल जनवरी में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के परिवार को दिया गया था। दूसरा 900 वर्ग मीटर का भूखंड स्मृति स्थल के बीच में है, जो अब सिंह के परिवार को दिया गया है।

उपिंदर ने बताया कि भूमि एक ट्रस्ट को आवंटित की जानी है, वे स्मारक के लिए 25 लाख रुपये तक के एकमुश्त अनुदान के लिए आवेदन कर सकते हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार में 2013 में सिंह के प्रधानमंत्री रहते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राजघाट के पास एक साझा स्मारक भूमि के निर्माण को मंजूरी दी थी।तब मंत्रिमंडल ने यह भी कहा था कि दिवंगत पूर्व राष्ट्रपतियों, उपराष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों का अंतिम संस्कार भी स्मृति स्थल पर किया जाएगा।

# सांसद डा0 भोला सिंह की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की हुई बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर** । जिला पंचायत सभागार में बुलंदशहर लोक सभा क्षेत्र से सांसद डा0 भोला सिंह की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आहूत हुई। सर्वप्रथम विगत बैठक में सांसद द्वारा दिए गए निदेर्शों की अनुपालन आख्या की समीक्षा हुई। उन्होंने कहा कि जनपद में संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र से संबंधित उठाए गए प्रकरणों पर विभागों द्वारा किए गए निस्तारण पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई।

बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी/ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेय जल कार्यक्रम, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, अमृत योजना, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास सेवाएं, मध्याह्न भोजन योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, ग्रामीण की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना के लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन कराते हुए सुनिश्चित कराया जाए कि जो आवास पूर्ण हो गए हैं उन पर नाम का पत्थर अवश्य लगे। यदि कोई लाभार्थी आवास पर नाम से संबंधित पत्थर नहीं लगाता है तो नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। पेंशन योजनाओं के कैंप लगाकर पात्रों को लाभ दिलाया जाए। कैंप की सूचना उस क्षेत्र के संबंधित विधायक एवं जनप्रतिनिधि को भी सूचना दी जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत सभी पात्र कृषकों को आच्छादित कर योजना का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिए। बैठक में जल जीवन मिशन शहरी एवं ग्रामीण के अन्तर्गत डाली गयी पाइपलाइन के बाद सड़को के रिस्टोरेशन कार्य के बारे में भी जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि गुणवत्ता के साथ सड़कों की मरम्मत कराए। ब्लॉक वार ग्रामों की सूची प्राप्त करते हुए उसका भौतिक सत्यापन भी कराए जाने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग से संबंधित जर्जर तारों को बदलने, टांसफार्मर क्षमता वृद्धि, निर्धारित समय के अनुसार विद्युत आपूर्ति कराने आदि के संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। सरकारी स्कूल में बच्चों को दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन के सम्बन्ध में बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि विधायक एवं जनप्रतिनिधि को स्कूल में बुलाकर भोजन की गुणवत्ता का सत्यापन किया जाए कि बच्चों को गुणवत्ता युक्त भोजन दिया जा रहा है।




# हाजी बाबा मिस्कीन शाह की पुण्य तिथि पर रोजा इफ़्तार पार्टी का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सिकंदराबाद।** प्रसिद्ध सूफी संत हजरत शेखुल मशाइख शाह गुलाम मुस्तफा हुसैनी अल कादरी उर्फ.हाजी बाबा मिस्कीन शाह ताजी की 71 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर गुरुवार की शाम गौस मंज़िल, मौहल्ला रिसालदारान में रोजा इफ़्तार पार्टी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सज्जादा नशीन सैयद शाह हुसैन मिस्कीनी के नेतृत्व मे अकीदत मंदो ने बाबा मिस्कीन शाह ताजी रहम तुल्लाह अलैह के मजार पर चादर पेश करके गुल पोशी की और अपनी मन्नतें मांगीं । फातेहा के वक़्त सज्जादा नशीन ने देश में खुशहाली और शांति के लिए विशेष प्रार्थना की। बाद में बड़ी मस्जिद के निकट गौस मंज़िल में रोजदारों के लिए शानदार इफ़्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के आमजन व गणमान्य लोगों ने भाग लिया।




# नगर से लेकर देहात क्षेत्र के सभी मस्जिदों शांतिपूर्वक अदा हुई नमाज, बच्चों ने भी जुम्मे का रोजा रखा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर** । मुकद्दस रमजान के पहले जुम्मे को रोजेदारों में मस्जिदों में नमाजियों की काफी भीड़ रही । सभी मस्जिदों के इमाम ने माहे रमजान की अहमियत और रोजा नमाज की हिदायत दी। रमजान माह के पहले

जुम्मे की नमाज शुक्रवार को जिलेभर की मस्जिदों में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। नमाज के लिए मस्जिदों में लोगों की भीड़ देखी गई। बच्चों ने भी बड़ों के साथ खुशी-खुशी जुम्मे का रोजा रखा। सुबह से घरों में कुरान की तिलावत हुई । मस्जिदों में लोगों को रमजान माह के बारे में बताया गया। सुरक्षा की दृष्टि से मस्जिदों के बाहर पुलिस बल भी तैनात रहा। रमजान माह के पहले जुम्मे को लेकर मस्जिदों में सुबह से ही

- नमाज में रमजान माह का महत्व बताया गया
- रमजानः देश में अमन चैन के लिए रोजेदारों ने मांगी दुआएं

तैयारियां शुरू हो गई थी। मस्जिदों में साफ सफाई हुई और 12:00 बजे से नमाजियों की भीड़ पहुंचने शुरू हो गई थी। लोगों को मस्जिदों में दीन की बातें सुनाई गई। घरों और मस्जिदों में भी कुरान ए करीम की तिलावत हुई । नगर के जामा मस्जिद अड्डे वाली मस्जिद, सहित नगर की विभिन्न मस्जिदों में इमामो ने हजारों रोजेदारों को रमजान माह के पहले जुमे की नमाज अदा कराई । रोजेदारों ने अल्लाह की इबादत कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी।

मौलाना ने बताया कि जो लोग संपन्न है वह जकात अवश्य दें, रमजान के महीने में गरीबों का ख्याल रखा जाए। वहीं घरों में महिलाओं ने भी जुम्मे की नमाज अदा कर अल्लाह की इबादत की । देहात क्षेत्रों की मस्जिदों में शांतिपूर्वक नमाज अदा हुई । मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस ने व्यवस्था संभाली । ग्रामीण क्षेत्रों में भी जुम्मे की नमाज शांतिपूर्वक होने के बाद पुलिस ने भी राहत की सांस ली।

# पालिका की बोर्ड की बैठक में साढ़े 39 करोड़ का बजट पास, बैठक के बाद सभासदों का हंगामा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहाँगीराबाद।** नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष किशनपाल सिंह लोधी की अध्यक्षता में व ईओ मणिजी सैनी के संचालन में आयोजित की गई जिसमे चेयरमैन किशनपाल लोधी ने 396289960 का वार्षिक बजट 2025-26 का प्रस्ताव बैठक में रखा जिसमें बोर्ड ने सर्वसहमति से पारित कर दिया। इस मौके पर चेयरमैन किशनपल लोधी व पालिका के अधिशासी अधिकारी मणिजी सैनी ने कहा कि बजट से नगर में विकास के लिये करोड़ो रुपए के टेंडर अगले महीने निकाले जायगे जिससे नगर में सड़को का जाल दिखाई देगा।

बैठक के बाद सभासद कल्पना शर्मा,मनमोहन अग्रवाल व मुन्नी अंसारी ने हंगामा करते हुये चेयरमैन व ईओ पर आरोप लगाते हुये कहा कि हमारी समस्या सुने बिना ही बैठक खत्म कर बाहर निकल आये। इस बारे में चेयरमैन किशनपाल लोधी ने कहा कि बोर्ड बैठक में बजट का बिंदू था जो सर्वसम्मति से बोर्ड में पास हो गया सभी सभासदो की समस्या सुनी है आरोप निराधार है। ईओ मणिजी सैनी कहा कि जिस वार्डो में काम नही लगे है।

उन वार्डो में जल्द ही काम लगेंगे। बैठक में सभासद मनोज शास्त्री, सुल्तान अंसारी, मनमोहन अग्रवाल, धर्मेंद्र उर्फ. धन्नू राजोरा, अनीस मलिक, रोबिन चौधरी, रिजवान बंटी, धर्मपाल सिंह लोधी, मोहित चौधरी, ओमप्रकाश लोधी, संजय सैनी, राजकुमार, संजय कोरी, कल्पना शर्मा ,अंजलि सिसोदिया, नीतू सिंह, मीनाक्षी देवी, निशा सैनी ,चमन देवी, मुन्नी अंसारी, पुष्पा सैनी, सुनीता देवी व लेखाकार ऊधम सिंह मौजूद रहे।




# सरस्वती विद्या मन्दिर लॉ कॉलेज को मिला बी प्लस ग्रेड, केक काटकर मनाया जश्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर। (अशोक पाठक)।** शुक्रवार को नगर के सरस्वती विद्या मन्दिर लॉ कॉलेज को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ने बी प्लस प्रमाण दिया है। इसी के साथ कॉलेज यह उपलब्धि पाने वाला जिले का पहला लॉ कॉलेज बन गया है। केक काटकर जश्न मनाया। कॉलेज की आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉक्टर श्वेता सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की टीम ने 27 और 28 फरवरी को कॉलेज का भ्रमण किया था। इस दौरान टीम ने कॉलेज में आधारभूत संरचना, पुस्तकालय, शिक्षणेत्तर गतिविधियों को संचालित करने के उपलब्ध संसाधन, कॉलेज में उपलब्ध स्मार्ट क्लास और उसकी उपयोगिता, कंप्यूटर लैब को देखा परखा था। साथ ही कॉलेज के विद्यार्थियों से बातचीत कर कॉलेज में उपलब्ध संसाधनों के प्रयोग के बारे में जानकारी ली थी। टीम ने भ्रमण में प्राप्त की रिपोर्ट के आधार पर कॉलेज को बी प्लस ग्रेड दिया है। इस उपलब्धि पर प्रबंधक ने कॉलेज के सभी प्रवक्ताओं, छात्र-छात्राओं को बधाई दी है। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष आनंद प्रकाश सिंघल, सचिव विपिन बंसल, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश गर्ग ,प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिंह, आदि सरस्वती विद्या मंदिर लॉ कॉलेज समिति के कार्यकर्ता मौजूद रहे।







# न्यायमित्र अधिवक्ता प्यारेलाल ने जोगेन्द्र उर्फ जुगनू को धारा 302/24 आईपीसी के मुकदमे में प्रभावी पैरवी कर न्यायालय द्वारा दोषमुक्त करते हुए कराया बाइज्जत बरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** ऊपर वाले के यहां देर है अंधेर नहीं, किसी भी निर्दोष को सजा मिले यह उसे मंजूर नहीं, जनपद न्यायालय में चल रहे अनेक मामलों में संबंधित न्यायाधीश द्वारा ठोस सबूत और गवाह नहीं होने के कारण एवं अधिवक्ता द्वारा प्रभावी पैरवी करने पर अभियुक्त को दोषमुक्त किया गया। ऐसा ही एक मामला बुलंदशहर जनपद के न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, न्याय कक्ष संख्या - 5 में देखने को मिला है। जहां न्यायमित्र अधिवक्ता प्यारेलाल जो कि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की उपाध्यक्ष सीमा सिंह एडवोकेट के पिता हैं उनके द्वारा प्रभावी पैरवी कर 302 आईपीसी के मुकदमे में न्यायाधीश द्वारा जोगेन्द्र उर्फ जुगनू को दोष मुक्त कराया तथा न्याय दिलाया।




बता दें कि सिकंदराबाद थाने में 16 सितंबर 2019 को एक मुकदमा 783 सन 2019 धीरज धीमर पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव शेरपुर थाना पिसावा जनपद अलीगढ़ के विरुद्ध धारा 302 /34,404,411 भारतीय दंड संहिता में दर्ज हुआ था। पुलिस द्वारा जांच करने के उपरांत जोगेन्द्र उर्फ जुगनू पुत्र बब्लू निवासी मोहल्ला मोहन कुटी थाना कोतवाली नगर बुलंदशहर का नाम प्रकाश में आया और दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया जिन्होंने बाद में अधिवक्ता की मदद से जमानत करा ली। पुलिस द्वारा चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की गई और न्यायालय में वाद शुरू हो गया। चंद्रपाल सिंह पुत्र रघुवीर सिंह द्वारा थाने में तेहरीर दी गई थी कि उसके पुत्र दीपक निवासी सिकंदराबाद की रंजिश धीरज धीमर से चल रही थी जिसकी शिकायत कई बार पुलिस से की गई। 16 सितंबर 2019 को रात करीब 1:30 बजे मेरे पुत्र का मृत शरीर सिकंदराबाद के बिलसुरी गांव के पास ओवरब्रिज पर ट्रक में पड़ा मिला। मेरे पुत्र दीपक की हत्या धीरज धीमर ने की है जिस पर कार्रवाई की जाए। न्यायालय में चंद्रपाल तथा उप निरीक्षक उजेंद्र सिंह कांस्टेबल विजय बहादुर डॉक्टर शशिकांत राय विवेचक निरीक्षक सुनील कुमार के बयान दर्ज कराए गए।

डॉ शशिकांत राय ने बताया कि मृतक दीपक की मृत्यु दम घुटने या गला घोटा जाने से हुई है।

# माह-ए-रमजान : अकीदत से अदा की रमजान के पहले जुमे की नमाज, रहमत और बरकत की मांगी दुआएं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**खानपुर ( आरिफ अंसारी)।** रमजान माह के पहले जुमे को नगर की विभिन्न मस्जिदों मे नामाजियों ने अकीदत के साथ नमाज अदा की। इस दौरान नगर की कई मस्जिद नमाजियों से खचाखच भरी रहीं। शुक्रवार को रमजान के पहले जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा कर नमाजियों ने अल्लाह की बारगाह मे हाथ उठाकर रहमत और बरकत कई दुआ मांगी। रमजान माह के पहले जुमे को नमाजियों की मौजूदगी से नगर की मस्जिदों में अलग रौनक रही। जुमे की नमाज से पहले मस्जिदों में विशेष साफ-साफई की गई। जुमे की नमाज जमा मस्जिद मे दोपहर करीब 2 बजे अदा की गई। जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान इमाम साहब ने रमजान की फजीलत बयान की। नगर की जामा मस्जिद, पीरजियान मस्जिद, मोती मस्जिद, आयशा मस्जिद, मदीना मस्जिद, हजीरे वाली मस्जिद सहित कस्बे की सभी मस्जिदो मे जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा कर मुल्क की तरक्की व अमन चैन की दुआ मांगी।



# जगतपाल सिंह एडवोकेट की वार्ता बढ़ते बाजारवाद में उपभोक्ताओं के अधिकारों की आवश्यकता विषय पर 15 मार्च को शाम 7 बजे ऑल इंडिया रेडियो आकाशवाणी नजीबाबाद पर पर प्रसारित होगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** ऑल इंडिया रेडियो आकाशवाणी नजीबाबाद पर नगर निवासी लेखक एवं साहित्यकार जगतपाल सिंह एडवोकेट की वार्ता बढ़ते बाजारवाद में उपभोक्ताओं के अधिकारों की आवश्यकता विषय पर 15 मार्च को शाम7 बजे 314.47 मीटर अर्थात 954 किलो हॉर्स पर प्रसारित होगी ऑल इंडिया रेडियो आकाशवाणी वाताकार्र जगतपाल सिंह ने बताया कि बढ़ते बाजारवाद में उपभोक्ताओं के अधिकारों की आवश्यकता विषय पर वार्ता हेतु ऑल इंडिया रेडियो आकाशवाणी नजीबाबाद कार्यक्रम अधिशासी अधिकारी शोभित शर्मा द्वारा आमंत्रित किया गया जिसकी रिकॉर्डिंग 21 फरवरी को हुई थी जगतपाल सिंह ने बताया कि बढ़ते बाजार बाद में उपभोक्ताओं के अधिकारों की आवश्यकता विषय आज के परिवेश में महत्वपूर्ण है क्योंकि जिस प्रकार से बाजारों का आधुनिकरण हो रहा है और देश विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है और जिसका असर बाजार पर भी देखने को मिलता है बढ़ते बाजारवाद में बाजार और उत्पादकों का विकास तो होता ही है साथही बाजारबाद में आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलता है इसके लाभ भी है तो नुकसान भी है उपभोक्ताओं को सचेत और जागरूक रहना चाहिए और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत उपभोक्ताओं के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया है जैसे सुरक्षा का अधिकार सूचना का अधिकार, चुनने का अधिकार, क्षतिपूर्ति मांगने का अधिकार आदि प्रसारित वार्ता में विस्तार से बताया गया है उल्लेखनीय है कि जगतपाल सिंह की ऑल इंडिया रेडियो आकाशवाणी से वाताएं प्रसारित होती रहती है।



# काफी मशीन फटने से दो युवक घायल, शादी समारोह में हुआ हादसा एक की दशा गंभीर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद** । शादी समारोह में ज्यादा प्रेशर से काफी मशीन फट जाने से दो युवक घायल हो गए। घायलों में एक की दशा नाजुक बनी हुई है।

औरंगाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नंगलाकरन में भागमल सिंह की लड़की की गुरुवार को बरात आनी थी। बेटी पक्ष ने अंबेडकर पार्क के समीप टैंट लगवाकर बारातियों के स्वागत और भोजन का प्रबंध किया हुआ था। बारात आने से पहले पंडाल में रखी काफी मशीन अचानक फट गई और उसकी चपेट में आने से टैंट मालिक अमरपाल सिंह निवासी गांव चरौरा मुस्तफाबाद का भतीजा हरीश उम्र लगभग बीस वर्ष तथा बेटा रोहित सोलह वर्ष घायल हो गए। गांव वालों ने दोनों घायलों को अविलंब जिला अस्पताल पहुंचाया। हरीश की हालत गंभीर बनी हुई है। लोगों का कहना है कि यदि बारात आने के बाद हादसा हुआ होता तो काफी बड़ा हादसा हो सकता था।





छापेमार कार्यवाही

कार्यालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, जनपद बुलन्दशहर

# फैक्ट्री में नकली घी बनाने की सूचना पर छापेमार कार्यवाही की गयी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ विभाग द्वारा दिये गये निदेर्शों एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-11, के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा आज दिनांक 7 मार्च को ग्राम सराय छबीला स्थित पार्श्वनाथ इण्डस्ट्री फैक्ट्री में नकली घी बनाने की सूचना पर छापेमार कार्यवाही की गयी। यहाँ छापेमारी के दौरान फैक्ट्री मालिक साक्षी गोयल पुत्री राजकुमार गोयल, निवासी-दिल्ली ने स्वयं को दिल्ली में मौजूद बताया तथा मौके पर आने में असमर्थता व्यक्त की। मौके पर सुन्दर सिंह, निवासी-सराय सराय छबीला, बुलन्दशहर केयर टेकर मौजूद था। पुलिस बल को बुलाकर फैक्ट्री को खुलवाया गया तो यहाँ लाखों की संख्या में देसी घी (पार्श्वनाथ ब्रांड) के खाली रेपर जिन पर फरीदाबाद हरियाणा का मैन्युफैक्चरिंग पता लिखा था। इन्ही रेपर का प्रयोग कर 15 किग्रा0 टिन व 01 किग्रा0 टेट्रापैक में देसी घी की पैकिंग की जा रही थी। फैक्ट्री में 03 स्टील के साइलों टैंको में लगभग 10000 किग्रा० अपमिश्रित घी भरा हुआ था। जिसका बाजार मूल्य लगभग (50 से 60 लाख) है। मौके से 40 बोतलें (500 एम०एल०) एवं 03 प्लास्टिक कैन (4 ली0) कुल 32 ली० देसी घी आर्टिफिशियल फ्लेवर भी बरामद हुआ, जिससे फैक्ट्री में देसी घी तैयार किया जा रहा था। यहाँ से (03 देसी घी, 02 एसेंस) कुल-05 नमूने संग्रहित किये गये। जी०एस०टी० विभाग के सहयोग से यह जॉच की जा रही है कि इस फर्म द्वारा कहाँ-कहाँ घी सप्लाई बिक्री की जा रही थी। एक टीम द्वारा गिरधारी नगर बुलन्दशहर स्थित राजा डेयरी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दूध में मिलावट का संदेह होने कारण दूध का 01 नमूना संग्रहित किया गया, देवदत्त शर्मा पुत्र चन्द्रभान शर्मा, निवासी ग्राम हसनपुर के कलेक्शन सेन्टर से दूध का 01 नमूना संग्रहित किया गया। दूसरी टीम द्वारा तहसील-शिकारपुर में पवन शर्मा की दुकान से गुलाब जामून, रनबीर सिंह की दुकान से बेसन का लडडू एवं पहासू में रहीश की दुकान से बर्फी का नमूना संग्रहित किया गया। उक्त सभी प्रतिष्ठानों से (कुल-10) नमूनें संग्रहित कर जॉच हेतु खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे है। प्रयोगशाला से जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। होली अभियान के तहत सभी टीमों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर जाँच करने एवं कमियाँ पाये जाने पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित कर दिया गया है।

उक्त कार्यवाही के दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी,अनिल कुमार सिंह तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी,पंकज वर्मा,कमलेश कुमार,अमित कुमार गौतम,सनजीत कुमार,महेश कुमार,मुनेन्द्र सिंह राना,राम मिलन राना,अनिल कुमार कौशल, सुनील कुमार सिंह, व बिहारी लाल शुक्ला, सेनेट्री सुपरवाईजर सम्मिलित थे।











# मारवाह स्टूडियो के प्रांगण में महिला दिवस के अवसर पर दो दिवसीय पेंटिंग प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** मारवाह स्टूडियो के प्रांगण में महिला दिवस के अवसर पर दो दिवसीय पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर मारवाह स्टूडियोज के चांसलर संदीप मारवाह ने कहा कि जिस इंसान को कला से मोहब्बत नहीं उसका जीवन अधूरा है क्योंकि यह एक ऐसा प्रेम है जो आपको प्रकृति से, ईश्वर से और अपने आप से प्रेम करना सिखाता है जो अपने आप से प्रेम करता है वह पूरी प्रकृति से प्रेम कर सकता है ऐसा यह मेरा मानना है जहां तक महिलाओं की बात है उनके जितने भी रूप देखो वह हर रूप अलग छवि लेकर आती है क्योंकि उनके बिना घर भी अधूरा है और अब ऑफिस भी अधूरा है ये सृष्टि भी अधूरी है।




विमला आर्ट्स की संस्थापक कंचन मेहरा ने कहा की आज की महिला देवी बनाकर पूजा करवाना नहीं चाहती बल्कि चाहती है की उसे सामान अधिकार मिले उसे भी इंसान समझे व उसको इज्जत मिले, कंचन मेहरा ने इस बात पर जोर दिया कि यह प्रदर्शनी न केवल समकालीन कला पर प्रकाश डालती है बल्कि समकालीन और लोक कला दोनों क्षेत्रों में उभरते और योग्य कलाकारों के लिए एक मंच स्थापित करना चाहती है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर प्रदान करना और उन्हें छात्रवृत्ति प्राप्त कराना है जो उन्हें अपने कलात्मक करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगी साथ ही उन्होंने कहा की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस वो उत्सव है जो महिला बड़े गौरव से निभाती है इसलिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विमला आर्ट फोरम ने दो असाधारण कला प्रदर्शनियों को प्रस्तुत किया जिसमे पिंक आयरन 3 और माटी 2. पिंक आयरन 3, जिसमें 12+ वरिष्ठ कलाकार और उनकी कलाकृतियाँ, शामिल होगी। हमारे ओपन कॉल से चुने गए 45 कलाकार और 10 सदस्य कलाकार शामिल हैं

संस्थान के निदेशक दिलीप शर्मा ने बताया कि आज की महिला निसंदेह हर क्षेत्र में आगे बाद रही है और कला के क्षेत्र में तो कमाल ही कर रही है विमला आर्ट्स संस्थान युवा कलाकारों को कला की दुनिया में उनके विकास को बढ़ावा देने के लिए एक अमूल्य स्थान प्रदान करता है आमंत्रित कलाकारों में अनवर, अशोक भौमिक, यूसुफ, हीरेन ठाकुर, श्याम बिहारी अग्रवाल (पद्मश्री), अजीत दुबे, शोविन भट्टाचार्य, बिपिन कुमार, मयूर गुप्ता, कालीचरण, कमलकांत, राजेश श्रीवास्तव, मनहर कपाड़िया, दिलीप शर्मा, सुरेश के. नायर, विश्वनाथ साबले, स्वाति, सतीश शर्मा, सतीश काले, अनूप चंद, भगत सिंह, आनंद डबली और जावेद जैसे प्रसिद्ध समकालीन कलाकार शामिल थे। देश के प्रसिद्ध मूर्तिकार रमेश बिष्ट के साथ अरविंद सिंह, भुवनेश्वर भास्कर, पंकज तिवारी, पंकज शर्मा और विवेक दास की कलाकृतियां भी प्रदर्शित की गईं। इस समारोह में प्रख्यात कलाकार, आलोचक, पत्रकार और कला प्रेमी प्रदर्शनियों में प्रदर्शित कलात्मक यात्रा पर विचार-विमर्श करने के लिए एकत्रित हुए। इस कार्यक्रम में पारंपरिक लोक शैलियों, आधुनिक प्रयोगात्मक तकनीकों और विचारोत्तेजक विषयों की कलात्मक विविधता को प्रदर्शित किया जाएगा जो भारत की सांस्कृतिक विरासत को समकालीन अभिव्यक्तियों से जोड़ते हैं। यह विस्तारित प्रदर्शन छात्रों और कला प्रेमियों को उत्कृष्ट कृतियों से जुड़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा, जिससे गहन कलात्मक संवाद और प्रशंसा को बढ़ावा मिलेगा। यह उभरते और स्थापित कलाकारों को व्यापक पहचान दिलाने और भारतीय कला क्षेत्र में भविष्य के सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए मंच को और मजबूत करेगा।

# कुछ ही देर में लाखों लीटर पानी बर्बाद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान)।** शहर के सेक्टरों में आए दिन पानी की पाइप लाइन फटने की समस्या सामने आ रही है। इस कारण कुछ ही देर में लाखों लीटर पानी बर्बाद हो जाता है। लोगों के द्वारा की जाने वाली शिकायत के घंटों बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करती है। इससे जहां एक तरफ कीमती पानी की बर्बादी होती है वहीं दूसरी तरफ लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंचता है। इस कारण आए दिन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।शहर के सेक्टरों में जगह-जगह



पानी की पाइन लाइन बिछाई गई है। लोगों का कहना है कि पाइप लाइन की गुणवत्ता इतनी खराब है कि आए दिन पाइप फट जाता है। पाइप में थोड़ा सा प्रेशर बढ़ने पर समस्या हो जाती है। शुक्रवार को सेक्टर ईटा एक में पानी की पाइप लाइन फट गई। जब तक लोगों ने देखा हजारों लीटर पानी बर्बाद हो गया था। शिकायत के काफी देर बाद प्राधिकरण की टीम ने काम शुरू किया।

# नौकरी का झांसा देकर युवती के साथ रेप,आरोपी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा (अंशु चौहान)।** फेज तीन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक युवक ने नौकरी का झांसा देकर युवती के साथ रेप करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। मिली जानकारी के अनुसार कानपुर के रहने वाले आरोपी ने नोएडा में घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा है। आरोपी की पहचान आयुष पांडेय के रूप में हुई है। पर्थला ब्रिज के पास सर्विस रोड से गिरफ्तारी की गई है। आरोपी आयुष ने पीड़िता को झांसा दिया था कि वह अच्छी कंपनी में उसको नौकरी लगवा देगा। आरोपी के झांसे में आकर युवती उसके कमरे पर चली गई। वहां पहुंचने के बाद आरोपी ने कमरा अंदर से बंद कर लिया और फिर रेप की घटना को अंजाम दिया।आरोपी मूल रूप से कानपुर देहात के सिकंदरा थाना क्षेत्र के गांव खोजापुर का रहने वाला है। वर्तमान में वह फेज तीन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गढ़ी चैखंडी के गली नंबर पांच में रह रहा था। यही पर उसने रेप की घटना की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके आवशयक कानूनी कार्यवाही में जुटी हैं।



# आईटीएस फिजियोथेरेपी कालेज में वार्षिक खेल और सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में वार्षिक इंटर बैच स्पोर्ट्स मीट-जोश का आयोजन एवं सांस्कृतिक समारोह- ध्वनि का आयोजन किया गया। अर्पित चड्ढा जी, वाइस चेयरमैन आईटीएस-दी एजूकेशन ग्रुप ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ0 एम थंगराज, प्रधानाचार्य आईटीएस फिजियोथेरेपी कालेज के साथ किया।

स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं में इनडोर और आउटडोर खेलों के कई व्यक्तिगत और टीम खेल कार्यक्रम आयोजित किये गए। इन्डोर खेलों में शंतरज, केरम, टेबल टैनिस और बैडमिंटन शमिल थे। लड़कियों के लिए थ्रोबाल और खो-खो, लड़कों के लिए वॉलीबाल, फुटबाल व क्रिकेट आउटडोर खेलों के रूप में कराये गये थे।

खो-खो की विजेता बीपीटी पचंम सेमेस्टर की छात्राए रही। जबकि थ्रोबाल में छठवां सेमेस्टर की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करके प्रथम स्थान हासिल किया। वॉलीबॉल में प्रथम सेमेस्टर अव्वल रहें एवं क्रिकेट में छठवां सेमेस्टर की टीम ने बाजी मारी मैन ऑफ द मैच का अवार्ड अदनान एवं बेस्ट एथलीट आर्यन को दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और आईटीएस फिजियोथेरेपी के प्रधानाचार्य डॉ0 एम थंगराज के स्वागत संबोधन के साथ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें सोलो डांस, ग्रुप डांस, सोलो सिंगिंग ग्रुप सिंगिंग, स्किट और शॉर्ट फिल्म शामिल थें। सभी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के विजेता सोलो डांस में स्नेहा एवं मलिका, ग्रुप डांस प्रथम सेमेस्टर, सोलो सिंगिंग तेजल, ग्रुप सिंगिंग एवं स्किट में छठवां सेमेस्टर एवं शार्ट फिल्म में भी छठवां सेमेस्टर अव्वल रहे।





सभी छात्रों ने इतना अच्छा अवसर देने के लिए अर्पित चड्ढा का धन्यवाद किया। अर्पित चड्ढा ने हमेशा पाठ्येत्तर गतिविधयों के संगठन का समर्थन किया है और छात्रों को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए प्रोत्साहित किया है।

## तेज रफ़्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर, तीन की मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान)।** ककोड बुलंदशहर रोड पर एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो जाने का मामला सामने आया है। एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी हैं। हादसा शुक्रवार सुबह लगभग 4 बजे के आस-पास का बताया जा रहा हैं। मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा ककोड में स्थित पप्पू प्रधान की दूध की डेरी के सामने हुआ हैं। बाइक पर सवार तीनों युवक शादी समारोह मैं हलवाई का काम करके अपने गांव लौट रहे थे। तभी अचानक एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मौके पर ही तीनों युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तीनो युवकों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने किया किसानों की सूची का प्रकाशन, अधिकारियों का दावा 2 से 3 माह में आवंटित हो जाएगा भूखंड

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के द्वारा किसानों की जमीन का अधिग्रहण कई साल पूर्व किया जा चुका है। सालों से किसान 6 प्रतिशत जमीन का इंतजार कर रहे हैं। किसानों को जमीन देने की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है।

प्राधिकरण ने किसानों का नाम, गांव, किस वर्ष में उनसे कितनी जमीन ली गई थी आदि जानकारी के साथ सूची का प्रकाशन कर दिया है। साथ ही लोगों से आपत्ति भी मांगी गई है। बिसरख जलालपुर, छपरौला, नामौली, हजरतपुर, चिपियाना खुर्द उर्फ तिगरी, चूहड़पुर खादर, हैबतपुर, तिलपता करनवास, तुस्याना, हबीबपुर, मथुरापुर, मायचा, सिरसा, आमका, बिरौंडी चक्रसैनपुर, रिठौरी, रसूलपुर राय, रामपुर फतेहपुर, जैतपुर वैशपुर व गुलिस्तानपुर आदि गांवों के 787 किसानों को 6 प्रतिशत जमीन का आवंटन दो से तीन माह में होने की उम्मीद है।जिले में विकास के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया था। नियम के तहत जिन किसानों की जमीन का अधिग्रहण होता है उन्हें 6 प्रतिशत का विकसित प्लाट भी मिलता है। बड़ी संख्या में ऐसे किसान हैं जो कई साल से 6 प्रतिशत प्लाट पाने के लिए प्राधिकरण का चक्कर लगा रहे थे। किसानों की मांग के समर्थन में किसान संगठनों ने कई बार आंदोलन किया था। कुछ माह पूर्व भी संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में बड़ा आंदोलन भी हुआ था। जिसके बाद हाई पावर कमेटी बनी थी। अधिकारियों का कहना है कि किसानों के आबादी का भूखंड लगाने के लिए जगह चिन्हित कर ली गई है। भूखंडों का आवंटन ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। तीन माह में सारी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

# किसान एकता महासंघ की बैठक मुजखेडा गाँव में संपन्न हुई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दनकौर।** शुक्रवार को किसान एकता महासंघ की बैठक दनकौर के मुजखैडा गाँव में मास्टर इंद्रपाल के आवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ रमेश कसाना के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राजवीर ठेकेदार व संचालन जिला अध्यक्ष अरविन्द सैकेटरी ने किया मुंजखेड़ा गांव पहुंचने पर ग्राम वासियों ने संगठन के पदाधिकारी का फूल मालाओं व अंग वस्त्र देकर जोरदार स्वागत किया इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश चौधरी ने बताया कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली औधोगिक कंपनियों मे स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा ।कम्पनी व फैक्ट्री में लोकल कहकर रोजगार नहीं दिया जाता बहुत जल्द ही रोजगार की माँग को लेकर यमुना प्राधिकरण के समक्ष अधिकारियों से वार्ता कि जाएगी ।इस मौके पर संगठन का विस्तार करते हुए जिला,तहसील,ग्राम की इकाइयों मे दर्जनो लोगों को शामिल किया गया । मुजखेडा गांव मे प्रथम बार डाक काबड लेकर आये कांवड़ियों का किसान एकता महासंघ के पदाधिकारीयों द्वारा स्वागत सम्मान भी किया गया ।



इस मौके पर ओंमकार नागर पप्पू प्रधान,रवि नागर, सतपाल पहलवान, डॉ जाफर खान,वीरपाल नागर, सुरेंद्र नागर, गजराज कसाना, हरेंद्र कसाना, अमित नागर, कुलदीप राजपूत, साजिद प्रधान, ओमेंद्र सिंह, नीरज कसाना, मांगे प्रधान, पंकज नागर, रजनेश शर्मा, विकास कसाना, सरजीत कसाना,सावित्री देवी,मंजू देवी,महेंद्री देवी, सूरज कसाना संतोष कसाना सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम स्थल के आस-पास सुरक्षा व्यवस्था हुई पुख्ता

# मुख्यमंत्री योगी नोएडा,ग्रेटर नोएडा व दादरी में आयोजित कार्यक्रम में लेंगे भाग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को जिले में आ रहे हैं। लगातर तीन स्थानों नोएडा, ग्रेटर नोएडा व दादरी में उनका कार्यक्रम होगा। इस दौरान लगभग 6 घंटे तक वह जिले में ही रहेंगे।



नोएडा में कंपनी का उदघाटन व शिलान्यास करेंग, ग्रेटर नोएडा के शारदा अस्पताल में बने नए मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का भी उदघाटन करें और अंत में दादरी के एनटीपीसी में महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा का अनावरण करेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। तीनों स्थानों पर कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।जिले का सर्किल रेट पिछले लंबे समय से नहीं बढ़ा है। सर्किल रेट बढ़ाए जाने की मांग पिछले लंबे समय से की जा रही है। विधायक धीरेंद्र सिंह ने भी कुछ दिनों पूर्व विधानसभा में इस मामले को उठाया था। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि होली से कुछ दिनों पूर्व जिले में आ रहे मुख्यमंत्री किसानों के हित को देखते हुए बड़ी घोषणा कर सकते हैं। साथ ही जिले के विकास के लिए कुछ अन्य घोषणाएं भी हो सकती हैं।

# उपमुख्यमंत्री ने निवोक सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल का किया शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** सीकरी कलां के निकट शुरू हुए निवोक सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा फीता काटकर तथा शिलापट्ट का किया अनावरण। इससे पूर्व हॉस्पिटल के चेयरमैन एडवोकेट अमित शर्मा द्वारा पूर्ण विधि विधान और मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन भी किया गया।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने संबोधन में केंद्र और राज्य सरकार की सराहना करते हुए कहा कि लोगों को बेहतर ईलाज उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। पीएम व सीएम की अगुवाई में मेडिकल सेक्टर में अभूतपूर्व काम हुआ है। 2017 से पहले मात्र 17 मेडिकल कॉलेज प्रदेश में थे लेकिन आज 35 सरकारी और 20 निजी अस्पताल मिलाकर कुल 80 मेडिकल कॉलेज हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सड़कों पर पहले गड्ढे थे, लेकिन आज पीएम मोदी व मुख्यमंत्री योगी की अगुवाई में प्रदेश में सड़कों व हाईवे का जाल बिछ रहा है। विशिष्ट अतिथि व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल व क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच ने निवोक सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन एड अमित शर्मा सहित समस्त प्रबंधन एवं स्टाफ की इस नई शुरूआत के लिए बधाई दी एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने हर संभव सहयोग किये जाने का आश्वासन भी दिया। अस्पताल के चेयरमैन एड अमित शर्मा ने कहा कि इस अस्पताल में मरीज के लिए अति आधुनिकतम मशीनें स्थापित की गई हैं। और यहां पर मरीजों को महानगरों वाले बड़े अस्पतालों जेसे स्तर की सभी सेवाएं उपलब्ध होगी। साथ ही चिकित्सा विशेषज्ञ अस्पताल में हर समय उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली, भाजपा जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, भाजपा शहर अध्यक्ष आकाश शर्मा, रालोद जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी, डॉ पवन सिंघल, नवीन जायसवाल, रोहित अग्रवाल, नीरज बत्रा, अनिल सैन, दिनेश सिंघल, आंशिक शर्मा, डिम्पल , अविनाश त्यागी व हॉस्पिटल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



**सम्मान**

## नारी केवल समर्थ नहीं, वह शक्ति का प्रतीक है : श्रुति गर्ग

# नारी शक्ति, नेतृत्व और समानता की नई उड़ान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** इस साल 26 जनवरी, 2025 की गणतंत्र दिवस परेड में महिलाओं ने पहली बार नेतृत्व किया, और यह केवल एक परेड नहीं थी, बल्कि यह एक बदलते भारत की तस्वीर थी। यह संदेश था कि महिलाएं न केवल बराबरी की हकदार हैं, बल्कि वे नेतृत्व करने में भी सक्षम हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उक्त विचार प्रमुख समाजसेविका सीएस श्रुति गर्ग ने दैनिक बुलंद संदेश समाचार पत्र के साथ हुई वार्ता के दौरान व्यक्त किये। श्रुति गर्ग ने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। चाहे सेना हो, पुलिस हो, स्पेस साइंस हो या कॉर्पोरेट सेक्टर हो। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। गणतंत्र दिवस की परेड में महिलाओं की अगुवाई ने यह साबित कर दिया कि वे हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं। श्रुति गर्ग ने आगे कहा कि लेफ्टिनेंट संगीता श्रीवास्तव ने पहली बार ऑल-वुमन आर्मी कंटिंजेंट को लीड किया। फ्लाइट लेफ्टिनेंट भावना कंठ जैसी महिलाएं भारतीय वायुसेना में युद्धक पायलट के रूप में अपनी जगह बना रही हैं। और नारी शक्ति टुकड़ी ने परेड में गर्व के साथ मार्च किया, यह दशार्ते हुए कि महिलाएं केवल सपने देखने वाली नहीं, बल्कि उन्हें साकार करने वाली भी हैं। क्या महिलाओं में बदलाव की यह लहर समाज में भी दिख रही है के सवाल पर श्रुति गर्ग ने जवाब दिया कि हालांकि ये उपलब्धियां गर्व की बात हैं, लेकिन हमारे समाज में हर महिला को यह अवसर मिल रहा है ? यह आज भी एक यक्ष प्रश्न है। क्योंकि घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर भेदभाव, और असमान वेतन जैसी चुनौतियां आज भी बनी हुई हैं। श्रुति गर्ग ने सशक्त नारी, सशक्त राष्ट्र विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 26 जनवरी की परेड ने हमें दिखा दिया कि जब महिलाओं को मौका दिया जाता है, तो वे इतिहास रच सकती हैं। अब बारी समाज की है कि वह हर महिला को वह उड़ान दे, जिसकी वह हकदार है। श्रुति गर्ग ने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आइए संकल्प लें कि हर नारी का सम्मान करें, उसकी शक्ति को पहचानें, और उसे आगे बढ़ने के अवसर दें। क्योंकि जब एक महिला आगे बढ़ती है, तो पूरा समाज व देश आगे बढ़ता है।






# सभी भेदभाव मिटाकर हर्षोल्लास से होली मनायें: एड.संजीव कौशिक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान) ।** होली भारतवर्ष का प्राचीन हिंदू धार्मिक त्योहार है। यह त्योहार वसंत ऋतु में मनाया जाता है। जिसे रंगों का त्योहार या प्यार बांटने का त्योहार भी कहा जाता है। और संपूर्ण भारत वर्ष में होली का यह पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ बनाया जाता है। यह विचार प्रसिद्ध सामाजिक संस्था संजीवनी सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उप्र उद्योग व्यापार मंडल की गोविंदपुरी इकाई के महामंत्री एडवोकेट संजीव कौशिक ने दैनिक बुलंद संदेश समाचार पत्र के साथ साझा किये। एडवोकेट संजीव कौशिक ने कहा कि होली सिर्फ.एक त्यौहार नहीं है। बल्कि यह प्यार, खुशी और बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न है। चाहे भारत हो या विदेश, होली लोगों को एक साथ लाती है। रंगों की बौछार से मतभेदों को दूर करती है। यह हम सभी को याद दिलाती है कि खुशी की कोई सीमा नहीं होती। एडवोकेट संजीव कौशिक ने दैनिक बुलंद संदेश समाचार पत्र के माध्यम से अपनी संस्था के सभी पदाधिकारियो, व्यापारियों एवं क्षेत्र वासियों से अपील की कि सभी एकजुट होकर इस त्यौहार के जश्न को सभी भेदभावों को भुलाकर पूरे जोश के साथ मनाएं।


एड संजीव कौशिक

# नोडल अधिकारी अमृत अभिजात प्रमुख सचिव के पर्यवेक्षण व जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में ई-लॉटरी के माध्यम से शराब की दुकानों का हुआ सफल आंवटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जनपद में विभिन्न श्रेणियों में शराब की 463 दुकानों के लिए 12037 सफल आवेदन प्राप्त हुए, दुकानों के आवंटन के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, नेहरू नगर में जिले के नोडल अधिकारी अमृत अभिजात प्रमुख सचिव के पर्यवेक्षण में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता व नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, डीसीपी सिटी, जिला आबकारी अधिकारी सचिव सहित नामित सदस्य सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन मेरठ, ने जनपद की 214 दुकानें देशी शराब, 192 कम्पोजिट शॉप, 43 मॉडल शॉप, 14 भांग की दुकानों का व्यवस्थापन ई लाटरी के माध्यम से सकुशल संपन्न कराया गया। आबकारी विभाग ने ई-लाटरी के माध्यम से शराब की दुकानों (लाइसेंस) का आवंटन किया। चयनित दुकानों को ई-लाटरी के माध्यम से आवंटित किया गया। सभी सफल आवंटियों का नाम माइक से बोल कर पढा गया। आवंटी सूची को वेबसाइट https://ghaziabad.nic.in पर भी अपलोड कर दिया गया है साथ ही कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है। कार्यक्रम में जिला प्रशासन, आबकारी विभाग, पुलिस विभाग के निरीक्षकगण मौजूद रहे।

# आज 03 बजे को होगी बार एसोसिएशन, गाजियाबाद कार्यालय पर पश्चिम प्रदेश के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद।** पश्चिम प्रदेश निर्माण संयुक्त मोर्चा ने आम जनता के मतों को "बैलेट पेपर से जनमत" करवाया जिसकी समीक्षा के लिए 08 मार्च को बार एसोसिएशन कार्यालय में होगी प्रेस कॉन्फ्रेंस।

लगातार प्रदेश में बैलेट पेपर से जनमत संग्रह जारी है जिसकी सभी ने सहारना की है। हर धर्म और जाति के लोग अब नया प्रदेश चाहते है। आम जनता ने अपनी राय में बैलेट पेपर को सहरानीय कदम बताया और साथ ही नया प्रदेश बनने की मांग को उचित बताया। केंद्रीय अध्यक्ष सत्यपाल सिंह यादव और केंद्रीय महासचिव कर्नल सुधीर चौधरी ने अपनी टीम के साथ जनमत संग्रह का बड़े ही शांतिपूर्वक तरीके से संचालन करवाया।

# महाकुंभ 2025 के शांतिपूर्ण समापन के उपलक्ष्य में विंध्याचल डाक बंगले पर भोज कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मीरजापुर (शशि भूषण दूबे /मोहम्मद अमीन शेख)।** महाकुंभ के सफल और शांतिपूर्ण समापन के बाद विंध्याचल स्थित डाक बंगले में एक भव्य भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के नेतृत्व में जिले के तमाम वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल, एअपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह सहित जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी इस आयोजन में शामिल हुए। कार्यक्रम में सफाई कर्मियों, नगर पालिका कर्मचारियों और पत्रकारों के साथ सामूहिक भोजन किया गया। सभी

**मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी के नेतृत्व में किया गया भव्य आयोजन**

को महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन की बधाई दी गई और उनके योगदान की सराहना की गई।

**सफल महाकुंभ के लिए सफाई कर्मियों को दिया गया सम्मान**

महाकुंभ जैसे भव्य आयोजन को सफल बनाने में सफाई कर्मियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उनके बिना कुंभ मेले की स्वच्छता और व्यवस्था संभव नहीं होती।

भोज कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने सफाई कर्मियों के समर्पण की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, महाकुंभ 2025 को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने में सफाई कर्मियों ने दिन-रात मेहनत की है। उनकी कड़ी मेहनत और ईमानदारी की बदौलत ही श्रद्धालुओं को एक स्वच्छ और सुंदर माहौल मिल पाया।

**नगर पालिका कर्मचारियों का भी हुआ सम्मान**

नगर पालिका कर्मचारियों ने भी महाकुंभ के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, यातायात प्रबंधन और अन्य आवश्यक सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अधिकारियों ने उनकी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में नगर पालिका का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। नगर पालिका कर्मियों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया और उनके कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

**पत्रकारों की भूमिका को सराहा गया**

पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं और महाकुंभ 2025 के दौरान उन्होंने इस ऐतिहासिक आयोजन को दुनिया तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। प्रशासन ने पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी निष्पक्ष रिपोर्टिंग और सतर्कता के कारण कुंभ मेले की हर गतिविधि सुचारू रूप से संचालित हो





सकी। जिलाधिकारी ने कहा कि पत्रकारों की मेहनत से ही महाकुंभ की भव्यता और सफलता को देश-दुनिया तक पहुंचाया गया।

**सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच सौहार्दपूर्ण भोज**

इस अवसर पर जिले के सभी अधिकारी, सफाई कर्मी, नगर पालिका कर्मचारी और पत्रकारों ने एक साथ भोजन किया। भोज के दौरान महाकुंभ की सफलता को लेकर चर्चा की गई और भविष्य में इसी तरह के बड़े आयोजनों को और भी बेहतर ढंग से करने की योजनाओं पर विचार किया गया। भोज का माहौल सौहार्दपूर्ण और खुशनुमा रहा, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने आपसी सहयोग और समन्वय की भावना को मजबूत किया।

**महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन पर बधाई और आभार व्यक्त किया गया**

कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी को सफल महाकुंभ-2025 के लिए बधाई दी और कहा कि यह आयोजन एकजुटता, सहयोग और मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा, ष्सभी की सामूहिक मेहनत के कारण ही महाकुंभ 2025 का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशासन, सफाई कर्मियों, नगर पालिका, पुलिस विभाग और पत्रकारों का यह योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने भी अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुंभ मेले के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन सभी विभागों के तालमेल से इसे सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। उन्होंने पुलिस बल, नगर निगम, मीडिया और सफाई कर्मियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए बधाई दी।

**भविष्य के आयोजनों को लेकर संकल्प**

इस भोज कार्यक्रम के दौरान आगामी आयोजनों की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में होने वाले बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों को और भी बेहतर बनाने के लिए प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा। सभी ने यह संकल्प लिया कि महाकुंभ 2025 की तरह ही भविष्य में भी इसी एकजुटता और मेहनत के साथ कार्य किया जाएगा।

**निष्कर्ष**

महाकुंभ 2025 के शांतिपूर्ण और भव्य समापन के बाद आयोजित यह भोज कार्यक्रम प्रशासन और कर्मचारियों के आपसी सहयोग को दर्शाता है। सफाई कर्मियों, नगर पालिका कर्मचारियों और पत्रकारों को इस कार्यक्रम के माध्यम से सम्मानित किया गया और उनके योगदान को सराहा गया। इस कार्यक्रम से अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच तालमेल और सौहार्द बढ़ा, जिससे भविष्य में भी इसी प्रकार के आयोजनों को सफलतापूर्वक संपन्न करने की प्रेरणा मिली।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का वर्तमान परिवेश "नारी रंग गुलाल है, दीवाली का दीप"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** मंजुला बिष्ट प्रधानाध्यापिका संदेश स्कूल ने कहा कि भारत में महिलाओं की स्थिति में पिछले कुछ दशकों में कई सकारात्मक बदलाव आए हैं, लेकिन अभी भी बहुत से सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक मुद्दे हैं जो उनकी स्वतंत्रता और समानता की दिशा में अड़चनें उत्पन्न करते हैं। महिलाएँ आज विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, लेकिन वे आज भी कई प्रकार की असमानताओं और चुनौतियों का सामना करती हैं। भारत में पहले की तुलना में अब अधिक महिलाएं स्कूल और कॉलेज जाती हैं, और कई क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकारी योजनाओं जैसे 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' ने इस दिशा में सकारात्मक प्रभाव डाला है। हालांकि, ग्रामीण इलाकों में लड़कियों की शिक्षा को लेकर अभी भी कई चुनौतियाँ हैं, जैसे कि परिवारों की आर्थिक स्थिति और परंपरागत सोच। महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे, जैसे मातृ मृत्यु दर, कुपोषण, और शारीरिक शोषण, अभी भी एक बड़ी समस्या हैं। ग्रामीण और



आदिवासी क्षेत्रों में महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुँच है। हालांकि, अब सरकार और कई गैर-सरकारी संगठनों द्वारा महिला स्वास्थ्य के लिए विभिन्न योजनाएँ और अभियान चलाए जा रहे हैं, जैसे स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम। "नारी अस्य समाजस्य कुशलवास्तुकारा अस्ति" - नारी समाज की कुशल वास्तुकार है महिलाओं का रोजगार में हिस्सा बढ़ा है, और वे कई क्षेत्रों में सफलतापूर्वक काम कर रही हैं। आज महिलाएँ राजनीति, विज्ञान, शिक्षा, चिकित्सा, व्यवसाय, और खेल जैसे क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। हालांकि, महिलाएं अब भी आर्थिक रूप से पुरुषों के बराबर नहीं हैं। वे आमतौर पर कम वेतन पाती हैं और उनके लिए उच्च पदों पर पहुँचना कठिन होता है। भारत में अभी भी कई स्थानों पर महिलाओं को सामाजिक असमानता का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में महिलाओं को समाज में निम्न स्थान पर रखा जाता है, और उनके अधिकारों को महत्व नहीं दिया जाता। लिंग भेदभाव, बेटियों को कम महत्व देना, और महिलाओं के प्रति हिंसा जैसे मुद्दे समाज में व्याप्त हैं। हालांकि, महिलाओं के अधिकारों के लिए कई कानून बने हैं, जैसे 'दहेज उत्पीड़न कानून' और 'महिला सुरक्षा अधिनियम', लेकिन इनका प्रभाव हर जगह समान नहीं है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा, जैसे घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, बलात्कार, और तस्करी, भारत में गंभीर समस्याएँ बनी हुई हैं। बड़े शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण की कमी है।

# 16 मार्च को होगा कल्याण सिंह की लोकार्पण, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्थानीय लोगों के साथ चर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बाबूजी कल्याण सिंह प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिकारपुर, डिबाई समेत अन्य विधायकों ने कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने की रूपरेखा तैयार की।

शिकारपुर के छतारी दौराहे पर स्वर्गीय बाबूजी कल्याण सिंह चौक पर प्रतिमा लगाई गई है। आगामी 16 मार्च को प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम को लेकर




तैयारियां चल रही है। शुक्रवार को शिकारपुर विधायक अनिल शर्मा, डिबाई विधायक सीपी सिंह, कासगंज के सदर विधायक देवेंद्र सिंह, एटा के मारहरा विधायक वीरेंद्र सिंह ने छतारी दौराहे पर पहुंच कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। कल्याण सिंह की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम को भव्य बनाने की रूपरेखा तैयार की। विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि यह सभी के लिए गर्व का पल होगा। जब 16 मार्च को बाबूजी कल्याण सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। साथ ही छतारी दौराहा आगे से कल्याण सिंह चौक के नाम से पहचाना जाएगा। इस मौके पर साहब सिंह, अखिल लोधी, सुरमा, विक्रम सिंह, आनंद, अनार सिंह, अनिल सूर्यवंशी, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, दुष्यंत आदि रहे।

# दीनदहाड़े पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा (अंशु चौहान)।** नोएडा के अंतर्गत सेक्टर 126 कोतवाली पुलिस और बदमाशों के बीच शुक्रवार



को दिनदहाड़े मुठभेड़ हो गई। तीन बदमाशों के गोली लगी है। बदमाशों के कब्जे से चोरी की दो बाइक, पांच मोबाइल व अन्य सामान बरामद किया है। घायल बदमाश की पहचान इरशाद, नसीम और सुमित के रूप में हुयी है। बदमाशो के कब्जे से छीने गये 5 मोबाइल फोन, 2 चोरी की मोटरसाइकिल, 3 अवैध तमंचे व कारतूस बरामद हुए है। बदमाशो के द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि वह चोरी की मोटरसाईकिलों पर सवार होकर राह चलते लोगों से मोबाइल फोन आदि लूट कर भाग जाते है। वह मोबाइल स्नैचिंग की कई घटनाएं कारित कर चुके है। बरामद मोटरसाइकिले भी चोरी की है।पकड़े गए बदमाश दिल्ली के शास्त्री पार्क में ठिकाना बनाए हुए थे। वह बाइक पर सवार होकर दिल्ली से नोएडा आते थे और मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देने के बाद वापस दिल्ली चले जाते थे। तीनो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार करके आवश्यक कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी हैं।

# नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी की रेलवे रोड, मेन कस्बा रोड पर मेहरबानी क्यों: लोगों में बनी चर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** नगर पालिका मुरादनगर के अधिशासी अधिकारी डॉक्टर शैलेन्द्र कुमार ने नगरपालिका की टीम एवं भारी पुलिस फोर्स के साथ

**शहर के लोगों का कहना है कि रेलवे रोड, मेन कस्बा रोड, मेन बाजार, सक्कों वाली गली से कब हटेगा अतिक्रमण, ईओ साहब इन रोड पर लगने वाले जाम से लोगों को कब दिला ओगे निजात**

बुधवार दोपहर को रावली रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर दिल्ली मेरठ रोड पर स्थित रावली कट से लेकर नंबर चुंगी तक रावली रोड पर अतिक्रमण का सफाया कर रावली रोड को जाम मुक्त कराया था। रावली रोड को अतिक्रमण मुक्त कराकर अधिशासी अधिकारी ने लोगों की खूब वाह वाही लूटी थी। इस मौके पर एसीपी मसूरी लिपि नागायच मुरादनगर थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह तोमर सहित भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर मौजूद थीं। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कुछ दुकानदारों ने स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटाकर प्रशासन का सहयोग किया था। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी के इस काम की हकीकत में जितनी प्रशंसा की जाए कम है, लेकिन यहां यह सवाल भी पुरजोर तरीके से उठ रहा है कि आखिर अधिशासी अधिकारी नगर के रेलवे रोड, मेन कस्बा रोड, मेन बाजार, सक्कों वाली गली में दुकानदारों द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए अतिक्रमण पर आंखे मूंद कर क्यों बैठे हुए हैं। लोगों में चर्चा है कि अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने रावली रोड पर से अतिक्रमण हटवाकर रावली रोड को जाम मुक्त करा कर लोगों को राहत दिलाई है, वहीं नगर के रेलवे रोड, मेन कस्बा रोड, मेन बाजार, सक्कों वाली गली में भी तो दुकानदारों द्वारा बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किया हुआ है, क्या अधिशासी अधिकारी



इन जगहों का अतिक्रमण नजर नहीं आता। लोगों में चर्चा चरम पर है कि मेन कस्बा रोड, व रेलवे रोड पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण इतना चौड़े चौड़े रोड संकरी गली बन कर रह गए हैं। अतिक्रमण के कारण इन रोड़ों पर दिन भर जाम की स्थित बनी रहती है जो किसी से छुपी नहीं है।आखिर क्या कारण है कि अधिशासी अधिकारी को रेलवे रोड, मेन कस्बा रोड, मेन बाजार के अतिक्रमण क्यों दिखाई नहीं दे रहे। इन रोड पर भी तो लोग जाम से बेहाल, परेशान रहते हैं, कई बार तो अतिक्रमण के कारण लगे जाम में फंसे लोगों को पांच मिनट का रास्ता पार करने में आधा घंटे से अधिक का समय लग जाता है। शहर के लोगों का कहना है कि जहां रावली रोड को जाम की समस्या से मुक्त करा दिया गया है तो फिर शहर के उन रोड पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है, जहां जनता को हर रोज परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि नगरपालिका या पुलिस को इस बारे में कुछ मालूम नहीं है। अतिक्रमण के कारण हो रही समस्या की शिकायत शासन, प्रशासन, नगरपालिका, को मिलती हो रहती है। लेकिन क्या कारण है कि नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र कुमार इन रोड पर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं।

## अलर्ट — हाउस टैक्स वसूली की रिपोर्ट देख विभाग पर भड़के प्रमुख सचिव नगर विकास, सिटी तथा वसुंधरा के जोनल प्रभारियों को किया अलर्ट

# गाजियाबाद पहुंचे प्रमुख सचिव नगर विकास, ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड साहित निगम के कई प्रोजेक्ट की प्रगति पर नगर आयुक्त ने दी प्रेजेंटेशन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** बनाने के लिए निगम बनाये योजना -अमृत अभिजात हरित शवदाह गृह तथा सी एम ग्रिड के कार्यों की प्रगति देखने के लिए प्रमुख सचिव नगर विकास ने क्या स्थलीय निरीक्षण प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात द्वारा गाजियाबाद नगर निगम के चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया जिसमें इंदिरापुरम स्थित टीएसटीपी की प्रगति को भी देखा गया, होली के बाद ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड प्रोजेक्ट का शुभारंभ हो सकता है नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक सहित मौके पर उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों को कार्य की रफ्तार बढ़ाने तथा अंतिम चरण के शेष कार्यों को भी पूरा करने निर्देश दिए गए, प्रमुख सचिव नगर विकास द्वारा मौके पर टीएसटीपी प्लांट का जायजा लिया गया एवं लैब में शोधित हो रहे जल की जांच के लिए भी निरीक्षण किया गया, गुणवत्ता पूर्वक जल शोधन की प्रक्रिया पूर्ण हो टीम को निर्देश दिए गए, इसके अलावा कंट्रोल रूम पहुंचकर टीएसटीपी के प्रक्रिया को भी देखा गया, मौके पर निगम अधिकारियों के साथ-साथ वबैग टीम भी उपस्थित रहील प्रमुख सचिव नगर विकास द्वारा गाजियाबाद की हाउस टैक्स वसूली की रफ्तार को लेकर सभी जोनल प्रभारी सहित टैक्स विभाग की बैठक की गई, सिटी तथा वसुंधरा जोन के जोनल प्रभारी को कार्य की रफ्तार बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए गए साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव द्वारा लक्ष्य पूर्ति के लिए चल रही प्लानिंग के बारे में भी बताया गया मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार भी उपस्थित रहे, नगर आयुक्त द्वारा सभी जोनल



प्रभारी की वसूली के बारे में विस्तृत जानकारी प्रमुख सचिव नगर विकास को दी शहर हित में हाउस टैक्स वसूली को बढ़ाने के निर्देश टीम को दिए गएल नगर आयुक्त द्वारा बताया गया की प्रमुख सचिव महोदय द्वारा ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड के साथ-साथ शहर के अन्य प्रोजेक्ट पर भी चर्चा की गई, जिसके क्रम में सी एम ग्रिड योजना में चल रहे कार्य तथा हिंडन शमशान घाट पर हरित शव दाहगृह हेतु चल रहे कार्यों की प्रगति भी मौके पर जाकर देखी गई, हिंडन शमशान घाट पर चल रही कार्यों की प्रशंसा की गई तथा सी एम ग्रिड की योजना के क्रम में मोहन नगर चौराहे पर कार्य की रफ्तार बढ़ाने के लिए टीम को कड़े निर्देश दिए गए, प्रमुख सचिव नगर विकास द्वारा गाजियाबाद को ग्रीन गाजियाबाद बनाने के लिए प्लानिंग बनाते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु उद्यान विभाग को निर्देशित किया गया तथा बायोडायवर्सिटी पार्क को प्रारंभ करने के लिए सभी कार्यवाही पूर्ण करने के आदेश भी गाजियाबाद नगर निगम उद्यान विभाग को दिए गए शहर को हरा भरा बनाए रखने के लिए विशेष कार्यवाही विभाग करें निर्देशित किया गया मौके पर प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज व अन्य टीम उपस्थित रही, इसके अलावा प्रमुख सचिव नगर विकास को नगर आयुक्त द्वारा गाजियाबाद नगर निगम को हाईटेक बनाने की प्रगति के बारे में भी अवगत कराया गया, जिसमें 311 एप तथा माई नियम पोर्टल के बारे में भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, अधिशासी अभियंता जल कामाख्या प्रसाद आनंद तथा प्रभारी प्रकाश आस कुमार मौके पर उपस्थित रहे।

# ईला बनी सदर एसडीएम, अंकित धौलाना एसडीएम बने

## जनता जनार्दन की समस्याओं का प्राथमिकता से किया जायेगा निस्तारण: ईला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/धौलाना।** शुक्रवार को जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने उपजिलाधिकारियों का कार्य क्षेत्र में बदलाव करते हुए डिप्टी कलेक्टर को सदर एसडीएम व सदर एसडीएम को धौलाना की जिम्मेदारी सौंपी है। आपको बता दें,कि धौलाना उपजिलाधिकारी लवी





त्रिपाठी का शासन द्वारा तबादला मेरठ अपर नगर आयुक्त के पद पर होने से धौलाना एसडीएम का पद रिक्त हो गया था।

शुक्रवार को जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने सदर एसडीएम अंकित वर्मा को धौलाना का एसडीएम व डिप्टी कलेक्टर ईला प्रकाश को सदर एसडीएम की जिम्मेदारी सौंपी है।

सदर एसडीएम का पदभार ग्रहण करते हुए ईला प्रकाश ने कहा कि उनकी कार्यालय में आने वाली जनता जनार्दन की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जायेगा। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति को दिलाया जायेगा।

# व्यापारी होली पर्व पर मिठाई के साथ हर्बल गुलाल भी करेंगे भेंट: ललित अग्रवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** शुक्रवार को चंडी रोड स्थित दी चैम्बर्स आफ कामर्स की बिल्डिंग में संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के कार्यालय में मुख्य विकास अधिकारी,जिला विकास अधिकारी ने शहर के व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें दोनों अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा

- प्रदेश सरकार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने को प्रयासरत:सीडीओ
- सीडीओ ने शहर के व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक
- व्यापारियों ने हर्बल गुलाल सप्लाई करने के दिये आर्डर
- स्वयं सहायता समूह की दीदियां कर रही ऑर्गेनिक हर्बल गुलाल तैयार

तैयार हर्बल गुलाल को मार्केट में उतारने का आहवान किया। जिससे दीदियां स्वावलंबी बन सके।

बैठक के आरंभ में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम व जिला विकास अधिकारी देवेन्द्र प्रताप को फूलों का बूका देकर व्यापारियों ने भव्य स्वागत किया।

सीडीओ हिमांशु गौतम ने व्यापार मंडल के सदस्यों को अवगत करते हुए कहा कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण









आजीविका मिशन के अंतर्गत गरीब महिलाओं को रोजगार देते हुए स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया है । जिसमें उन्हें अनेकों प्रकार की हस्तकलाओं का प्रशिक्षण दिया गया है। जिससे वह अपना रोजगार स्थापित कर सकें। उन्होंने बताया कि आगामी होली के पर्व को देखते हुए स्वयं सहायता समूह की दीदीयों द्वारा ऑर्गेनिक हर्बल गुलाल बनाया गया है जो पालक,गेंदा और चकुंदर आदि से निर्मित है। बैठक में स्वयं सहायता समूह की दीदीयों द्वारा व्यापार मंडल के सदस्यों से ऑर्गेनिक हर्बल गुलाल को क्रय करने एवं स्टॉल लगाने का आग्रह किया गया। जिस पर व्यापारिक संगठनों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की दीदियों को बधाई देते हुए हर्बल गुलाल सप्लाई करने के ऑर्डर भी दिये।

संयुक्त हापुड़ उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष ललित अग्रवाल छावनी वाले ने दीदियों का आश्वासन दिया,कि उनके द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल व्यापारियों द्वारा क्रय किया जायेगा।

उन्होंने उपस्थित व्यापारियों अधिकारियों को आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली पर्व पर शहर के व्यापारियों दीदियों को स्वावलंबी बनाने के मद्देनजर मिठाई के साथ हर्बल गुलाल भी भेंट करेंगे।

बैठक के अंत में मुख्य विकास अधिकारी ने जनपदवासियों को सूचित करते हुए कहा कि ऑर्गेनिक हर्बल गुलाल से ही होली का पर्व मनाये,जो उनके ही क्षेत्र में स्टॉलों पर स्वयं सहायता समूह की दीदीयों द्वारा उचित दरों पर क्रय किया जाएगा। बैठक का संचालन व्यापारी नेता संजय अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर श्री चंडी मंदिर प्रबन्ध समिति अध्यक्ष संजय गुप्ता टायर वाले,प्रभात अग्रवाल,अरविन्द शर्मा,बिजेन्द्र गर्ग लोहे वाले,राजीव गर्ग,मनीष गर्ग,मनीष मक्खन,विजय शर्मा सर्राफ,उदय कंसल,कपिल गुप्ता,शरद गर्ग,संदीप गोयल,संदीप जैन,मनोज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा से कोई बच्चा ना रहे वंचित: वरुण अग्रवाल

## हरित जीवन न्यास द्वारा विद्यालयों के 500 बच्चों में वितरित की पेंसिल किट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** समाज सेवा की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए हरित जीवन न्यास ने शुक्रवार को शहर के प्राथमिक विद्यालयों में पहली से पांचवीं कक्षा तक के 500 छात्रों- छात्राओं को पेंसिल किट वितरित की। संस्था के अध्यक्ष वरुण अग्रवाल ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करना है जिसके लिए न्यास समय-समय पर बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री आदि की व्यवस्था करता रहेगा।

संस्था के संस्थापक डॉ मुकेश सैनी ने महिला सशक्तिकरण के बारे में छात्राओं को बताते हुए कहा कि उन्हें अपने जीवन में अधिकार के साथ-साथ कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए तथा आज ही अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए व अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव



प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम हामिद प्राथमिक विद्यालय,डॉ. अंबेडकर प्राथमिक विद्यालय,भीमनगर प्राथमिक विद्यालय, मंसूरपुर प्राथमिक विद्यालय, पीएम श्री इंदिरा कन्या कॉम्पोजिट विद्यालय, गणेश प्राथमिक विद्यालय, अशोक प्राथमिक विद्यालय, सुभाष प्राथमिक विद्यालय तथा किदवई प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को शैक्षिक सामग्री प्रदान की गई। इससे पहले भी न्यास ने बच्चों को शीतकालीन टोपी और छात्राओं को ज्योमेट्री किट वितरित की थी। भविष्य में भी न्यास द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे ले जाने के लिए न्यास हमेशा प्रयासरत रहेगा।

# निदा खान ने पास की यूजीसी नेट की परीक्षा,बधाई दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष,वरिष्ठ अधिवक्ता इंतजार अली की पुत्री निदा खान ने यूजीसी नेट की परीक्षा प्रथम प्रयास में पास कर ली है। जिसकी जानकारी मिलने पर छात्रा को बधाई देने वालों उनके घर पर तांता लगा हुआ है।



आपको बता दें,कि मेरठ रोड स्थित मोहल्ला गांधी विहार निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता इंतजार अली की पुत्री निदा खान द्वारा प्रथम बार में यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने की जानकारी मिलने पर अधिवक्ताओं,रिश्तेदारों घर पहुंचकर बधाई देते हुए छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। छात्रा निदा खान ने बताया कि उसने मोदीनगर रोड स्थित श्रीमति ब्रहमा देवी बालिका विद्यालय से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षण उत्तीर्ण करने के उपरांत,अलीगढ़ विश्वविद्यालय से एलएलबी की परीक्षा पास कर,चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से एलएलएम कर रही है, इसके अलावा पीएचडी की तैयारी भी कर रही है।

# संकेत 2025: एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने 2 दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** संकेत 2025: एस. डी. जी. आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने २ दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव का उत्साह और जोश के साथ शुभारंभ किया।






संकेत 2025 के उद्घाटन समारोह की शुरूआत एस. डी. जी. आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल और उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसंजीत कुमार, प्रो-वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आई.जी.), रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन, उपनिदेशक एवं सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ. दीपा कंवर भी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में सभी प्रमुख, निदेशकगण, संकाय सदस्य एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कला, संगीत और संस्कृति के इस भव्य उत्सव में दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया, जिनमें शामिल हैं-गलगोटिया यूनिवर्सिटी, शारदा यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी, आईटीएस, आईएमएस, एकेजी, काईट , आरकेजीआईटी, आईएमआर, आईएमआर, शहीद राजगुरु (डीयू), पीजीडीएवी, एमएआईएमएस, मोतीलाल नेहरू (डीयू), एसपीएमसी (डीयू), बीबीडीआईटी, एबीईएस, एडीजीआईपीएस, मैत्रेयी कॉलेज (डीयू), देशबंधु कॉलेज (डीयू), श्याम लाल कॉलेज (डीयू), हाई-टेक कॉलेज, एचएलएम, राजधानी कॉलेज (डीयू), महाराजा अग्रसेन (डीयू)।

प्रतिभागियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा को विभिन्न कार्यक्रमों में प्रस्तुत किया, जिनमें शामिल थे झ कलाकृतिडांस मैनियासा रे गा मा पा (सिंगिंग प्रतियोगिता)नुक्कड़ नाटकरैप बैटल कार्यक्रम का सफल समन्वय सांस्कृतिक समिति एवं अनुशासन समिति के सदस्यों द्वारा उत्साहपूर्वक किया गया। संकेत 2025 का दूसरा दिन (8 मार्च) और भी रोमांचक होने वाला है, जिसमें सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के साथ-साथ एक शानदार फैशन शो और सेलिब्रिटी नाइट का आयोजन किया जाएगा।

# सुविधा: होली पर्व के मद्देनजर उ.प्र.परिवहन निगम ने चलाया विशेष अभियान: एआरएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने रंगों के त्योहार होली पर यात्रियों को बेहतर सुविधा के लिए 8 से आगामी 18 मार्च

- 8 से 18 मार्च तक सभी रोडवेज बसें रहेगी सड़कों पर
- 11 दिनों में 3300 किमी.बस चलाने पर मिलेगा 4400 हजार का इनाम
- चालक परिचालक व कर्मचारियों की छुट्टियां की रद्द

तक विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान के दौरान कमाऊ डिपो की सभी रोडवेज बसें ऑन रोड रहेगी। जिस कारण विभाग के सभी कर्मचारियों की छुट्टी रद्द कर दी गई है। अभियान में शामिल लेने वाले चालक परिचालकों को विभाग की ओर इनाम दिया जायेगा। आपको बता दें कि रंगों का त्यौहार होली के आने में चार दिन का समय शेष है। होली का त्योहार मनाने के लिए सभी लोग इस त्यौहार पहले ही रोडवेज बसों व अन्य वाहनों से अपने घरों को जाते है। जिससे बसों में यात्रियों की काफी भीड़ रहती है।

होली पर यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए परिवहन निगम ने कमर कस ली है। इस त्योहार पर लोगों को अपने गंतव्य तक जाने के लिए किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े,इसके लिए विभाग ने 8 से आगामी 18 मार्च तक विशेष अभियान चलाया है। जिसमें सभी रोडवेज बसें ऑन रोड रहेगी।




होली पर्व के मद्देनजर कमाऊ डिपो में तैयार खड़ी रोडवेज बसें

रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक रणजीत सिंह ने बताया कि होली पर विभाग द्वारा अभियान के दौरान रोडवेज बसों पर तैनात चालक परिचालक द्वारा 11 दिनों में 3300 हजार किलोमीटर बस चलाने पर चालक परिचालक को 4400 रुपये का इनाम दिया जायेगा। रंगों के त्योहार होली पर्व के मद्देनजर डिपो की सभी बसों को सड़कों पर उतार दिया है। जिससे लोगों को होली पर्व पर अपने घर पहुंचने में किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

उन्होंने बताया कि बाबुओं व कार्यशाला में तैनात कर्मचारियों द्वारा 11 दिन डयूटी करने पर उन्हें डयूटी से अलग 1800 रुपये वेतन से अतिरिक्त दिये जायेंगे। डिपो में तैनात सभी चालक परिचालक व कार्यशाला के कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गयी है। केवल विशेष परिस्थिति में चालक परिचालक व कर्मचारियों का अवकाश स्वीकृत किया जायेगा।

## रमजान माह का प्रथम जुम्मा | रमजान के पहले दस दिन रहमत और रहम मांगने के है : मुफ्ती खालिद

# पुलिस अधिकारियों ने ड्रोन कैमरे से की निगरानी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद के शहरी व ग्रामीण अंचल की विभिन्न मस्जिदों में हजारों नमाजियों ने रमजान माह के प्रथम जुम्मे की नमाज अता की। बड़ों के साथ छोटे छोटे बच्चों ने भी रोजा रखकर देश दुनिया में अमन चैन के

- प्रथम जुम्मा पर बड़ों के साथ छोटे बच्चों ने भी रोजा रखा
- नपा ने सफाई कराकर मस्जिदों के निकट कली का छिड़काव कराया

लिए दुआ की। वहीं नगर पालिका द्वारा मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष रूप से सफाई कराकर मस्जिदों के निकट कली का छिड़काव कराया गया।

रमजान माह के प्रथम जुम्मा के मौके पर शहर में स्थित मोती मस्जिद,एजेंटी मस्जिद,सितारा मस्जिद, हीरा मस्जिद, काली मस्जिद, रहमानिया मस्जिद, जामा मस्जिद, सराश बसारत अली मस्जिद सहित जनपद की





सभी मस्जिदों में नमाजियों ने जुम्मे की नमाज अता की। साथ ही छोटे छोटे बच्चों ने भी रोजा रखकर मस्जिदों में नमाज पढ़कर देश में अमन दुनिया में अमन शांति के लिए दुआ की।

रमजान माह के प्रथम जुम्मा पर नगर पालिका परिषद की ओर से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें विशेषकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सफाई कराई। मस्जिदों के निकट कली का छिड़काव भी कराया गया।

रमजान माह के प्रथम जुम्मा पर सराय बसारत अली मस्जिद में रोजेदारों के समक्ष तकरीर करते हुए मुफ्ती खालिद ने कहा कि रमजान का पवित्र माह शुरू हो चुका है,इस माह में नफल का सवाब फर्ज की बराबर कर दिया है। रमजान माह में रोजा इफ्तार कराना,गरीबों को जो खाने कमाने से परेशान है,उनकी देखरेख करना सबसे बड़ा सवाब और पुण्य का काम है।

उन्होंने कहा कि इस माह में अक्लमंद, बालिग पर रोजे फर्ज हो जाते है,जो समझदार हो पूरे माह के रोजे रखना उस पर फर्ज हो जाते है। रमजान माह में ख्याल रखना चाहिए,कि कोई भूखा न रहे, भूखे को खाना खिलाना बहुत बड़ा सवाब है।

वहीं दूसरी ओर जुम्मे की नमाज को लेकर अलर्ट रहा। पुलिस अधिकारियों ने ड्रोन कैमरे के माध्यम से मुस्लिम बाहुल्य व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में कड़ी नजर रखी।

## मीना मंच की मास्टर ट्रेनरों को किया सम्मानित

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : केन्द्र व प्रदेश सरकार महिलाओं को बना रही है,सशक्त,स्वावलंबी: रेखा नागर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में महिला दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति-5 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा उसके अंतर्गत महिला दिवस का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके उपरांत मुख्य अतिथि को फूलों का बूकों देकर बीएसए रीतु तोमर से सम्मान किया। मुख्य अतिथि चेयरमैन रेखा नागर ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार महिलाओं को साक्षर,सशक्त व स्वावलंबी बना रही है।

कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्रों द्वारा मिशन शक्ति पर नाटक मंचन, स्वागत गीत, प्रेरणा की एवं सेल्फ डिफेंस की एक्टिविटी का मंचन किया गया। जिसको देखकर सभी मंत्र मुग्ध हो गए। कार्यक्रम में जनपद के चारों विकास खण्ड द्वारा बालिका शिक्षा,मीना मंच के अंतर्गत स्टॉल प्रदर्शनी की गई। जिसमें चार्ट पोस्टर, हेल्पलाइन नंबर,पपेट इत्यादि का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में मीनाक्षी शर्मा तथा भावना शर्मा द्वारा जनपद में मीना मंच एवं बालिका शिक्षा के सशक्तिकरण के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यक्रमों का वर्णन पीपीटी के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में जनपद की महिला शिक्षकों,डायट की छात्राओं के द्वारा भी प्रतिभागी कर गया।

खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार द्वारा 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने के पीछे के इतिहास पर प्रकाश डाला गया।





कार्यक्रम जिला समन्वयक बालिका शिक्षा पूजा सैनी की देखरेख में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य जितेंद्र कुमार मालिक द्वारा सभी को महिला शक्ति के सम्मान हेतु प्रेरित किया गया। जनपद की मास्टर ट्रेनर मीना मंच मोनिका सिंघल,निधि माहेश्वरी एवं कविता को भी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंजू आजाद एवं डॉक्टर रेणु देवी ने संयुक्त रूप से किया।

अवसर पर उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य जितेंद्र कुमार मालिक,वरिष्ठ प्रवक्ता सचिन कसाना,जिला समन्वयक संजय यादव,मनोज कुमार,प्रदीप चौधरी,एसआरजी भारत शर्मा, सोहनवीर सिंह, एआरपी गुरदयाल, विपिन कुमार, संदीप कुमार, अखिलेश शर्मा, जिला व्यायाम शिक्षक मनप्रीत खैरा, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक सतेन्द्र कुमार, सरिता, आशा उपस्थित रहे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# सेबी की मिलीभगत



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

शेयर धोखाधड़ी के मामले में पूर्व सेबी प्रमुख माधबी बुच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश विशेष अदालत ने दिया है। अदालत ने इसे प्रथम दृष्टि नियामक चूक व मिलीभगत का सबूत माना और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता बताई। याचिका में बुच के अतिरिक्त पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में कंपनी लिस्टिंग में अनियमितताओं का दावा किया गया है।

नियामक प्राधीकरणों, खासकर सेबी की मिलीभगत से कंपनी को स्टॉक एक्सचेंज में धोखाधड़ी से सूचीबद्ध करने को कॉरपोरेट धोखाधड़ी बताया है। सेबी की पहली महिला प्रमुख बुच को अमेरिका स्थित शॉर्ट-सेलर हिंडेनबर्ग द्वारा हितों के टकराव के आरोप लगाए गए थे। बुच दंपति पर फंड संरचनाओं का हिस्सा रही संस्थाओं में निवेश का भी आरोप है, जिसमें अडानी समूह द्वारा भी निवेश किया गया था। बुच का कहना था, यह निवेश उनके नियामक में शामिल होने से पहले किया गया था। हालांकि सेबी ने इस आदेश को चुनौती देने के लिए उचित कदम उठाने की बात की है। साथ ही बुच का समर्थन करते हुए याचिकाकर्ता को तुच्छ व आदतन मुकदमाकर्ता ठहराया। इस दरम्यान स्वयं हिंडनबर्ग अपना कारोबार बंद करने की घोषणा भी कर चुकी है। बुच द्वारा तमाम सराहनीय सकारात्मक कदम उठाये जाने के बावजूद उनके तीन साल के कार्यकाल के दरम्यान कर्मचारियों में जबरदस्त रोष भी नजर आया। खुदरा निवेशकों को बाजार की तरफ आकर्षित करने में सफल रही बुच ने निवेश सलाहकारों के लिए नियमों को आसान बनाने व राइट्स इश्यू को तेजी देने सरीखा काम कर दिखाया। इसके बावजूद उन पर लगे आरोपों की अनदेखी नहीं की जा सकती। विपक्षी दलों के भारी विरोध के बावजूद सरकार ने न सिर्फ पक्षपाती रवैया बनाये रखा बल्कि चिकने घड़े की तरह आरोपों को झाड़ती रही। यूं भी मोदी सरकार का काम करने का रवैया ऐसा है, जो अपने चहेते अधिकारियों के बचाव को लेकर अडियलपन दिखाने में कोई लिहाज नहीं करती। बेशक सरकार को जांच का आासन देते हुए नियामक प्राधीकरणों की गरिमा बनाए रखने के प्रति गंभीर नजर चाहिए। अदालती कार्रवाई का सामना करके बुच को अपना पक्ष रखना चाहिए। सफलताओं के झंडे गाडने के बावजूद सेबी जैसे सम्मानित नियामक पर एक शख्स की वजह से बिला-वजह पडने वाले छींटों से बचाने के प्रति सरकार पहले ही प्रतिबद्धता दर्शा सकती थी।




# आदिवासी महिलाओं के सशक्तिकरण की कछुआ चाल



नरेंद्र तिवारी

समय तेजी से भाग रहा है, गतिशील समय को पकड़ पाना नामुमकिन सा नजर आता है। इस दौर में जो स्क्रीन पर दिखता है, उसके पार हमारी समझ खत्म सी हो जाती है। असल में जीवन की वास्तविक सच्चाई को स्क्रीन पर लाना बड़ा कठिन होता है। हम अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर आदिवासी समाज की उन महिलाओं की बात कर रहे है जो वास्तविक प्रगति की दौड़ में अभी भी पीछे नजर आ रही है। आदिवासी समाज में महिलाओं की वास्तविक दशा जानने के लिए निष्पक्ष आकलन की जरूरत है, तभी हम आदिवासी समाज की महिलाओं की वास्तविक स्थिति को समझ पाएंगे। दरअसल महानगरों की ऊंची अट्टालिकाओं में निवास करती महानगरीय महिलाएं और सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अल्पतर सुविधाओं के मध्य अपना जीवन गुजार रही आदिवासी महिलाओं की जमीनी हकीकत जानने के उपरांत वास्तविक स्थिति को समझा जा सकता है। इन महिलाओं की जमीनी हकीकत देखने के पश्चात संविधान में उल्लेखित समानता के अधिकार के अमल की बहुत कुछ खामियां नजर आती है। ऐसा नहीं है कि आदिवासी समुदाय की इन महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार नहीं हो रहा है, यह सुधार कछुआ चाल की तरह बेहद धीमी गति से हो रहा है। अपनी आंखों देखी बताना चाहूंगा अब से 15झ20 वर्ष पूर्व का दृश्य है, जो उस समय आम हुआ करता था, अब भी मेरी आंखों के सामने घूमता दिखाई देता है, मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य बड़वानी जिले की सेंधवा तहसील में आदिवासी समुदाय की महिलाएं सुदूर जंगल से अपने सिर पर 40झ50 किलो लकड़ी का गट्ठा रखकर 15 से 20 किलोमीटर का रास्ता तयकर गली गली घूमती थी, सौदा पट जाने पर उन लकड़ियों को बेचती थी, इसे बेचकर एकत्रित राशि से अपने परिवार के लिए तेल, मसाला, आटा दाल की व्यवस्था करती थी। समय के बदलाव के साथ अब यह दृश्य बदल गया है, जिसका कारण ईंधन के साधनों में गैस की आमद का होना है। नहीं बदली तो मेहनतकश आदिवासी महिलाओं की दशा जो अब भी संपूर्ण आदिवासी क्षेत्रों में खासकर एमपी, छत्तीसगढ़ में चिंतनीय, सोचनीय और विचारणीय बनी हुई है। आदिवासी बाहुल्य जिलों में पलायन बढ़ा है, आदिवासी समाज मजदूरी करने परिवार संग महाराष्ट्र, गुजरात और देश के अन्य प्रांतों में जाने को अभिशप्त है। परिवार के पुरुषों के साथ गोदी में अपना दूधमुहा बच्चा और जरूरी सामान को लादकर मजदूरी करने जाने वाली आदिवासी महिलाओं की स्थिति में बहुत से सुधारों की जरूरत है। अपना घर छोड़कर काम की तलाश में पुरुष के संग महिलाएं भी शामिल है, यह महिलाएं काम तो पुरुष के बराबर करती है, किंतु इनका मेहनताना पुरुषों की तुलना में कम होता है। इनमें नाबालिग बालिकाएं भी है जिनको होना तो स्कूल में चाहिए किन्तु परिवार के साथ मजदूरी के लिए इधर उधर भटकना जैसे नियति बन गई है। इस दौरान बालिकाओं के दैहिक शोषण के किस्से भी सुनने को आए दिनों मिलते है। जिसमें नाबालिक बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक, शोषण की घटनाएं शामिल है। आदिवासी महिलाओं की यह स्थिति भारत के किसी एक प्रांत की नहीं वरन संपूर्ण भारत में आदिवासी समाज की महिलाओं की स्थिति थोड़े बहुत अंतरों के साथ एक सी नजर आती है। भारत में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जनजाति वर्ग की संख्या 104 मिलियन है। यह भारत की कुल जनसंख्या का 8.6% है। भारत में लगभग 550 जनजातियां है। आदिवासी समाज का अधिकांश हिस्सा वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करता है। इस समाज की कुल आबादी में आधा हिस्सा महिलाओं का है। आजादी के 7 दशक बीतने के पश्चात आदिवासी समाज की महिलाओं की स्थिति में कोई गुणात्मक अंतर आया हो



ऐसा दिखाई नहीं देता है। अब भी सुदूर ग्रामीण अंचल में आदिवासी समुदाय की महिलाओ की स्थिति दयनीय बनी हुई है। आदिवासी समाज में विवाह की प्रक्रिया में पनप रहे लालच और मनमानी के कारण अच्छे रिश्ते नहीं बन पाते। इस समुदाय में दैजा नामक प्रक्रिया ने बुराई का रूप धारण कर लिया है, विवाह से जुड़ी इस बुराई में वर पक्ष, वधु पक्ष को दैजा के रूप में धनराशि देता है। इस दैजा का निर्धारण भी पुरुष वर्ग द्वारा किया जाता है। इस प्रक्रिया ने समाज में बुराई का रूप धारण कर लिया है। यह एक तरह से लड़कियों के सौदे के रूप में सामने आने लगा है। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कनौजे ने इसे सामाजिक बुराई बताते हुए कहां की दैजा समाज में गैरबराबरी को जन्म दे रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार अपने बच्चों का विवाह नहीं करा पा रहे है। लालच में फंसे पुरुष परिजन लकड़ियों की इच्छा के विरुद्ध विवाह कर देते है। यह विवाह लम्बा नहीं चलता इससे उत्पन्न विवाद समाज में हिंसा का कारण बनते है,यह विवाद थानो और न्यायालय तक पहुंच जाते है। बहु विवाह भी आदिवासी समाज में व्याप्त पुरुष प्रधानता का उदाहरण है। एक से अधिक पत्नी रखना समाज में शान समझा जाता है। सम्पन्न पुरुष एक से अधिक पत्नी रखता है। इस कारण महिलाओं को सामाजिक परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। बहु विवाह की यह बुराई महिलाओं के जीवन को नरक बना देती है। पुरुष वर्ग का एक पत्नी के बाद दूसरी पत्नी बनाना पहली पत्नी के महत्व को खत्म कर देता है। यह पुरुष कब तीसरा विवाह कर लेगा कहा नहीं जा सकता है। पुरुष धनबल से एक से अधिक विवाह बनाता है जो महिलाओं को उपभोग की वस्तु समझते है। पुरुष प्रधानता वैसे अमूमन सभी समाजों में किंतु आधुनिकता के दौर में शहरी क्षेत्रों में कुछ समाजों ने महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करना आरंभ किया है। आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता सुमलीबाई जो महिलाओं की दशा सुधारने के लिए सतत संघर्षशील है ने बताया महिलाओं की समाज में कमजोर स्थिति का कारण महिलाओं का निर्णय प्रक्रिया में शामिल नहीं होना है। निर्णय की प्रक्रिया पहले पटेलों के पास थी, अब पंच सरपंचों और ग्राम पंचायत के पास है। अब भी आदिवासी समाज में प्रमुख निर्णय पुरुष समाज ही करता है। सरकार द्वारा महिलाओं को ग्राम पंचायतों में प्राप्त आरक्षण की व्यवस्था का महिलाओं की आड़ में पुरुष समाज ही इस्तेमाल करता है। सुमलीबाई का कहना है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उनका निर्णय प्रक्रिया में भागीदार होना आवश्यक है। महिलाओं को घर के काम के अलावा रोजगार मूलक परीक्षण दिए जाने की आवश्यकता है। महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधारने के अनेकों कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाए जा रहे है। किंतु सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में लघु उद्योगों की स्थापना करना चाहिए जिससे आदिवासी समाज की महिलाओं को अपना घर छोड़कर अन्यत्र प्रांतों में मजदूरी के लिए नहीं जाने पढ़े, गांव में रोजगार होंगे तो पलायन रुकेगा, बालिकाओं की शिक्षा संभव हो सकेगी। शिक्षा का प्रसार बढ़ा है किंतु शहरी क्षेत्रों में, गांव अब भी सरकारी शिक्षा के भरोसे है। उस पर भी गांव में लड़कियों की शिक्षा पर कम ध्यान दिया जा रहा है। बालिकाओं को शिक्षित करने से महिलाओं की दशा में व्यापक बदलाव आने की उम्मीद की जा सकती हैं। इसकी शुरूवात हो गई है। किंतु देखा जा रहा है कि पढ़ लिख कर शहर गया वर्ग शहर में ही बस जा रहा है। अपने गांव संस्कृति और रीतिरिवाज से दूर होता जा रहा है। आदिवासी महिलाओं की स्थिति में व्यापक बदलाव के लिए सामाजिक कुरीतियों से सख्ती से निपटने की आवश्यकता के साथ बालिका शिक्षा को बढ़ाने की आवश्यकता है। शिक्षित महिला निर्णय में भागीदार होगी तो निश्चित ही महिलाओं की दशा में तेजी से सकारात्मक परिवर्तन होंगे। महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा तभी मिल सकेगा जब वह निर्णय प्रक्रिया में भागीदार होगी, यह प्रक्रिया चल रही है किन्तु इसकी कछुआ चाल है। महिलाएं समाज निर्माण की प्रमुख कारक है। महिला सशक्तिकरण समाज की अनिवार्य प्रकिया है।

## आज की नारी

जटिल बंदिशें साहस से तोड़ रही है वो,
वक्त को रफ्तार से पीछे छोड़ रही है वो,
भयंकर तूफानों को आंख दिखा कर,
किस्मत के बंद ताले खोल रही है वो ।

बेखौफ नई चुनौतियां स्वीकार रही है वो,
हर रणक्षेत्र में जज्बा बुलंद कर रहीं है वो,
पंखों में चाहत के सतरंगी रंग सजा कर,
धरती से अंबर तक उड़ान भर रही हैं वो ।

रूढ़िवादिता की जड़ों को उधेड़ रही हैं वो,
तटस्थ हो मेहनत से लक्ष्य जीत रही है वो,
तकनीकी आधुनिक ज्ञान को अपनाकर,
असंभव संकल्प को पूरा कर रही है वो ।

कोमलांगी से बन काबिल हुंकार रही है वो,
विश्वस्तरीय पटल पर ललकार रही है वो,
टूटी कड़ियों को बुद्धिमत्ता से जोड़ कर,
दसों दिशाओं में परचम लहरा रही है वो ।

दुर्गम सीमाएं बेझिझक अब लांघ रही है वो,
अपनी अलग श्रेष्ठ पहचान बना रही है वो,
उबड़-खाबड़ रास्तों पर हिम्मत दिखाकर,
नारीशक्ति के कीर्तिमान झण्डे गाड़ रही है वो ।



मोनिका डागा "आनंद", चेन्नई, तमिलनाडु

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# महिला विधेयक आने के बाद संसद में घटती महिला भागीदारी ?, क्या महिला सशक्तिकरण केवल कागजी वादे तक सीमित, इन्होंने रोशन किया नाम...

जब 2023 में 128वां संविधान संशोधन विधेयक (महिला आरक्षण विधेयक) पारित हुआ, तो इसे भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की ऐतिहासिक पहल माना गया, लेकिन 2024 के आम चुनावों के बाद संसद में महिलाओं की संख्या घट गई, जो इस विधेयक की मंशा के बिल्कुल विपरीत है। यह सवाल खड़ा करता है कि क्या महिला सशक्तिकरण केवल कागजी वादे तक सीमित है?। देश में महिलाओं की जनसंख्या लगभग 50 फीसद है, लेकिन राजनीति में उनकी भागीदारी अभी भी बेहद कम है। 2019 में लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 78 (14.39फीसद) थी, लेकिन 2024 के बाद यह संख्या और घट गई। इस बार 74 महिलाएं ही जीत दर्ज कर सदन पहुंच सकीं। इसमें यूपी में सबसे अधिक सपा की महिला सांसद हैं। महिला विधेयक लाने के बावजूद अगर संसद में महिलाओं की संख्या घट रही है, तो यह गंभीर चिंता का विषय है। महिला सशक्तिकरण सिर्फ कानूनों से नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति और समाज की मानसिकता बदलने से आएगा। हालांकि, आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के उत्थान को कागजी चर्चा होगी।

**छत्तीसगढ़ विधानसभा में सबसे अधिक महिला विधायक**

देश के किसी भी राज्य की विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 20 फीसद से अधिक नहीं है। हालांकि, इसमें छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा 18 फीसद महिला विधायक हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश में सिर्फ. एक महिला विधायक है और मिजोरम में एक भी महिला विधायक नहीं है।

**2029 से महिला आरक्षण विधेयक प्रभावी**

यह विधेयक 2029 के चुनावों से पहले लागू नहीं होगा, क्योंकि इसे जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया से जोड़ा गया है। हालांकि, यह भी बात सही है कि राजनीतिक दल अब भी महिलाओं को पर्याप्त टिकट नहीं दे रहे हैं।



मुहम्मद साजिद

कई दलों में महिलाओं को चुनावी चेहरा तो बनाया जाता है, लेकिन असली सत्ता पुरुषों के हाथ में रहती है। इसलिए आरक्षण को जल्द लागू करने की जरूरत है। सभी पार्टियों के लिए कम से कम 33 फीसद टिकट महिलाओं को देना अनिवार्य किया जाना चाहिए।

**भारत की प्रसिद्ध महिलाएं जिन्होंने बदलाव किया**

इंदिरा गांधी, हम जब महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं, तो भारत की कई महिलाओं ने अपनी मेहनत से मिसाल कायम की है। इसमें सबसे पहले नाम इंदिरा गांधी का है। यह भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री हैं। जिन्होंने देश को वैश्विक पहचान दिलाई।1971 के युद्ध में बांग्लादेश निर्माण में अहम भूमिका निभाई।

**सावित्रीबाई फुले**

भारत की पहली महिला शिक्षिका हैं। जिन्होंने महिलाओं और दलितों की शिक्षा के लिए क्रांति लाई।

**फातिमा शेख**

भारत की पहली मुस्लिम महिला शिक्षिका थीं। उन्होंने सावित्रीबाई फुले और ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर 19वीं शताब्दी में महिला शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने अपने घर को स्कूल के रूप में उपयोग करने की अनुमति दी, जहाँ दलित और मुस्लिम महिलाओं को शिक्षा प्रदान की जाती थी। उनका यह कदम उस समय के सामाजिक मानदंडों के खिलाफ था, लेकिन उन्होंने शिक्षा के माध्यम से समाज सुधार का मार्ग प्रशस्त किया। आज उन्हें भारत में महिला शिक्षा की अग्रदूत माना जाता है। भारत सरकार ने उनकी याद में 2022 में एक डाक टिकट जारी किया।

**कल्पना चावला**

भारत की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री हैं। जिन्होंने अंतरिक्ष में उड़ान भरकर देश का नाम रोशन किया।

**अन्ना राजम मल्होत्रा**

भारत की पहली महिला आईएएस अधिकारी थीं। वह 1951 बैच की आईएएस अधिकारी थीं। उनका जन्म 17 जुलाई, 1927 को केरल के निरनम में हुआ। वे प्रसिद्ध मलयालम लेखक पैलो पॉल की पोती थीं।

**किरण बेदी**

भारत की पहली महिला आईपीएस अधिकारी हैं। जिन्होंने पुलिस सुधारों में अहम योगदान दिया।

**पी.टी. ऊषा**

भारत की महान एथलीट हैं। उन्हें 'उड़न परी' कहा जाता है।

**मैरी कॉम**

छह बार वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियन रह चुकीं मैरी कॉम ने महिला खेलों में भारत का नाम ऊंचा किया।

**जानें क्यों मनाया जाता है अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को दुनिया भर में मनाया जाता है। यह महिलाओं के अधिकारों, समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। यह दिन समाज में महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने के साथ-साथ उनके अधिकारों और लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता फैलाने का भी अवसर है। 19वीं और 20वीं शताब्दी में महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और मतदान




का अधिकार नहीं था। 1908 में न्यूयॉर्क की कपड़ा मिल की महिलाओं ने बेहतर वेतन और काम करने की स्थिति के लिए हड़ताल की। जिसके चलते पहली आधिकारिक मान्यता 1910 में सोशलिस्ट इंटरनेशनल ने इसे महिला दिवस के रूप में मान्यता दी थी। 1977 में संयुक्त राष्ट्र ने इसे आधिकारिक रूप से अपनाया और इसे महिलाओं के अधिकारों के लिए एक वैश्विक आंदोलन बना दिया।

## शनिवार का राशिफल

**मेष** — बच्चों की फीस, खर्चे चलाना, उधार चुकाना जैसी चीजों में घिरे रहेंगे,मित्रों से सहयोग चाहेंगे, तरल पदार्थ व्यवसाय में मध्यम लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-53

**वृषभ** — किसी समबन्ध में अकेलापन अनुभव करेंगे, बच्चे के साथ कोई घटना घटेगी ध्यान रखें, घर के सदस्यों में तालमेल बिगड़ सकता है। भाग्य प्रतिशत-49

**मिथुन** — मना करने पर भी कोई कार्य या व्यवसाय कर बैठेंगे, धन का अपव्यय सम्भव है, बाहरी व्यक्ति परिवार में कुछ दिन आ सकता है। भाग्य प्रतिशत-49

**कर्क** — स्वयं के प्रति लगाव बढ़ेगा, अपने संबंधों को सबसे छुपा लेंगे, ससुराल पक्ष के लोग आपसे कटे रहेंगे रूखा व्यवहार सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-50

**सिंह** — तनाव बढ़ेगा, फाइनेंस को लेकर असुरक्षित रहेंगे, फिर भी आत्मविश्वास से कार्य करेंगे, कानूनी कार्यवाही हेतु धन व्यय सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-50

**कन्या** — मीडिया क्षेत्र में कार्य मिल सकता है, गुप्त अंगों में परेशानी सम्भव है, वाहन दुर्घटना का अशुभ योग भी है बचे। भाग्य प्रतिशत-52

**तुला** — घर में ही रहने की इच्छा होगी, भोग-विलास करेंगे, घर के बुजुर्ग की सेहत प्रभावित रहेगी, मिठाई, कैंटीन, चूडी, श्रृंगार का व्यवसाय चलेगा। भाग्य प्रतिशत-55

**वृश्चिक** — समान्य आमदनी होगी, परंतु आपकी प्रतिभा से लोग प्रभावित होंगे, अपनी शिक्षा का नौकरी में उपयोग कर पाएंगे। भाग्य प्रतिशत-56

**धनु** — नई जिम्मेदारियों को समझेंगे, पति से सहयोग मिलेगा, जीएसटी, सेल्स, मार्केटिंग, सड़क निर्माण ठेकेदारी, क्षेत्र में प्रगति करेंगे। भाग्य प्रतिशत-68

**मकर** — प्रेम संबंधों की शुरूआत सम्भव है, कला में व्यस्तता बढ़ेगी, स्त्री सम्बन्धित व्यवसाय में प्रगति होगी, मजबूती से बढ़ेंगे। भाग्य प्रतिशत-80

**कुंभ** — व्यसनों से तौबा करनी होगी अन्यथा मुशिकल होगी, जल्दी अमीर बनने की सोच में धन गलत जगह ना लगा दे, संतान अवश्य प्रगति करेगी। भाग्य प्रतिशत-50

**मीन** — शरीर के किसी अंग में समस्या बढ़ेगी, डॉक्टर से परामर्श लें, घर से दूर नौकरी प्राप्त हो सकती है, शिक्षण कार्य में पहचान बनाएंगे। भाग्य प्रतिशत-50



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# नगर निगम आउटसोर्स कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि पर महापौर और नगर आयुक्त का किया सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ (मनोज चौहान)।** नगर निगम अलीगढ़ में सालों से आउटसोर्स कर्मी के रूप




में अपनी सेवाएं दे रहे सामान्य श्रेणी के ड्राइवर मिस्त्री हेल्पर आदि के वेतन में वृद्धि करने पर नगर निगम ड्राइवर संघ के अध्यक्ष शेखर जीवन और महामंत्री उदय सिंह के नेतृत्व में अनेकों ड्राइवर और सामान्य श्रेणी कर्मचारियों ने महापौर के कैंप कार्यालय पहुंचकर महापौर श्री प्रशांत सिंघल के नेतृत्व वाले समस्त पार्षदों व नगर आयुक्त विनोद कुमार का सम्मान करते हुए आभार जताया। इस अवसर पर ड्राइवर संघ के अध्यक्ष शेखर जीवन और महामंत्री उदय सिंह ने संयुक्त रूप से कहा माननीय महापौर और नगर आयुक्त ने कर्मचारियों के हितों के लिए सदैव सकारात्मक सोच रखी है नगर निगम के वर्षों पुराने आउटसोर्स कर्मचारी माननीय महापौर पार्षदों और नगर आयुक्त द्वारा वेतन वृद्धि के लिए जीवन भर उनके कृतज्ञ रहेंगे।इस अवसर पर ड्राइवर इलियास सनी धर्मेंद्र अजय प्रताप पीटर कालीचरण सोनू आदि ड्राइवर व कर्मचारी मौजूद रहे।

# यमुना होगी अब निर्मल, दिल्ली मे बनी राम भक्तो की सरकार: योगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक दिवसीय दौरे पर बरसाना में रंगोत्सव 2025 का शुभारंभ करते हुए कहा कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फूलों व लड्डूमार होली के जरिए रंगोत्सव की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 5 हजार साल से भारत की सनातन संस्कृति को ऊर्जा देने वाली यह ब्रज भूमि श्रद्धा और आस्था की धरा है। इसके कण-कण में श्री राधा और श्री कृष्ण के दर्शन होते हैं। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रंगोत्सव शुभारम्भ के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता के प्रतीक के रूप में मौजूद हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विरासत और विकास की नई परंपरा स्थापित हुई है, जिसका परिणाम हाल ही में संपन्न प्रयागराज महाकुम्भ के भव्य आयोजन के रूप में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि जो जितना सनातन धर्म के



खिलाफ बोलता था अफवाह फैलाता था और तर्कहीन बातें करता था उन्हें सनातन धर्मावलम्बियों ने महाकुम्भ के जरिए करारा जवाब दिया है। महाकुम्भ सनातन धर्म का क्षण बन गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार के बजट में ब्रज भूमि के विकास के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि करोड़ों की योजनाओं के साथ बरसाना को विकास से जोड़ा जा रहा है। पहली बार बरसाना में रोपवे की सुविधा शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ सकुशल सम्पन्न होने के बाद अब फुरसत मिली है। काशी, अयोध्या, प्रयागराज, मां विंध्यवासिनी धाम के विकास के उपरांत अब बारी इसी पुण्य भूमि की है। सीएम ने आश्वस्त किया कि मथुरा, बरसाना, ब्रजभूमि के विकास के लिए कोई सीमा नहीं है। उन्होंने दिल्ली में रामभक्तों की सरकार आने का जिक्र करते हुए यमुना के संरक्षण का वादा दोहराया। सीएम ने कहा कि अब यमुना मइया भी गंगा मां की तरह निर्मल और अविरल होंगी। इससे पूर्व मंच पर पहुँचने पर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र ने मुख्यमंत्री को श्री राधाकृष्ण की प्रतिमा भेट की। प्रभारी मंत्री संदीप सिंह और गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने सम्बोधन करते हुए मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इस अवसर पर संतजन विनोद बाबा, रामसुख दास, माधवदास मौनी बाबा, फलहारी बाबा, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायकगण मेघश्याम सिंह, पूरन प्रकाश, राजेश चौधरी, योगेश चौधरी, ओम प्रकाश सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह, भाजपा नेता निर्भय पांडेय, घनश्याम सिंह लोधी, नगर पंचायत अध्यक्ष बरसाना श्रीमती विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# महिला बाजार का सांसद सतीश गौतम में फीता काटकर किया शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ (मनोज चौहान)।** जिले की महिलाएं एनआरएलएम के माध्यम से जीविकोपार्जन कर खुद का भविष्य संवार रही हैं। यह महिलाएं अचार, मुरब्बे से लेकर पूजा समाग्री, जूट उद्योग समेत विभिन्न प्रकार के हस्त निर्मित उत्पादों को तैयार कर रही हैं। महिलाओं के द्वारा तैयार उत्पाद अब किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं, बल्कि गॉवों से निकलकर शहरों में भी अपनी अमिट छाप छोड़ रह हैं।उक्त उद्गार सांसद सतीश कुमार गौतम द्वारा महिला दिवस के अवसर पर कलैक्ट्रेट परिसर में लगाए गए दो दिवसीय महिला बाजार का फीता काटकर शुभारंभ करने के उपरांत



व्यक्त किए गए। उन्होंने कहा कि 2017 में जब प्रदेश की बागडोर योगी जी के हाथ में आई तो उन्होंने महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की पहल की। उनका मानना है कि जब देश की आधी आबादी आर्थिक रूप से मजबूत होगी तभी देश आगे बढ़ेगा। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत शुरू किए गए विभिन्न प्रकार के कार्य अब अपना असर दिखाने लगे हैं।इस अवसर पर संतोषी माता स्वयं सहायता समूह द्वारा जूट उत्पाद, जय दुर्गे मां स्वयं सहायता समूह द्वारा मसाले एवं आचार राघव ग्रामीण महिला आजीविका मिशन द्वारा पूजा सामग्री किट, आरती स्वयं सहायता समूह द्वारा अचार, मुरब्बा, राधे-राधे महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा हाथरस की हींग, जय माता दी स्वयं सहायता समूह द्वारा विभिन्न प्रकार के हस्त निर्मित उत्पादों समेत रमाबाई स्वयं सहायता समूह, परि महिला बचत समूह, मोनिका स्वयं सहायता समूह, सखी गोविंदा स्वयं सहायता समूह द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पादों की स्टाल लगाई गई।

# सांसद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक संपन्न, पूर्ण योजनाओं का स्थानीय स्तर पर लोकापर्ण कराया जाए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** सांसद सतीश कुमार गौतम की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आहुत की गई। सांसद ने अनूठी पहल करते हुए जिले के 05 ग्राम प्रधानों को भी दिशा की बैठक में प्रतिभाग कराया ताकि ग्राम स्तर की समस्याओं को समुचित ढ़ंग से सदन के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी द्वारा वर्चुअल एवं अन्य माध्यमों से किए गए लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यों को जब धरातल पर मूर्त रूप दिया जाए तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर आमजनमानस की मौजूदगी में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने




कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि आम जनता से सीधे जुडे.होते हैं और उनकी समस्याओं व शिकायतों के निस्तारण के लिए कृत संकल्पित हैं, ऐसे में उनके द्वारा किए गए फोन कॉल एवं प्रेषित पत्रों को गंभीरता से लेते हुए समुचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। सांसद ने मनरेगा की समीक्षा में निर्देशित किया कि जिन श्रमिकों ने 100 दिन कार्य किया है उनको श्रम विभाग में पंजीकृत कराया जाए ताकि उन्हें शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में सुगमता हो सके। डीसी एनआरएलएम ने बताया कि दीनदयाल अन्त्योदय योजना में एनआरएलएम के माध्यम से जिले में 16748 समूह गठित हैं जिनमें से 14174 समूहों को रिवाल्विंग फण्ड दिया जा चुका है। जिले में 7863 महिलाएं ह्ह्हलखपति दीदीह्ह्ह बनी हैं। 02 ड्रोन दीदी टप्पल व धनीपुर में हैं जबकि 29 का और चयन हुआ है जिनका प्रशिक्षण कराया जाना है। कौशल विकास मिशन में प्लेसमेंट पाने वाले एवं प्रशिक्षणार्थियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में निर्मित 25 सड़कों को स्थानीय स्तर लोकार्पित कराने एवं 05 वर्ष तक गुणवत्तापरक अनुरक्षण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। पीएम किसान सम्मान निधि से वंचित लाभार्थियों की सूची ब्लॉकवार सभी बीडीओ एवं ब्लॉक प्रमुख को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।पीएम आवास शहरी 2.0 में बताया गया कि अब तक 13 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनके सत्यापन का कार्य किया जा रहा है।

# श्रीकृष्णार्पण सेवा समिति के पदाधिकारियों ने दिया तैयारियों को अंतिम रूप


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** श्री कृष्णार्पण सेवा समिति द्वारा आठ मार्च को आयोजित होने वाले खाटू श्याम बाबा के द्वितीय फाल्गुन मेले की तैयारियां

**आज निकलेगी खाटू श्याम की निशान यात्रा, शाम को होगा भव्य संकीर्तन विभिन्न ख्याति प्राप्त कलाकार देंगे प्रस्तुति, बाबा को अर्पित किए जाएंगे छप्पन भोग**

पदाधिकारियों ने पूर्ण कर ली हैं। इसमें ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भक्तों को रिझाएंगे। इससे पूर्व शहर में निशान यात्रा निकली जाएगी। शाम को बाबा खाटू श्याम को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे।

आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए समिति के संरक्षक सुनील गोयल ने बताया कि शनिवार को प्रातः नौ बजे बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा का शुभारंभ ठा. द्वारिकाधीश मंदिर से होगा जो स्वामी घाट, चौक बाजार, मंडी रामदास होते हुए डीग गेट पहुंचकर संपन्न होगी। शाम सात बजे से मसानी बाईपास लिंक रोड स्थित होटल ड्यूक पैलेस में बाबा श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा जिसका शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया जाएगा। इसमें ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी भजन प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। संरक्षक पदम गोयल ऑटो पाट्र्स वालों ने बताया कि कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए इत्र-पुष्प वर्षा के अलावा कैला मैया, मेंहदीपुर बालाजी और



सालासर बालाजी का दरबार सजाने के लिए कारीगरों को भी आमंत्रित किया गया है। अंत में ब्रज की प्रसिद्ध फूलों की होली होगी। समापन महाआरती के साथ होगा। पारस अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में आने वाले भक्तों के लिए 10 लकी ड्रा भी रखे गए हैं जिसके तहत उन्हें 20 ग्राम के चांदी के सिक्के भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने सभी श्याम प्रेमियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# एसएन हाल की टीम महिला वर्ग की विजेता बनीं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अमुवि के एसएन हाल की छात्राओं द्वारा इंटर हाल



एथलेटिक मीट में महिला वर्ग में चैम्पियनशिप ट्राफी हासिल करने तथा 22 छात्राओं को पद मिलने पर हाल में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।हाल की प्रोवोस्ट प्रो अफशां बे विजेता टीम का बधाई देते हुए कहा कि हाल की छात्राओं का चैम्पियनशिप ट्राफी जीतना सभी के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए खेलों में भागेदारी भी आवश्यक है। इस प्रतियोगिता में एसएन हाल की मुस्कान, इकरा, खुशबू, वैशाली, लुबना, दीप्ती, सुमन, भावना, दीक्षा, मोनम, पूनम, मोविका, शिवांगी असफिया और दीपिका ने भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### एएमयू दलित छात्रों के उत्पीड़न पर अब तक आए तीन, नोटिस, किसी का जवाब नहीं दो छात्रों ने पढ़ाई छोड़ी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग का पहला नोटिस एक जनवरी को आया था। दूसरा नोटिस डीएम व एसएसपी अलीगढ़ को आया। इसमें आरसीए सेंटर के ही अनुसूचित वर्ग के छात्र द्वारा मानसिक उत्पीड़न की शिकायत का संज्ञान लेकर 15 दिन में अब तक की कार्रवाई पर रिपोर्ट तलब की। तीसरा नोटिस तीन मार्च को एएमयू कुलपति को आया है, जो आरसीए सेंटर में डॉ. भीमराव आंबेडकर का पोस्टर फाड़े जाने की घटना से संबंधित है। इसे देश में चल रही अनुसूचित सियासत का हिस्सा माना जाए या एएमयू के आरसीए सेंटर में कुछ गड़बड़ी। आरसीए सेंटर में अध्ययनरत छात्रों की शिकायतों पर जनवरी से अब तक तीन नोटिस राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग ने जारी किए हैं।

### एएमयू गर्ल्स स्कूल ने इंटर-स्कूल चैम्पियनशिप में वॉलीबॉल और बास्केटबॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** (एएमयू) गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने एएमयू इंटर-स्कूल चैम्पियनशिप में शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए वॉलीबॉल और बास्केटबॉल दोनों स्पधाओं में विजय प्राप्त की। यह प्रतियोगिता एएमयू के सीनियर सेकेंडरी स्कूल (गर्ल्स) द्वारा आयोजित की गई थी।



स्कूल की तीन वॉलीबॉल खिलाड़ी स्टेट वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में भी शामिल हुईं, जहां उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया।मुख्य अतिथि मोहम्मद सफीरुद्दीन, एफएलवाई इस्लामिया जूनियर स्कूल के स्वामी, ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली पांच छात्राओं को स्मृति चिह्न और प्रत्येक को 1,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने विजेता छात्राओं की मेहनत, समर्पण और खेल भावना की सराहना की। प्रतिष्ठित मुशीर उद्दीन (सलीस) स्पोट्र्स अवार्ड और नकद पुरस्कार प्राप्त करने वाली छात्राएँ सानिया (कक्षा 12), जैनब (कक्षा 11), अंशु (कक्षा 9 डी), जईमा (कक्षा 9 डी) और अरीबा मलिक (कक्षा 8 डी) रहीं।कार्यक्रम का आयोजन संचालन प्रधानाचार्या आमना मलिक और उप-प्रधानाचार्या अल्का अग्रवाल की देखरेख में हुआ।

# कृषि विभाग द्वारा मण्डल के तकनीकी कर्मचारियों को आइपीएम तकनीकी और एनपीएसएस का दिया गया प्रशिक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** उप कृषि निदेशक कृषि रक्षा अलीगढ़ मंडल अलीगढ़ की अध्यक्षता में अलीगढ़, कासगंज, एटा एवं हाथरस के तकनीकी कर्मचारियों को आइपीएम तकनीकी और एनपीएसएस का प्रशिक्षण सीआईपीएमसी आगरा के पीपीओ ओम प्रकाश चैधरी, कृषि रक्षा अधिकारी अमित जायसवाल द्वारा शुक्रवार को कृषि कल्याण केंद्र अलीगढ़ में दिया गया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी अमित जायसवाल



ने बताया कि एनपीएसएस कृषि क्षेत्र के लिए अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह फसल सुरक्षा, पर्यावरणीय संतुलन और खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस प्रणाली के माध्यम से समय पर जानकारी मिलने से किसानों को उचित कदम उठाने में मदद मिलती है, जिससे कृषि क्षेत्र में स्थिरता और उत्पादकता बढ़ती है।

# दहेज मुक्त एवं नशा मुक्त भारत के प्रतीक पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** किशोरी रमण महाविद्यालय, मथुरा में एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार कौशिक एवं डॉ. नवीन अग्रवाल तथा एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट कपिल कौशिक के संयोजन मे उत्तर प्रदेश शासन एवं विश्वविद्यालय के निर्देश पर पढे विश्वविद्यालय बड़े विश्वविद्यालय तथा पढे महाविद्यालय एवं बड़े महाविद्यालय के तहत दहेज मुक्त एवं नशा मुक्त भारत के प्रतीक पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) प्रवीण कुमार




अग्रवाल ने कहा कि दहेज प्रथा आज एक जहर की तरह हमारे सामाजिक संबंधों में फैल गया है। साथ ही नशा मुक्ति के संबंध में प्राचार्य ने कहा कि नशा आज युवा पीढ़ी, समाज एवं पर्यावरण के लिए एक बहुत बड़ा घातक सिद्ध हो रहा है। भारत के जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमको इसका उन्मूलन परिवार और समाज से किया जाना आवश्यक है। इस कार्यक्रम में प्रो. शालिनी सक्सेना, प्रो. शशि किरण, प्रो. देवेंद्र कुमार, प्रो. डीके सिंह, प्रो. राजेश अग्रवाल, प्रो. उमेश शर्मा, प्रो. कामना पांडेय, प्रो. राजेश गौतम, प्रो. विनोद खंडेलवाल, प्रो. सुलेखा जादौन, डॉ. अजय कुमार उपाध्याय, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ विजय आनंद, डॉ. शिव कुमार, डॉ. हिमांशु तिवारी, डॉ, अनुराधा, आलोक नारायण मिश्रा, हीरालाल शर्मा, प्रवेश शर्मा, संतोष कुमार, आशुतोष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**शुभारंभ** | बरसाना में सीएम योगी ने किया रंगोत्सव का शुभारंभ

# लाड़ली जी मंदिर में पूजा-अर्चना कर दीं देशवासियों को शुभकामनाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राधा रानी के जन्मस्थली बरसाना पहुंचे. श्री लाडली जी राधा रानी मंदिर में दर्शन पूजा अर्चना की. प्रदेश और देशवासियों को होली की शुभकामना देते हुए 2025 रंग उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया.

प्रोग्राम में मुख्यमंत्री ने मंच से संबोधन करते हुए कहा कि अयोध्या काशी में विकास की गंगा बह रही है. अब मथुरा की बारी है. बजट की कोई कमी नहीं है. ब्रज के कण-कण में राधा और कृष्णा वास करते हैं. उन्होंने कहा कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है. बरसाना में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फूलों व लड्डूमार होली के जरिए रंगोत्सव की शुरूआत की. मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 हजार साल से भारत की सनातन संस्कृति को ऊर्जा देने वाली यह ब्रज भूमि श्रद्धा और आस्था की धरा है. इसके कण-कण में श्री राधा और श्री कृष्ण के दर्शन होते हैं

**साधु संत और राधा रानी का आशीर्वाद लेने का सौभाग्य मिला**



मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता के प्रतीक के रूप में मौजूद हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विरासत और विकास की नई परंपरा स्थापित हुई है, जिसका परिणाम हाल ही में संपन्न प्रयागराज महाकुम्भ के भव्य आयोजन के रूप में देखने को मिला. उन्होंने कहा कि जो जितना सनातन धर्म के खिलाफ बोलता था, अफवाह फैलाता था और तर्कहीन बातें करता था, उन्हें सनातन धर्मावलम्बियों ने महाकुम्भ के जरिए करारा जवाब दिया है. महाकुम्भ सनातन धर्म का दुर्लभतम क्षण बन गया है।

**होली है सद्भावना का पर्व**

सीएम योगी ने होली को एकता का सूत्र बताते हुए कहा कि होली आपसी सद्भाव और दूरियों को मिटाने का त्योहार है. महाकुम्भ ने दुनिया को एकता का संदेश दिया. होली इसे और मजबूत करती है. उन्होंने बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लठ्ठमार होली और लड्डूमार होली का जिक्र करते हुए सनातन धर्म की अद्भुत परंपराओं की सराहना की।

**श्रीराधारानी के श्रीचरणों में ब्रज भूमि के विकास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार के बजट में ब्रज भूमि के विकास के लिए विशेष व्यवस्था की गई है. उन्होंने कहा कि करोड़ों की योजनाओं के साथ बरसाना को विकास से जोड़ा जा रहा है. पहली बार बरसाना में रोपवे की सुविधा शुरू हुई है. महाकुम्भ सकुशल सम्पन्न होने के बाद अब फुरसत मिली है. काशी, अयोध्या, प्रयागराज, मां विंध्यवासिनी धाम के विकास के उपरांत अब बारी इसी पुण्य भूमि की है. सीएम ने आश्वस्त किया कि मथुरा, बरसाना, ब्रजभूमि के विकास के लिए कोई सीमा नहीं है. उन्होंने कहा कि वह होली के अवसर पर श्री राधारानी जी के श्रीचरणों में इसी निवेदन के साथ पहुंचे हैं. उन्होंने दिल्ली में रामभक्तों की सरकार आने का जिक्र करते हुए यमुना के संरक्षण का वादा दोहराया. सीएम ने कहा कि अब यमुना मइया भी गंगा मां की तरह निर्मल और अविरल होंगी।

**बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक**


कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने संतों का सम्मान किया और देश-दुनिया से आए लोगों को होली व रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक है. यह ब्रज भूमि हर सनातन धर्मावलंबी के लिए आशीर्वाद का केंद्र है. मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सुरक्षा, विकास और समृद्धि की गारंटी है.
होली के इस पावन अवसर पर ब्रज भूमि के विकास को नई गति मिलेगी. सीएम ने इससे पहले श्री लाडली जी महाराज के मंदिर में दर्शन पूजन कर प्रदेश के कल्याण की कामना की प्रदेश और देशवासियों को होली की शुभकामना देते हुए मुख्यमंत्री ने मंच स्थल से नीचे आकर श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की.

मंच पर संतजन विनोद बाबा, रामसुख दास, माधवदास मौनी बाबा, फलहारी बाबा, मंत्रीगण संदीप सिंह, चौधरी लक्ष्मी नारायण, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायकगण मेघश्याम सिंह, पूरण प्रकाश, राजेश चौधरी, योगेश नौहवार, ओम प्रकाश सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह, भाजपा नेता निर्भय पांडेय, घनश्याम सिंह लोधी, नगर पंचायत अध्यक्ष बरसाना विजय सिंह, ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र आदि मौजूद रहे.

# दो बहनों ने रोजा अपने जीवन का रखा पहला रोजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** अलीगढ़ के देव सैनी वार्ड नंबर 24 में अलतमा 12 वर्ष और अलीशवा 10 वर्ष ने अपना पहला रोजा जुम्मे का रखा है और अलतमा ने बताया कि मैं कल 8 मार्च को 12 वर्ष की हो जाऊंगी इसीलिए मैंने अपने जन्मदिन




से एक दिन पहले ही रोजा रखा और मुझे बहुत अच्छा लगा रोजा रखकर अल्लाह का शुक्रिया अदा करती हूं कि अल्लाह ने मेरा पहला रोजा बड़े सुकून से करा दिया वही छोटी बहन अलीशवा ने भी मेरे साथ रोजा रखा है और हम दोनों बहनों ने अपने अम्मी और पापा के साथ सुबह में सेहरी की और दिन में नमाज अदा की शाम को रोज अफतार किया और अल्लाह का शुक्रिया अदा किया कि हमारा रोजा पूरा हो गया।

# विकासखंड असमोली की दो ग्राम पंचायतो में किया गया चौपाल का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**असमोली (मोनू सागर)।** प्रथम पाली में विकासखंड असमोली की मातीपुर ग्राम पंचायत में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें विकास खंड से खंड विकास अधिकारी रिजवान हुसैन और साथ ही सीडीपीओ रचना यादव के साथ-साथ ग्राम प्रधान अनु शर्मा भी मौजूद रही वही संबंधित विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। विकासखंड असमोली की ग्राम पंचायत मातीपुर में चौपाल का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा की गई जिसमें ग्राम पंचायत से संबंधित अहम मुद्दों पर चर्चा की गई जिसमें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कई बिंदुओं पर नाराजगी भी जताई गई जिसमें जीरो पॉवर्टी का सर्वे और साथ ही पंचायत सहायक के अनुपस्थित होने के कारण भी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई जिसमें ग्राम पंचायत अधिकारी कुलवंत सिंह को फटकार लगाई गई और कहा की अगर पंचायत सहायक द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है तो उसको 10 दिन के अंदर अंदर प्रस्ताव करा कर हटा दो और नये पंचायत सहायक का प्रस्ताव करो जिससे ग्राम पंचायत में कार्य बाधित न हो वही और भी बिंदुओं पर विस्तार से मुख्य विकास अधिकारी द्वारा चर्चा की गई जिसमें आशा और आंगनबाड़ियों से मुख्य विकास अधिकारी द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की गई और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को घर-घर पहुंचने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं द्वितीय पाली में विकासखंड असमोली क्षेत्र के गांव सेवापुरी पदारसपुर में जिला अधिकारी डॉक्टर राजेंद्र पैंसिया द्वारा चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें जिला अधिकारी ने ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए निर्देशित किया गया वहीं स्कूल में कार्य को लेकर निर्देश दिए गए और मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मातीपुर में कहा गया की ग्राम पंचायत के विकास कार्य बाद में कराए जाएं उससे पहले स्कूलों में कार्य हो और स्कूल सुंदर बनाए जाएं।





# राष्ट्रीय सेवा योजना के सातवें दिन छात्राओं ने नशा मुक्ति व दहेज मुक्त भारत की शपथ ली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली।** राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन आज वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय बरेली की छात्राओं ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनू महाजन तथा डॉक्टर सुरभि श्रीवास्तव के निर्देशन में विभिन्न कार्य को किया शिविर का प्रारंभ योग व ध्यान के द्वारा किया गया उसके पश्चात छात्राओं ने नशा मुक्ति मुक्त भारत तथा दहेज मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत शपथ ली छात्राओं ने जगतपुर बस्ती में जाकर इसी विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया तथा बस्ती में बस्ती के लोगों को नशे की हानियों को समझाया तथा स्वच्छता के लिए रैली निकाली।

बौद्धिक सत्र में इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह, रव्हड साइबर सेल द्वारा साइबर क्राइम की जरूरी तथा विस्तृत जानकारी छात्राओं को दी गई उन्होंने बताया कि किस प्रकार आज समाज के लोग साइबर क्राइम का शिकार बन रहे हैं और किस प्रकार कुछ सावधानियां के द्वारा वह इससे बच सकते हैं इसकी जरूरी जानकारी छात्राओं को दी छात्राओं ने बहुत से सवालों के द्वारा अपनी जिज्ञासा शांत करी। कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य गोविंद पाराशरी, सत्य प्रकाश शर्मा, मिस राखी, डॉ रंजू राठौर रिसर्च स्कॉलर ममता और निकिता प्रजापति तथा लगभग 100 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर संध्या रानी शाक्य के निर्देशन में संपन्न हुआ।



# आकांक्षा सोसाइटी के द्वारा मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** शुक्रवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में आकांक्षा सोसाइटी के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसमें महिलाओं को सम्मानित किया गया ।इस दौरान कार्यक्रम मे महिला सशक्तिकरण कोडीनेटर संगीता भार्गव ने बताया कि दुनिया भर में हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ किसी भी क्षेत्र में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उन्होंने ये भी बताया कि पहले से आज की महिलाओं ने समाज में काफी हद तक अपनी जगह बना ली अगर पिछले तीस साल पहले की बात की जाए तो महिलाओं को खुद के अधिकारों और अस्तित्व के लिए समाज से लड़ना पड़ता था। आज आकांक्षा सोसाइटी की तरफ से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उन महिलाओं को बुलाया जो आज भी समाज से लड़ कर आगे बढ़ रही है और चन्द भूषण जिला प्रोविजन अधिकारी एवं एकांशु वशिष्ठ संरक्षण अधिकारी द्वारा उनको शाल और प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया ।और उनकी सराहना भी की ।साथ ही उन्होंने बताया कि अच्छा लगता है कि महिलाएं अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है और हमें हमेशा आगे बड़ते रहना चाहिए ।समाज से हमें अपने हक की , सत्य की लड़ाई के लिए लड़ना चाहिए । इस दौरान कार्यक्रम में नेहा,शालू,निशा, प्रिया, सोनम, काजल ,सिल्की , नीरज, शिल्पा, पारुल, स्वेता, लक्षिता, हुमा, सोनाली, स्वेता, दीक्षा, दीपा, दिया आदि का सहयोग रहा।



# पुलिस ने चोरी की मोटरसाईकिल व 06 मोबाइलो के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना चन्दौसी पुलिस द्वारा शुक्रवार को चोरी की एक मोटरसाईकिल व चोरी के 06 मोबाइल फोन के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। बता दें कि जया रानी पुत्री स्व0 छुन्ननलाल नि. मौ0 घटिया गेट थाना चन्दौसी जिला संभल द्वारा 03 मार्च 2025 को उसका फोन छीने जाने की तहरीर दी गई। पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की तलाश की गई जिसमें शुक्रवार को अमान पुत्र संजीद अख्तर नि0 मौ0 कागजी व अमन पुत्र असलम नि0 मौहल्ला नखासा थाना चन्दौसी जिला संभल को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के पास से चोरी किये गये 06 मोबाइल व एक मोटरसाईकिल बरामद की गई। बता दें कि अभियुक्तों को उ0नि0 सीमा चौधरी, उ0नि0 अमरदीप, का0 अरुण कुमार, का0 तारीक अहमद, का0 अतुल बाना व जितेन्द्र कुमार द्वारा गिरफ्तार किया गया।



# महिलाओं का देश की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान: सहगल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गजरौला।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में हसनपुर मार्ग पर स्थित उमंग डेयरी लिमिटेड में विचार गोष्ठी का आयोजित हुई। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य कर रहीं महिलाओ को सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि जिला विकास प्रबंधक रजत सहगल ने कहा कि आज देश की आधी अर्थव्यवस्था में महिलाओं का अहम भूमिका है महिलाओं की सकारात्मक सोच से सामाजिक रूप से भी बदलाव हो रहा है। विशिष्ट अतिथि महिला परामर्श केन्द्र (महिला थाना) की प्रभारी निधि चौधरी ने कहा कि महिलाओं को समान अधिकार, समान अवसर और ससम्मान स्वतंत्रता का पूर्ण अधिकार है। इसमें किसी संदेह की गुंजाइश नहीं है, हमें अपने लिए सिर्फ इतनी सी बात समझनी है कि अपनी प्रतिभा, दक्षता क्षमता, अभिरुचि और रुझान को पहचानें और आगे बढ़ें। प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक कपिल अग्रवाल ने कहा कि आज महिलाएं स्वरोजगार करके आर्थिक रूप से स्मृद्ध हो रही हैं। उन्होंने बैंक द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दीं, वहीं छोटे छोटे उद्यम करने वालीं स्वय सहायता समूह एवं जेएलजी से जुड़ी महिलाओं को 2 करोड़ 55 लाख रुपए का ऋण वितरण किया।



# पुलिस ने महज 20 घंटो में ही कत्ल के आरोपी को दबोचा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (शिवम ठाकुर)।** असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम दुगाबर जनपद संभल से है जहां सोनम पत्नी विजय सिंह ने सूचना दी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके पति की गला काट कर हत्या कर दी और शव को प्रेम सिंह सैनी पुत्र सोहन सिंह निवासी दुगाबर के खेत में डाल दिया सोनम की तहरीर के आधार पर टीम का गठन किया गया पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार बिश्नोई ब अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) सम्भल श्री श्रीशचंद के निर्देशन ब क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार ने आज दिनांक 7मार्च को मुखबिर की खास सूचना पर कुंवरपाल पुत्र चमन सिंह को टांडा कोठी से बेला रोड पर लाल टंकी सरकारी ट्यूबैल के पास से गिरफ्तार किया गया है घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल ब अन्य सामान बरामद किया गया है ।

कुंवरपाल से पूछने पर बताया कि मैं मनीष की चाची के प्यार में एकतरफा पागल सा हो गया था इसका पता सोनम के पति विजय सिंह को पता चला उसने अपनी पत्नी को बात करने से मना किया और सोनम ने बात करना बंद कर दिया जिससे मुझे काफी तकलीफ हुई फिर मैने विजय सिंह को रास्ते में से हटाने का इरादा बना लिया फिर मैने 5 मार्च को करीब 6 बजे विजय को शराब पीने के बहाने मोटरसाइकल से गांव के बाहर बुला लिया और दोनों शराब लेकर दुगाबर के जंगल में आकर शराब पीने लगे और मौका पाकर मैने सर्जरी ब्लेड से गर्दन काट दी जिससे विजय की मौके पर ही मौत हो गई।

मैने अपने कपड़े ओर ब्लेड अपने ही घर में बने कमरे में पड़े गन्ने की सूखी पत्तियों में छिपा दिए ,और डर की वजह से आज कही लंबा जाने की फिराक में था तभी पुलिस ने दबोच लिया।




# तीन दिवसीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** शुक्रवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित एस. एम. कॉलेज में रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब के तत्वाधान में 6 मार्च से 8 मार्च तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन के कार्यक्रमों को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, एकल काव्यपाठ प्रतियोगिता एवं संगीत गायन एवं वादन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में श्रेया वर्मा प्रथम, रिचा द्वितीय एवं मुमताज तृतीय स्थान पर रही। गायन प्रतियोगिता में शिवानी दीक्षित प्रथम, इशिका शर्मा द्वितीय तथा निशा और मंजरी गुप्ता संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में इतिशा गौड़ प्रथम, मणिका मिश्रा द्वितीय तथा शिवि, आदित्य और गगन गुप्ता संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में अंशिका राघव प्रथम, आदित्य वार्ष्णेय द्वितीय, नितिन कुमार तृतीय एवं मुस्कान ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में इतिशा गौड़ ने प्रथम, शिवानी दीक्षित एवं तनीषा चौधरी ने संयुक्त रूप से द्वितीय, सोनाक्षी शर्मा और अनुराधा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान कार्यक्रम मे डॉ राम अधार सिंह यादव, संयोजक, रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति एवं दहेज के विरुद्ध खड़े होने के साथ-साथ पठन पाठन संबंधी शपथ ग्रहण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं को संपादित कराने में डॉ. हेमंत कुमार, प्राचार्य, डॉ. सूरज शर्मा, डॉ महेंद्र कुमार वर्मा, डॉ नेहा, डॉ ज्योति, अनुराधा, डॉ वंदन वर्मा, डॉ कंचन त्रिपाठी, दीपक श्रोतरीय और डॉ. भूशकंर लाल सहित सभी साथियों का सहयोग रहा।



# इनर व्हील क्लब चंदौसी सिटी स्टार के तत्वाधान में पार्क को वेस्ट टू वंडर बनाया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** शुक्रवार को नगर के मुंसिफ रोड स्थित संकट मोचन पार्क में नगर पालिका परिषद के द्वारा इनर व्हील क्लब चंदौसी सिटी स्टार के तत्वाधान में पार्क को वेस्ट टू वंडर पार्क बनाया गया है। इसका उद्घाटन निधि पटेल उप जिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी द्वारा किया गया। उक्त पार्क में बेकार पड़े टायर एवं यूज्ड बोतल के द्वारा पार्क को सुंदर एवं आकर्षक कलाकृतियां, वेस्ट मटेरियल से मछली, तितली, मेडक आदि आकर्षित आकृतियां बनाई गई है जिसमें टायर के द्वारा तैयारी की बाउंड्री बनाई गई बेकार प्लास्टिक से सुंदर दृश्य बनाए गए दीवारों पर सुंदर चित्रकारी की गई है। इस पर उप जिलाधिकारी निधि पटेल द्वारा स्थानीय नागरिकों से अपील की गई की पार्क को साफ सुथरा बनाए रखने में अपना-अपना सहयोग प्रदान करें। इस दौरान कार्यक्रम में नगर पालिका से सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, आईटीसी से करन सिंह, रवि प्रताप सिंह, लवित वार्ष्णेय, सुभाष, राहुल, आदित्य, सुंदरलाल व इनर व्हील क्लब से अध्यक्ष मनीला अग्रवाल, सेक्रेटरी शालिनी अग्रवाल,सोनिया बिंदल, रुचि अग्रवाल चारु अग्रवाल,उपमा बंसल, रूपाली अग्रवाल, श्वेता, दीप्ति, वंदना,तृप्ति सुनीता,गुंजन, पायल,मंजू ,रचना,शिखा आदि लोग उपस्थित रहे।



# चंदौसी के होम्योपैथिक डॉ.अनुराग सक्सैना को मिला होम्योपैथी पुरोधा सम्मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** नगर के सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक डॉ अनुराग सक्सेना को दिल्ली के ताज होटर्ल में आयोजित होम्योपैथी पुरोधा सम्मान समारोह से सम्मानित किया गया। समारोह में देश के अनेक गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। इस अवसर पर होम्योपैथी के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वाले सम्पूर्ण भारत से चिकित्सक मौजूद रहे। बता दें कि कार्यक्रम का आयोजन वर्नेट कंपनी एवं जी मीडिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवि एवं संगीतकार मनोज मुंतशिर, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, लल्लन सिंह, मनोज तिवारी, राजेश वर्मा आदि अनेक गणमान्य लोगो ने भाग लिया। कार्यक्रम में चन्दौसी के होम्योपैथिक डा0 अनुराग सक्सैना को सम्मान मिलने पर रोटरी क्लब चन्दौसी पूर्वांचल के सभी सदस्यों एवं समाधान समूह के सदस्यों द्वारा बधाई दी गई।



# कुन्दरकी मे मुसलमानों ने अदा की रमजान के पहले जुमे की नमाज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी ।** नगर में मस्जिदों में माहे रमजान मुबारक के पहले जुमे को मुसलमानों ने नमाज अदा की। नगर में हजारों मुसलमानों ने विभिन्न मस्जिदों में अकीदत के साथ नमाज अदा की। रमजान मुबारक के पहले जुमे को मस्जिद ए आला हजरत में हजारों मुसलमानों को खिताब करते हुए मौलाना राशिद आफाकी ने कहा कि अल्लाह ने रोजा हमारे ऊपर इस लिये फर्ज किया है कि ताकि हम परहेजगार बन जाएं गुनाहों को छोड़ दें अगर रोजे की हालत में हम गुनाह करते हैं तो हमारे रोजे को अल्लाह को कोई जरूरत नहीं है उन्होंने जकात एवं फितरा के बारे में भी विस्तार से बताया। उसके बाद मस्जिद में जुमा की नमाज मौलाना राशिद ने अदा कराई। जामा मस्जिद मस्जिद ए सिद्दीकी अकबर में मौलाना गय्यूर ने जुमे की नमाज अदा कराई उसके पहले उन्होंने बताया की रोजेदारों को चाहिए कि वह अपने पड़ोसियों,रिश्तेदारों में उन लोगों का भी ख्याल रखें जो कि गरीबी की वजह से रमजान में परेशान नजर आते हैं।

कुन्दरकी नगर की सभी मस्जिदों मे अकिदत के साथ जुमे की नमाज अदा की गयी ?। इस दौरान उलेमाओं ने बताया कि पाक मुकद्दस रमजान के पहले जुमे की नमाज के अवसर पर हजारों मुसलमान ने मस्जिदों में इक्ट्ठे हुए जहां पर नमाज के बाद मुल्क में अमन व शांति की दुआएं भी मांगी गई। रमजान मुबारक के पहले जुमे को नमाजीयों ने वक्त से पहले साफ सुधरे कपड़े पहनकर मस्जिदों को जाना शुरू कर दिया ।जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भरी नजर आयी। कुंदरकी क्षेत्र के आसपास के गांव की मस्जिदों में भी जुम्मे की नमाज शांतिपुर ढंग से अदा की गई। स्थानीय पुलिस प्रशासन भी मस्जिदों के आसपास मुस्तैद मस्जिद नजर आया।



धरना-प्रदर्शन | अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन15वें दिन भी जारी

# जिला मुख्यालय को लेकर अधिवक्ताओं का धरना-प्रदर्शन जारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** मुख्यालय को बहजोई में ही स्थाई करने को लेकर अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन जारी है। अधिवक्ता गण 11फरवरी से लगातार बहजोई कलेक्ट्रेट परिसर में धरने पर डटे हुए है 15 दिनों से धरना-प्रदर्शन जारी है,बार अध्यक्षा अल्का गोस्वामी का कहना है कि जबतक मुख्यालय बहजोई में स्थाई नहीं होता तब तक यह धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरने को सफल बनाने के लिए संभल के जाने-माने अधिवक्ता रविशंकर अपने सहयोगियों के साथ कल से धरने पर बैठेंगे।

उनका कहना है कि मुख्यालय को लेकर धरना प्रदर्शन की जिम्मेदारी केवल बहजोई के अधिवक्ताओ नहीं हमारी सबकी जिम्मेदारी है, और यह हम सब की लडाई यह धरना-प्रदर्शन लगातार चलता रहेगा और भी यूनियन के सदस्य धरनें में हिस्सा लेने के लिए तैयार हो रहे है।

- **जब तक बहजोई में मुख्यालय स्थाई नहीं होगा तब तक धरना रहेगा जारी: अल्का गोस्वामी बार अध्यक्षा**
- **कल से धरने में सम्मिलित हो रहे हैं,संभल के जाने-माने अधिवक्ता, रविशंकर**





अधिवक्ता रविशंकर व धरने पर बैठे अधिवक्ता

# एन.के.बी.एम.जी.डिग्री कॉलेज में हुआ नशा मुक्त भारत प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** शुक्रवार को नगर के संभल गेट स्थित एन.के.बी.एम.जी.डिग्री कॉलेज में उत्तर प्रदेश शासन एवं विश्वविद्यालय के निदेर्शानुसार महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या प्रो० संगीता गोयल के सरंक्षण में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजन में "पढ़े महाविद्यालय, बढ़े महाविद्यालय" (पुस्तक पाठन) कार्यक्रम, "दहेज मुक्त भारत प्रतिज्ञा" एवं "नशा मुक्त भारत प्रतिज्ञा" का आयोजन किया गया। पुस्तक पाठन के अन्तर्गत सभी छात्राओं ने स्वास्तिक की आकृति में पुस्तक पाठन किया। इसके पश्चात कार्यवाहक प्राचार्या प्रो० संगीत गोयल द्वारा सभी शिक्षिकाओं, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्राओं को नशा मुक्त भारत, दहेज मुक्त भारत की प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर उन्होने कहा कि आज यह आयोजन हमारे समाज के लिए एक नई दिशा का संकल्प है। हमें केवल शब्दों से ही नहीं बल्कि अफ्ने कर्मो से भी सामाजिक परिवर्तन को साकार करना होगा तथा नशा मुक्त एवं दहेज मुक्त समाज के निर्माण हेतु हमें मिलकर कदम बढ़ाने होंगे। इस दौरान कार्यक्रम में कॉलेज की सभी शिक्षिकाएं व छात्राएं उपस्थित रहें।





# जमीनी विवाद को लेकर भारतीय सेना के दो जवानों पर डंडों से हमला कर किया घायल, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव गंगाहरी में जमीनी विवाद को लेकर दबंग लोगों ने गन्ने के खेत में काम कर रहे सेना के दो जवान और उनके पिता पर लाठी डंडों व लोहे की सरिये से हमला कर घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिये सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष ने चार हमलावरों को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दे दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि दोनों भाई अपने गांव छुट्टी पर आये हुए थे। गुरूवार को दोनों भाई अपने पिता के साथ गन्ने के खेत में काम करने के लिये गये थे। इस दौरान ही संजू पुत्र प्रकाश पक्ष के चार युवक बाइक द्वारा मौके पर पहुंचे। वहां दबंग युवकों ने गन्ने के खेत को अपना खेत बताकर गाली गलौंच करने लगे। गाली गलौंच का केन्द्रपाल द्वारा विरोध करने पर दबंगों ने लाठी डंडों और सरिये से तीनों पिता पुत्रों पर हमला बोल दिया। जिसमें सेना के जवान बंटी और अजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। पिता ने अपने पुत्रों को बचाने का प्रयास किया तो हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया।

# 9 वर्ष से 90 वर्ष तक की नारी शक्ति अलख जगाने को तैयार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हरिगढ़ (मनोज चौहान)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में लोकमाता अहिल्याबाई के तृतीय जन्मशती समारोह के अवसर पर अहिल्या अलख कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

**" 9 मार्च को अहिल्याबाई स्टेडियम में होगा विशाल कार्यक्रम "**




उक्त कार्यक्रम 9 मार्च को अहिल्याबाई होल्कर स्टेडियम में अपराह्न 2.30 बजे से होगा । राष्ट्र सेविका समिति के तत्वाधान में तीस बहनो का सयोजन मंडल इस कार्यक्रम को संपन्न कराएगा । जिसमें 9 वर्ष से 90 वर्ष तक की मातृशक्ति प्रतिभाग करेगी । मशाल रिले में 200 महिलाएं प्रतिभाग करेंगी। समिति ने इन सभी को सूचीब किया है । इसके साथ ही समाज में कार्य करने वाली पांच महिलाओं को अहिल्या सम्मान से सम्मानित किया जाएगा । कार्यक्रम में उन महिलाओं को भी सम्मानित किया जाएगा जिनकी आयु 90 वर्ष की है और जो अपने परिवार के साथ संस्कारों की अलख जगाने के साथ इस कार्यक्रम में भी प्रतिभाग करेंगी । इस कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी । कार्यक्रम में एक सेल्फी प्वाइंट की भी व्यवस्था है जिसमें महिलाएं खड़ी होकर के मैं भी अहिल्या का फोटो खिंचवा सकती हैं इसके साथी स्टेडियम में छोटी-छोटी बच्चियों के माध्यम से संस्कृत तिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी जिसमें वे मैं हूं अहिल्या नमक गीत की सुंदर प्रस्तुति देंगी । हरिगढ़ के इतिहास में प्रथम बार इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इसको लेकर हरिगढ़ की मातृशक्ति में खासा उत्साह है। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती श्रुति गंगवार जी पुत्री श्री संतोष गंगवार जी राज्यपाल झारखंड रहने वाली हैं । रुड़की से इंजीनियरिंग की शिक्षा अप प्राप्त को प्राप्त करने उपरांत स्टार्टअप की दुनिया में श्रुति गंगवार युवाओं के मध्य एक प्रसिद्ध नाम है। उनका उद्बोधन हरिगढ़ की मातृशक्ति में ऊर्जा का संचार करेगा ।

सुलक्षणा शर्मा ( महानगर कार्यवाहिका )
रुचि गोटेवाल ( महानगर सह कार्यवाहिक )
डा अम्बिका चौधरी ,राधा चौहान,नीलम शर्मा जीबिंदू शर्मा ।

# बहसूमा थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक, पर्व को लेकर शांति और सौहार्द बरतनें के निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बहसूमा।** रंगों के प्रमुख पर्व होली और रमजान व ईद-उल फितर त्यौहार को लेकर स्थानीय थाने के प्रांगण में शुक्रवार को एसडीएम मवाना आई ए एस प्रतीक्षा सिंह,नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी इंदु वर्मा के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। शांति समिति बैठक में समस्त मस्जिदों के मौलवियों, मंदिर के पुजारियों व थाना क्षेत्र के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।बैठक के दौरान होली पर्व के दौरान लोगों से शांति और सौहार्द कायम करने की अपील की गई।

जबकि उसी दिन जुमे की नमाज को भी शांति से संपन्न कराने की अपील की गई। एसडीएम मवाना प्रतीक्षा सिंह ने कहा कि अगर कोई शराब के नशे में माहौल को खराब करने की कोशिश करेगा तो उसे कतई बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि हर छोटी बड़ी घटनाओं पर पुलिस व प्रशासन की पैनी नजर है। एसडीएम मवाना ने आमजन से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।कहां कि जुमे की नमाज के दौरान या रंग अवीर के समय नगर क्षेत्र या ग्रामीण क्षेत्रों में खलल डालने वालें शरारती और उपद्रवी तत्वों के मंसूबे कामयाब नही होने दिए जाएगें।वहीं उन्होंने कहा कि छोटी मोटी घटना और अफवाहों पर कतई ध्यान न दें।कहां कि होलिका दहन और रास्ते के विवाद का कहीं मुद्दा नहीं उठने दिया जाएगा।वहीं थाना प्रभारी इंदु वर्मा ने कहा कि होली और रमजान को देखते हुए क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा।कहीं से भी कोई खलल डालने की कोशिश करेगा तो बक्शा नहीं जाएगा।इस दौरान नगर व क्षेत्र के दोनों समुदाय के लोगों ने नगर व क्षेत्र को गंगा जमुना की तरह आपसी सौहार्द बनाकर रहने के लिए आश्वस्त किया।इस दौरान क्षेत्र की मस्जिदों के मौलवी, मंदिर के पुजारी,ग्राम प्रधान, पूर्व ग्राम प्रधान,वयापारी व क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत जिंदौर में सफाई से लेकर आवासों तक में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्या)।** ग्राम पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार का आलम यह है कि मलिहाबाद की ग्राम पंचायत जिंदौर में जुलाई की फोटो लगाकर अक्टूबर में साफ सफाई के नाम पर सरकारी धन निकाल लिया गया और आपस में बंदर बांट हो गई। इस ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024- 25 में ही 118800 रुपये साफ सफाई के नाम पर निकाल लिए गए। 30 जुलाई 2024 को श्री केसन के नाम 12500 रुपए और सद्दीक के नाम पर 5200 रुपये साफ सफाई के नाम पर निकाले गए। जिस नाले की सफाई के नाम पर यह पैसा निकाला गया इस नल की सफाई के नाम पर अक्टूबर में दोबारा मोहम्मद सद्दाम के नाम ?15000 निकाल लिया गया। 23 अक्टूबर 2024 को श्री केसन के नाम 12500 रुपए और 17 दिसंबर को अक्टूबर नवंबर का पैसा पुनः 27000 रुपए इन्हीं के नाम निकाल दिया गया। श्री केसन के नाम जनवरी 2025 का ?12000 सफाई के नाम पर 12 फरवरी को भुगतान किया गया। अगस्त में भी इसी व्यक्ति के नाम 12500 रुपए सफाई का निकाला गया। इस पंचायत में नए तरीके का भ्रष्टाचार सामने आया है जहां सामग्री का पैसा भी अनूप कुमार, अशोक कुमार, सचिन गुप्ता, अफसाना, सर्वेश कुमार, मनोज कुमार आदि के नाम पर हजारों रुपए निकाले गए हैं। यही नहीं यहां लेबरों के नाम पर अलग-अलग व्यक्तियों के नाम ठेकेदारों को भुगतान किया गया है। जो निमार्ता गलत है। आवासों के नाम पर भी गड़बड़ी नजर आ रही है क्योंकि कुछ आवास 2022-23 में दिए गए थे लेकिन आज तक उनमें छत नहीं पड़ी है।



# ब्राह्मण समाज ने अरुण शर्मा के नेतृत्व में रालोद के जिला अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** नगर के जलालपुर रोड स्थित प्रिंस फॉर्म कॉलोनी में





राष्ट्रीय लोक दल के नेता पंडित अरुण शर्मा द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय लोक दल के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष चौधरी रामपाल सिंह का स्वागत बड़ी धूमधाम और ढोल नगाड़ों के साथ किया गया।ब्राह्मण समाज द्वारा रालोद के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चौधरी रामपाल सिंह का शाल उड़ाकर व बुके देकर जोरदार स्वागत किया। जिला अध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद किया और आश्वासन दिया कि मैं पूरे तन मन धन से गांव-गांव जाकर हर वर्ग के लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करूंगा और पार्टी के हाथ मजबूत करूंगा स्वागत समारोह में हर समाज के सैकड़ो लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय परशुराम सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विनोद मिश्रा ने की। संचालक नीरज चौधरी नवीपुर द्वारा किया गया। इस मौके पर ब्राह्मण समाज के बॉबी पंडित, सोमदत्त शर्मा, ओंकार शर्मा, सचिन शर्मा, अभिषेक शर्मा, दीपक शर्मा, ब्रह्म दत्त, नितिन शर्मा, अंकित शर्मा, पंकज शर्मा, ओमवीर चौधरी, पप्पू चौधरी, पूजा मल्होत्रा, देवेंद्र चौधरी, मुन्ना खान, जसवीर चौधरी, गजेंद्र चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, पाल चौधरी, राजेंद्र नेताजी, जोगेंद्र, बालेश्वर चौधरी, नरेश चौधरी, चंद्रपाल चौधरी, कुशल चौधरी, सोनू चौधरी, सरफराज, मुस्तकीम, सतपाल चौधरी, गौरव तोमर, अल्पेश, अतुल जाटव, इंद्रपाल चौधरी, लोकेंद्र चौधरी आदि उपस्थित रहे सभी ने माला पहनाकर स्वागत किया।

# पुलिस के सामने ही युवक की पीट-पीटकर हत्या, किसी ने बचाने की नहीं की कोशिश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना।** गंगनहर पुल पर गुरुवार रात रोडरेज की वारदात में साइड लगने के बाद आधा दर्जन हमलावरों ने पुलिस के सामने बाइक सवार युवक की डंडों से पीट-पीट कर हत्या कर दी। युवक पिता व ताऊ के साथ

**बाइक की साइड लगने पर लाठी-डंडों से घेरकर मारा**



पुल के पास पलटे ट्रक के गन्ने दूसरे ट्रक में भरवाने के लिए आया था। जाम खुलवा इ रही पुलिस ने दौड़कर एक युवक को धर दबोचा, बाकी हत्यारोपी बाइक छोड़कर फरार हो गए। पिठलौकर निवासी 20 वर्षीय असलम पुत्र इस्तकार गन्ना सेंटर पर मजदूरी करता था। गुरुवार दोपहर सरधना गंगनहर पुल के पास गन्ने से लदा ट्रक पलट गया था। गन्ने दूसरे ट्रक में भरवाने की जिम्मेदारी मिल अधिकारियों ने असलम को दी। असलम पिता इस्तकार व पड़ोसी जब्बार के साथ बाइक से सरधना के लिए चला। सरधना गंगनहर पुल के पास जाम लगा था। एक बाइक पर दो युवक सवार थे, जो उसकी बाइक के आगे खड़े थे। असलम की बाइक इन युवकों की बाइक से हल्की सी टच हो गई। इस पर आरोपियों ने उससे मारपीट कर दी। कुछ देर बाद आरोपी आधा दर्जन युवकों के साथ वहां पहुंचे। सभी के हाथ में डंडे 'थे। हमलावरों ने असलम, उसके पिता इस्तकार व जब्बार पर डंडों से हमला कर दिया।सर में डडे लगने से असलम गंभीर रूप से घायल हो गया।पिता व ताऊ ने शोर मचाया तो पुलिस वहां दौड़ी। पुलिस को देख आरोपी बाइक छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने एक आरोपी को धर दबोचा, बाकी फरार हो गए। पुलिस घायलों को लेकर सीएचसी पहुंची।

चिकित्सकों ने असलम की हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने असलम को मृत घोषित कर दिया।सीओ सरधना संजय कुमार जायसवाल का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# मोनाड विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** मोनाड विश्वविद्यालय में दिनांक 3 से 9 मार्च तक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली के निर्देशन में महिला शिकायत प्रकोष्ठ एवं मानविकी और सामाजिक विज्ञान संकाय के तत्वाधान में

**महिलाओं के समावेशन से उन्नति के विभिन्न दृष्टिकोण और प्रतिभाएँ सामने आती हैं - प्रो. (डॉ.) वंदना वशिष्ठ**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के परिप्रेक्ष्य में महत्वाकांक्षी अभियान ह्यफोर ऑल वूमेन एंड गर्ल्सः राइट्स, इक्विलिटी, एम्पावरमेंटह्व सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए : अधिकार, समानता एवं सशक्तिकरण थीम पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके अनुक्रम में आज शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में एसएसवी डिग्री कॉलेज, हापुड की प्रो. (डॉ.) वंदना वशिष्ठ एवं महिला थाना, हापुड की एसएचओ अरुणा राय उपस्थित हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. एनके सिंह, कुलपति डॉ. मोहम्मद जावेद, कुलसचिव कर्नल प्रो. (डॉ.) डीपी सिंह, उपकुलपति (प्रशासनिक) प्रो. योगेश पाल सिंह, उपकुलपति (अकादमिक) डॉ. जयदीप कुमार, उपकुलपति (एडमिशन) रोहित शर्मा एवं मुख्य अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसएसवी डिग्री कॉलेज, हापुड की प्रो. (डॉ.) वंदना वशिष्ठ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि दुनिया की आबादी में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 50% है। महिलाओं को रोजगार के लिए समान अवसर प्रदान करने से महिला श्रम बल भागीदारी दर को बढ़ावा मिलेगा। महिलाओं के समावेशन से विभिन्न दृष्टिकोण और प्रतिभाएँ सामने आती हैं, जो अधिक नवाचार और बेहतर समाधानों को




जन्म देती हैं। साथ ही मुख्य अतिथि महिला थाना, हापुड की एसएचओ अरुणा राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नेतृत्व पदों पर लिंग समावेशन यह सुनिश्चित करता है कि निर्णय प्रक्रियाओं में महिलाओं के दृष्टिकोण और आवश्यकताएं शामिल हों, जिससे सामाजिक अन्याय, आर्थिक असमानता जैसी चुनौतियों के समाधान में नवाचार संभव है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि बेटियां राष्ट्र की शान हैं। समाज में बेटा-बेटी समान हैं। उन्हें उच्च शिक्षा हासिल करने और करियर बनाने का समान अधिकार है। वहीं महिला शिकायत प्रकोष्ठ एवं मानविकी और सामाजिक विज्ञान की संकायाध्यक्ष डॉ. सोमा दास ने कहा कि राष्ट्र के विकास में महिलाओं का महत्त्व और अधिकार के बारे में समाज में जागरुकता लाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में महिला दिवस मनाया जाना जरूरी है।

# रमजान माह में जुमे की पहली नमाज पर मांगी अमन-चैन की दुआ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**सरधना (जावेद अब्बासी)।** रमजान माह के पहले जुमे की नमाज नगर की सभी मस्जिदों में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। मस्जिदों के आस-पास पुलिस बल तैनात रहा। लोगों ने देश में अमन-चैन के लिए दुआ की।रमजान माह के पहले जुमे को लेकर मस्जिदों में सुबह से ही तैयारियां शुरू हो गई थीं। मस्जिदों में साफ-सफाई हुई और 12 बजे से नमाजियों की भीड़ मस्जिद में पहुंचनी शुरू हो गई थी। लोगों को मस्जिदों में दीन के बारे में बयान किया गया। घरों और मस्जिदों में भी कुरान-ए-करीम की तिलवात हुई। नगर की कुरेशियान, तकिया कैत, बुध बाजार स्थित मरकज, दौराला रोड स्थित मकबरे वाली मस्जिद में शांतिपूर्वक जुमे की नमाज अदा की गई।मौलाना शकील ने बताया कि लोग रमजान माह में जकात व फितरा अदा करें। रमजान अल्लाह का सबसे पसंदीदा माह है और हम लोग पाबंदियों के साथ पांचों वक्त की नमाज अदा करें और रमजान किसी भी हाल में ना छोड़े। कारी मोहसिन ने कहा कि रमजान माह हमें गरीबों की मदद का संदेश देता है। जकात और फितरा और हम रमजान माह में जरूर निकाले, रमजान माह में अल्लाह की इबादत हम ज्यादा से ज्यादा करें।उन्होंने नमाज के दौरान लोगों को रमजान माह के बारे में बताया और ज्यादा से ज्यादा इबादत करने के लिए कहा।रमजान माह बंदों को जहन्नुम की आग से निजात दिलाता है।

**बैठक**

## बोर्ड बैठक में सभासदों ने जोर-जोर उठाया भ्रष्टाचार का मुद्दा

# नगर पालिका की बोर्ड बैठक में विकास कार्यो को लेकर हुई चर्चा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना (जावेद अब्बासी )।** नगर पालिका के एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में शुक्रवार को अध्यक्ष शबीला बेगम की अध्यक्षता में नगर पालिका बोर्ड की बैठक आयोजित की गई।जिसमें उठाए गए सभी बिन्दुओं पर चर्चा के बाद उन्हें सर्वसम्मति से सभासदों ने सहमति दे दी।जहां एजेंडे में रखे गए सभी बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इतना ही नहीं चर्चा के बाद सभी प्रस्तावों को लागू करने के लिए सभासदों ने अपनी सहमति दे दी।वहीं सभासद फरमान अंसारी,वीर सिंह भाटी, तारिक हसन शाहिद मलिक,खालिद अंसारी,सोनू त्यागी, सानू जैन ने विकास कार्य सहित वार्डों में साफ सफाई व सभी वार्डों में लाईट,एमआरएफ सेंटर का टेंडर सांठ गांठ कर एक ही फर्म को देने आरोप लगाया।वही मोहल्ला छावनी में 4 बीघा सरकारी जमीन पालिका ने सांठ गांठ कर कब्जा कराने का मुद्दा उठाया।पालिका द्वारा नगर में 11 स्थानों पर हाई मास्क लाइटों में हुए भष्टाचार का मुद्दा भी उठाया गया। नगर में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों का मुद्दा उठाया।खराब पड़ी आधे से अधिक लाइटों को रिपेयर कराने ठेकेदारों द्वारा सभासद का संस्तुति लेटर सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुमानित बजट की पुष्टि पर विचार किया गया।अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव ने बताया कि शासन द्वारा प्राप्त 15 वें वित्त एवं अन्य प्राप्त धनराशि की कार्य योजना पर बैठक में विचार किया गया। इसके साथ ही नगर पालिका की आय बढ़ाने, संचारी रोग की रोकथाम तथा आगामी त्योहार पर साफ-सफाई, कूड़ा प्रबंधन, जल संचयन



व पेयजल व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई है। माह ए रमजान होली व अन्य त्योहारों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।अन्य विषय के लिए अध्यक्षा को सदस्यों द्वारा प्रस्ताव दिये गए जिन पर नियमानुसार धनराशि उपलब्धता के आधार पर कार्यवाही पर सहमति बनी।इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष शबीला बेगम, अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव लिपिक विपिन कुमार नजूल लिपिक मनोज कुमार जई सुशील कुमार यादव सभासद हाजी मन्नान कुरैशी सभासद फरमान अंसारी सभासद वीर सिंह भाटी इमरान ठाकुर तारीक हसन शाहिद मलिक शहजाद सितारा खालिद अंसारी डॉक्टर राहत परवीन सोनू त्यागी नेहा जैन शगुफ्ता मलिक शानू जैन आदि तमाम सभासद एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# नाले पर बन रहा चकरोड लग रही फर्जी हाजिरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** जिले के हर विकासखंड की कुछ ग्राम पंचायतों में तैनात ग्राम रोजगार सेवकों द्वारा विकास खंडों में तैनात अतिरिक्त मनरेगा अधिकारियों और तकनीकी सहायकों की कमीशन खोरी के चलते मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार चरम पर है। भ्रष्टाचार का एक अंधेर नगरी चौपट राज वाला नमूना मलिहाबाद विकासखंड की ग्राम पंचायत महदोईया में देखने को मिला। यहां वर्षों से जिस तरह कागजों में मजदूरों की हाजिरी लगाकर सरकारी धन की मनमानी लूट की जा रही है उसी का नतीजा है कि कभी जमीन पर एक भी मजदूर ना होने के बावजूद कागजों में फर्जी हाजिरी लगाई जाती है और कभी नौ मजदूर मौके पर काम करते हैं और हाजिरी 27 की लगा दी जाती है। 18 मजदूर जो काम पर नहीं आते हैं उनके खाते में पैसा लगाकर रोजगार सेवक ?200 उस व्यक्ति को दे देते हैं

**ब्लॉकों में तैनात एपीओ और तकनीकी सहायकों ने मनरेगा योजना को बना दिया अवैध कमाई का जरिया**

और शेष राशि उससे वापस ले लेते हैं। इस घटना का ताजा प्रमाण 4 मार्च को मनरेगा योजना की वेबसाइट पर अपलोड की गई मजदूरों की फोटो से पता चलता है। इस पंचायत में यह खेल वर्षों से चल रहा है और रोजगार सेवक हर महीने लाखों की अवैध कमाई कर रहा है जिससे आज वह रसूखदार बन गया है जिसके बल पर वह अधिकारियों पर भी तरह-तरह के दबाव बनाता रहता है साथ ही अवैध वसूली का हिस्सा ब्लॉक में तैनात अधिकारियों को भी देता है जिसके परिणाम स्वरूप पिछले कई महीनों में भ्रष्टाचार की कई खबरें प्रकाशित की गई परंतु विकास खंड मैं तैनात अधिकारियों ने भ्रष्टाचार की रकम का हिस्सा बांट कर लिया।

# सबसे बड़ा सवाल: किसके संरक्षण में चल रही थी अवैध अंग्रेजी शराब की फैक्ट्री

बुलन्छ संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। क्षेत्र में बंद पड़े मधुमक्खी पालन फॉर्म में नकली अंग्रेजी शराब बनाने की जिस फैक्ट्री को पुलिस ने पकड़ा है यहां भारी मात्रा में नकली शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। यहां की बनी

## पुलिस मामले का शीघ्र करेगी पदार्फाश

शराब को अनेक दुकानों पर भी बेचा गया यह काम काफी दिनों से चल रहा था 'यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह अवैध अंग्रेजी शराब की फैक्ट्री किसके संरक्षण में चल रही थी पुलिस इस मामले में तेजी के साथ जांच कर रही है 'पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य आरोपी मौके से भाग निकले। पूछताछ में पता चला कि शराब तैयार कर ब्रांडेड कंपनी की बोतलों में भरकर मुरादाबाद समेत प्रदेश के अन्य जनपदों में सरकारी दुकानों से बेचा जा रहा था।गुरुवार को तहसील के उच्च अधिकारियों ने कांवड़ मार्ग स्थित बंद पड़े मधुमक्खी पालन फार्म में छापा मारा था फॉर्म के अंदर स्थित बड़े हॉल का गेट बंद होने के कारण उसे तुड़या कर पुलिस अंदर दाखिल हुई थी। यहां मौके पर एक युवक अंदर शराब की बोतलों की पैकिंग करते हुए मिला, जबकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही उसके अन्य साथी कार से भाग गए।पुलिस ने जांच पड़?ताल शुरू की तो पता चला कि यहां कई ब्रांडेड कंपनी के नाम से नकली अंग्रेजी शराब बनाने का धंधा चल रहा था।नकली शराब बनाने की फैक्टरी मिलने की सूचना मिलने एसएसपी सतपाल अंतिल, एसपी सिटी रणविजय सिंह, एसडीएम संत दास पंवार, सीओ अपेक्षा निम्बाडिया सहित आबकारी विभाग की कई टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी से पूछताछ में पता चला कि वहां शराब बनाने के बाद उसे मुरादाबाद के अलावा दूसरे जिलों में भी बेचा जाता था। सरकारी दुकानों से ही बेचने के कारण लोग आसानी से खरीदकर ले जा रहे हैं। इस गिरोह में कई बड़े नाम भी सामने आए हैं। इसके अलावा सरकारी दुकानों के सेल्समैन भी शामिल हैं। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह का कहना है कि इस मामले के तार कई जिलों से जुड़े हैं। पुलिस और आबकारी विभाग की टीमें दबिश दे रही हैं। पुलिस के उच्च अधिकारी इस मामले में जांच कर रहे हैं शीघ्र ही इस मामले का खुलासा होने वाला है।





## देसी शराब की 153 समेत 266 दुकानों की हुई नीलामी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )**। मुरादाबाद जनपद में शराब की दुकानों की ऑनलाइन नीलामी की प्रक्रिया संपन्न हुई। जिले में 153 देसी व बीयर और अंग्रेजी शराब की 105 समेत 266 दुकानों के लिए ई-लॉटरी निकाली गई। शराब की दुकानों में इस बार महिलाएं भी उतरी हैं। दुकानों का आवंटन बड़ी संख्या में महिलाओं के नाम पर किया गया।शराब की दुकानों की नीलामी के लिए पुलिस सुरक्षा के उचित इंतजाम किये गए थे। शासन ने ई नीलामी प्रक्रिया को कुशलता से कराने के लिए आवास आयुक्त डा. बलकार सिंह को नोडल अधिकारी के रूप में तैनात किया। पंचायत भवन में हुई प्रक्रिया में डीएम अनुज सिंह, एसएसपी सतपाल अंतिल के अलावा जिला आबकारी अधिकारी डा. महेन्द्र सिंह की मौजूदगी में शराब की दुकानों की ई-लॉटरी निकाली गई। नोडल अधिकारी डॉ बलकार सिंह ने बताया कि ई-लाटरी में 266 दुकानों के लिए 6477 आवेदन मिले। इन 266 दुकानों में 105 कंपोजिट, 153 देशी, एक मॉडल शॉप व सात भांग की दुकानें शामिल हैं। इस दौरान जिला अधिकारी , एसएसपी, एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, उप आबकारी आयुक्त राजेश कुमार शर्मा, एडीएम सिटी ज्योति सिंह व आबकारी अधिकारी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## 10 एकड़ में बनेगी इंटीग्रेटेड कमिश्नरी: पांच मंजिला भवन में होंगे कमिश्नर, डीआईजी समेत अन्य मंडलीय अधिकारियों के दफ्तर, नागरिकों को होगा लाभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )**। मुरादाबाद में तहसील के पास 10 एकड़ जमीन पर इंटीग्रेटेड कमिश्नरी बनाई जाएगी। इसके लिए एमडीए को सीलिंग की 10 एक-ड़ जमीन जिला प्रशासन देगा। एक ही स्थान पर बनाए जाने वाले पांच मंजिला भवन में कमिश्नर, डीआईजी, डीएम समेत अन्य अधिकारियों के दफ्तर होंगे। एक ही स्थान पर पुलिस, प्रशासनिक और न्यायिक कार्यालय होने से लोगों की भागदौड़ कम होगी। इस संबंध में कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इस प्रोजेक्ट के डीपीआर पर काम शुरू हो गया है। जमीन के हस्तांतरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इंटीग्रेटेड कमिश्नरी में आम जनता की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। यह कार्यालय पब्लिक फ्रेंडली बनाए जाने के साथ-साथ समुचित व्यवस्थाओं से लैस होगा। इसमें सिंगल विंडो कार्यालय ग्राउंड स्तर पर होगा।कोआर्डिनेटेड ऑफिस की व्यवस्था, ई-आफिस, छोटे-बड़े कॉन्फ्रेंस हॉल सहित अन्य बुनियादी व्यवस्थाएं होंगी। वर्तमान में सभी मंडलीय अधिकारियों के दफ्तर अलग-अलग होने से वादकारियों और फरियादियों का पूरा दिन निकल जाता है।

## गोआश्रय केंद्रों में लगेगी "वर्मी कंपोस्ट यूनिट"

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। प्रदेश सरकार गोआश्रय केंद्रों को गोबर, गोमूत्र के जरिये स्वावलंबी बनाएगी। इसके लिए पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग, कृषि विभाग के सहयोग से यहां वर्मी कंपोस्ट यूनिट लगाएगी। केंद्रों पर गोबर और गोमूत्र को प्रसंस्कृत करने की तकनीक की जानकारी देने के लिए कृषकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसमें चारे की उन्नत प्रजातियों के बेहतर उत्पादन, उनको फोटीफाईड कर लंबे समय तक संरक्षित करने का भी प्रशिक्षित किया जाएगा। इसमें राष्ट्रीय चारा अनुसंधान केंद्र झांसी की मदद ली जाएगी। बता दें, प्रदेश में बने 7700 से अधिक गोआश्रय केंद्रों में करीब 12.5 लाख निराश्रित गोवंश संरक्षित हैं। वहीं, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत एक लाख से ज्यादा लाभार्थियों को 1.62 लाख निराश्रित गोवंश दिए गए हैं।

# मुख्य विकास अधिकारी को डिग्री कॉलेज के भवन निर्माण में मिलीं खामियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने कांठ तहसील स्थित राजकीय महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया गया। भवन के भू-तल पर कैमेस्ट्री लैब में सिंक फिटिंग्स ठीक प्रकार नहीं मिली। इसके अलावा ग्रेनाईट स्लैब और सीढ़ी में लगे कोटा स्टोन में मॉल्डिंग नहीं की गई थी।

बाथरूम के कुछ दरवाजों का स्थिति ठीक नहीं पाई गई, जिसकी वजह से दरवाजे खुल नहीं पा रहे हैं। सीडीओ ने बाथरूम में सेनेटरी फिटिंग्स की फिनिशिंग ह्वाइट सीमेन्ट से करने के निर्देश दिए। जबकि, कुछ जगहों पर विन्डो ग्रिल व प्लास्टर के बीच गैप को भरने के निर्देश दिए गए। बाथरूम व टॉयलेट के पार्टीसन के ऊपर फिनिशिंग ठीक प्रकार से नहीं की गई है। द्वितीय तल पर रूफ बीम के नीचे कुछ क्रैक्स दिखाइ दे रहे थे, जिनको ठीक कराने के निर्देश दिए गए।सीडीओ ने साइट इंजीनियर की टेस्ट रिपोर्ट्स एवं उनके द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किए गए की रिपोर्ट भी तलब की। निरीक्षण के समय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड कांठ (कार्यदायी संस्था) परियोजना प्रबन्धक, उप्र राजकीय निर्माण निगम, सहायक अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, प्रोफेसर वाणिज्य विभाग नजाकत हुसैन मुख्य रूप से उपस्थित थे।



# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आज लगेंगे "मिशन शक्ति मेले"


बुलन्द संदेश ब्यूरो




**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ मिशन शक्ति मेले का आयोजन होगा। इसके माध्यम से महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ जमीनी स्तर पर बालिकाओं की आत्मरक्षा, जीवन कौशल और नेतृत्व क्षमता के सशक्तीकरण पर जोर दिया जाएगा।इस आयोजन में 880 ब्लॉक स्तरीय और 75 जिला स्तरीय नोडल अधिकारी के रूप में कार्यरत शिक्षिकाओं को महिला सशक्तीकरण में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। हर जिले में शिक्षा विभाग की उपलब्धियों और नवाचारों को दिखाने वाले स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। जिला प्रशासन और बीएसए के नेतृत्व में यह आयोजन किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने कहा है कि आयोजन में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समाज के प्रबुद्धजनों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मरक्षा और महिला सुरक्षा पर विशेष सत्र महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देने के दृष्टिगत इस आयोजन में मिशन शक्ति, आत्मरक्षा व मीना मंच के तहत चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की भी जानकारी दी जाएगी। इसके लिए विशेष सत्र होंगे और विकास खंडवार प्रस्तुतीकरण होगा। इसमें विद्यालयों में चल रहे मीना मंचों की गतिविधियों व उपलब्धियों को साझा किया जाएगा। महिलाओं को सुरक्षित बनाने के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। कार्यक्रम से मीना मंच व मिशन शक्ति से जुड़े प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया जाएगा।

# अपार आईडी जेनरेट न करने वाले 578 मदरसों को नोटिस जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। अपार आईडी जनरेट न करने पर जिले के सभी मदरसों को नोटिस जारी किया है। सरकार ने शिक्षा में सुधार के लिए संचालित सभी विद्यालयों एवं मदरसों में सभी छात्र-छात्राओं के विवरण को ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है। जिसमें छात्रों का विवरण यू डायस पोर्टल पर फीड कर बच्चों का अपार आईडी बनाने के निर्देश दिया है। अपार ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री एक 12 अंकों का कोड होता है। इसमें छात्रों की शैक्षणिक जानकारी डिजिटल रूप से संग्रहित रहती है। नोटिस में यू-डायस कोड स्थाई रूप से बंद करने और मदरसों की मान्यता वापस लेने की चेतावनी दी है। सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य न करने पर जिले में 578 मदरसों को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने नोटिस जारी किया है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि नोटिस में यह चेतावनी दी गई है कि जिन मदरसों ने यह कार्य नहीं किया है उनका यू-डायस कोड स्थाई रूप से बंद कर दिया जाएगा। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने एवं शासन के निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण ऐसे मदरसों की मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह आईडी छात्रों के लिए एक स्थायी डिजिटल पहचान के तौर पर काम करती है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश को इसका नोडल बनाया गया है।

# शारदा कार्यक्रम: आउट ऑफ स्कूल बच्चों को किया गया प्रोत्साहित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )**। प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर (द्वितीय) में शुक्रवार को प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रियंका चौधरी की अध्यक्षता में आउट ऑफ स्कूल बच्चों को प्रोत्साहित करने

## विकसित राष्ट्र के लिए बच्चों का शिक्षित होना जरूरी: प्रियंका चौधरी

हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' मुख्यअतिथि एआरपी गौतम सिंह, नफीस अहमद एव ,एसएमसी अध्यक्ष मोहम्मद सलमान आदि ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया ' शिक्षिका पारूल चौधरी एवं आसमा के सहयोग से आउट ऑफ स्कूल छात्रों की भाषा एवं गणित विषय की समझ को विकसित करने के उद्देश्य से वर्कशीट कराई गई जिसका सपोर्टिव सुपरविजन एआरपी गौतम सिंह के द्वारा किया गया' छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, देश भक्ति की शानदार प्रस्तुति की गई। अतिथि गौतम सिंह के द्वारा विद्यालय द्वारा ड्रॉप आउट छात्रों हेतु किए जा रहे प्रयास की सराहना की गई कार्यक्रम में गौतम सिंह एवं प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रियंका चौधरी के द्वारा छात्रों को पुरस्कृत किया गया ' शिक्षिका पारुल चौधरी एवं आसमा के कार्य की सराहना की गई' प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रियंका चौधरी के द्वारा मुख्य अतिथि गौतम सिंह, नफीस अहमद (अभिभावक)एवं एसएमसी अध्यक्ष मोहम्मद सलमान का आभार व्यक्त किया गया' इस अवसर पर आंगनवाड़ी ज्योति सरन, सुषमा, मधुबाला,एवं आयशा परवीन ,छात्र- सनोबी, कशिश आरजू कार्तिक,काव्या, सुआलेहा अलसिवा, अयान आदि उपस्थित रहे।





# पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब फैक्ट्री चलाने वालों का किया पर्दाफाश, भारी मात्रा में शराब और उपकरण बरामद, दो लोग गिरफ्तार अनेक फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। बंद पड़े मधुमक्खी फॉर्म में पुलिस ने छापा मार कर किए जा रहे अवैध शराब के कारोबार का खुलासा कर दिया जहां से अनेक उपकरणों सहित भारी मात्रा में शराब और अल्कोहल बरामद किया गया। पुलिस ने दो लोगों को भी गिरफ्तार किया जबकि पांच फरार बताए जा रहे हैं। एसपी ग्रामीण कुंबर आकाश और सीओ अपेक्षा निम्बाडिया ने प्रेस वार्ता कर सिलसिलेवार घटना की जानकारी दी बताया गया कि मुजफ्फरपुर टांडा रोड स्थित बंद पड़े हिमालयन मधुमक्खी पालन फार्म में अवैध शराब का कारोबार चल रहा था सूचना मिलते ही आबकारी और पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने वहां काम कर रहे एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया, मौके से पुलिस ने तीन ड्रम अल्कोहल लगभग 600 लीटर साठ जारीकेंन 25-25 लीटर की 8 जरीकेंन 50 लीटर की एक ड्रम 200 लीटर शराब से भरा हुआ कुल 875 लीटर शराब, पांच पेटी शराब एवं 500 लीटर की टंकी में लगभग 100 लीटर शराब और 1000 लीटर की टंकी में 300 लीटर अवैध शराब सहित प्लास्टिक के पाइप गैस सिलेंडर पैकिंग मशीन शराब की बोतलों पर लगाने वाले ढक्कन आरओ फिल्टर करीब 1740 खाली बोतल प्लास्टिक की बाल्टी मग आदि बरामद कर लिया। पकड़े गए मोहित ने पुलिस को बताया कि उसके साथ उसका एक साथी सुभाष चंद्र भी है जो इस कारोबार में शामिल है सूचना पर पहुंची पुलिस ने सुभाष को भी खूटखेड़ा गांव से गिरफ्तार करते हुए 40 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद कर ली, पुलिस के मुताबिक इस कारोबार में मोहित कुमार पुत्र मंगू सिंह निवासी बरखेड़ा थाना स्योहारा, अर्पित कुमार पुत्र विजेंद्र कुमार निवासी हसनपुर बिल्लोज पोस्ट गोहाबर नूरपुर, अनुराग चौहान पुत्र सुभाष चंद्र निवासी ग्राम खूंटखेड़ा थाना कांठ जनपद मुरादाबाद, सुभाष चंद्र पुत्र गंगा प्रसाद सिंह निवासी ग्राम खूटखेड़ा थाना कांठ, मनोज कुमार चौहान पुत्र भगवान सिंह निवासी ग्राम जगपुरा हाल पता दुर्गा विहार फेस टू थाना धामपुर, हेमंत उर्फ छोटू पुत्र अरविंद निवासी गोहाबर थाना नूरपुर जिला बिजनौर और अजय सैनी पुत्र नरेश सैनी निवासी ग्राम रोशन नगर थाना नूरपुर के नाम प्रकाश में आए जिनमें मोहित निवासी बरखेड़ा थाना स्योहारा बिजनौर और सुभाष चंद्र पुत्र गंगा प्रसाद निवासी ग्राम खूटखेड़ा थाना कांठ को हिरासत में ले लिया। शुक्रवार को एसपी ग्रामीण कुंबर आकाश एवं सीओ अपेक्षा निंबड़िया ने थाना परिसर में प्रेस वार्ता की और पूरी घटना का खुलासा किया। अधिकारियों ने बताया कि इस शराब का इस्तेमाल होली पर किया जाना था और इससे कोई बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी लेकिन पुलिस की सक्रियता ने एक बहुत बड़े अवैध कारोबार का खुलासा कर लोगों को अनहोनी से बचा लिया है गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह अपराध निरीक्षक रामनरेश यादव उपनिरीक्षक लईक अहमद विनीत कुमार चंद्रशेखर राकेश कुमार त्रिवेंद्र सिंह मनीष कुमार हेड कांस्टेबल मुनेंद्र सिंह अश्वनी कुमार विपिन कुमार इंद्रपाल सिंह रवि मलिक सुमंत गिरी मोनू कुमार सुनील कुमार आबकारी निरीक्षक जयप्रकाश सिंह अजय सिंह सूर्यकांत, प्रधान आरक्षी योगेश कुमार विनोद कुमार कांस्टेबल अरुण कुमार एवं एसओजी टीम शामिल रहे।



# गांव-गांव शिविर लगाकर 31 मार्च तक बनाई जाएगी "फार्मर आईडी"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने के विशेष अभियान की समय सीमा 31 मार्च कर दी गई है। अब गांव-गांव शिविर आयोजित होंगे, जिसमें किसानों की आईडी बनाई जाएगी। कृषि विभाग के प्रस्ताव पर जिलाधिकारी ने मुहर लगा दी है। डीएम स्तर से शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण कराने के निर्देश जारी किये गये हैं। जनसुविधा केन्द्रों के माध्यम से तथा ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर शत प्रतिशत आईडी बनाई जाएगी। जिसमें राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी/कर्मचारी जिम्मेदारी निभाएंगे। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि 31 मार्च तक लक्ष्य पूरा होना है। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में प्रात 8:30 से सायं पांच बजे तक दो-दो दिवस का कैम्प लगाकर कार्य होगा।



कहानी

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फामेर्सी कॉलेज में भारत कोकिला सरोजनी नायडू, रानी लक्ष्मीबाई, डॉ. डेजी थॉमस, जैस्मिन मूसा सरीखी महिलाओं का भावपूर्ण स्मरण

# टीएमयू छात्राओं को सुनाई ब्रेव वूमेन्स के संघर्षों से सफलता तक की कहानी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद**। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की डायरेक्टर गवर्नेंस नीलिमा जैन ने कहा, महिलाओं का देश के उत्थान में अतुलनीय योगदान है, लेकिन नारी के लिए सम्मान आग्रह की विषय वस्तु नही है। हम सभी अपना सर्वश्रेष्ठ दें, सर्वश्रेष्ठ करें। उन्होंने एथलीट प्रीति मंधाना, प्रथम कमांडो ट्रेनर सीमा राव सरीखी महिलाओं के संघर्षों से सफलता की कहानी छात्राओं से साझा की। जैन टीएमयू के फामेर्सी कॉलेज में महिला दिवस पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। इससे पूर्व श्रीमती जैन ने बतौर मुख्य अतिथि, नर्सिंग कॉलेज की एचओडी प्रो. विजीमोल ने बतौर मुख्य वक्ता, फामेर्सी कॉलेज के प्राचार्य प्रो अनुराग वर्मा, डॉ. आशीष सिंघई आदि ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित करके सेमिनार का शुभारम्भ किया। मुख्य वक्ता प्रो. विजी मोल ने कहा, स्त्रियां ईश्वर की अद्वितीय कृति हैं, जो कोमलता का प्रतिरूप होकर भी अत्यंत सशक्त और शक्तिशाली है। उन्होंने यौन हिंसा, वैचारिक और शारीरिक हिंसा के प्रति जागरूक रहने और इनके खिलाफ आवाज बुलंद करने पर जोर दिया। प्रो. मोल बोलीं, डॉक्सिंग महिलाओं को धमकाने की प्रक्रिया है, जिसमें वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी जाती है। उन्होंने केरल की जैस्मिन मूसा की सफलता और संघर्षों की कहानी भी बताई। फामेर्सी के प्राचार्य प्रो अनुराग वर्मा ने कहा, स्त्रियां शक्ति स्वरूपा हैं। जननायिकाएं हैं। भारत कोकिला सरोजनी नायडू, रानी लक्ष्मीबाई, मीराबाई, डॉ. डेजी थॉमस आदि का भारतीय स्वतंत्रता, राष्ट्र उत्थान और विकसित राष्ट्र की संकल्पना में अद्वितीय योगदान रहा है। भारत की संस्कृति, समाज, विज्ञान, सुरक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमशीलता सरीखे क्षेत्रों में महिलाओं की अविस्मरणीय भूमिका है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए लैंगिक समानता, शिक्षा मे विस्तार, आर्थिक संपुष्टिकरण और कानूनी सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम में बी फार्मा के छात्र देवांश ने मां दुर्गा भक्ति स्त्रोत्र महिषासुर मर्दिनी पर शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति देकर अतिथियों को ऊर्जान्वित कर दिया। फार्म डी की छात्रा सल्तनत ने मैं सोच भी बदल देती हूं, नजरिया भी बदल देती हूं.कविता सुनाई। बीफार्मा छात्रा रिचा ने महिला शक्ति और सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। सेमिनार में डॉ. अनुराधा पंवार, प्रो. फूलचंद, प्रो. मयूर पोरवाल, डॉ. राजेश शर्मा, मिस कोमल, मिस दीक्षा आदि के संग-संग फामेर्सी के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन फार्म डी के स्टुडेंट्स- कुणाल और अंजलि ने किया।





## शिक्षक संघ के अथक प्रयास से शिक्षकों के खाते में शुक्रवार की देर शाम पहुंचा फरवरी माह का वेतन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। तहसील एवं जनपद के हजारों परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का फरवरी माह का वेतन शुक्रवार की देर शाम शिक्षकों के बैंक अकाउंट में पहुंच गया है ' उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सर्वेश शर्मा की टीम के अथक प्रयास से यह संभव हो पाया है' जानकारी के अनुसार ग्रांट में करीब 1 करोड़ की कमी के कारण जनपद के हजारों शिक्षकों को फरवरी माह का वेतन मिलने में विलंब हो रहा था' उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सर्वेश शर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर कपिल सिरोही शिक्षकों को शीघ्र वेतन दिलाने के लिए वित्त एवं लेखा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर रहे थे' बताते हैं कि कल शासन से वेतन की ग्रांट प्राप्त होते ही शिक्षक संघ के अध्यक्ष सर्वेश शर्मा ने वेतन संबंधी कागज ट्रेजरी में पहुंचाएं जिसके कारण शिक्षकों को आज शाम वेतन मिल पाया।





# बॉडीकॉन आउटफिट पहन अनुष्का सेन ने शेयर किया किलर लुक, एक्ट्रेस की कातिल अदाएं देख यूजर्स के उड़े होश

अनुष्का सेन आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अंदाज देककर फैंस मदहोश हो गए हैं। एक्ट्रेस अनुष्का सेन हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका किलर लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से उन पर से नजरें हटाने का नाम नहीं ले रहे हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। अनुष्का सेन की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने रेड कलर का ऑफ शोल्डर आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। खुले बालों को कर्ली स्टाइल में लुक कर के और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

उनका ये स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से मंत्रमुग्ध हो गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है।

# बॉक्स ऑफिस पर छावा की कमाई की रफ्तार धीमी, कारोबार 500 करोड़ रुपये की ओर




हिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा फिल्म छावा ने बॉक्स ऑफिस पर अपने 19 दिन पूरे कर लिए हैं. छावा ने अपने तीसरे मंगलवार यानि 19वें दिन की कमाई से कलेक्शन में थोड़ी बढ़ोतरी की है. फिल्म छावा की कमाई में लगातार दूसरी बार गिरावट देखने को मिली है. छावा ने तीसरे सोमवार कमाई में बढ़ी गिरावट दर्ज की थी. छावा ने 19वें दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई की और फिल्म का कुल कलेक्शन कितना हो गया और फिल्म 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा कब तक छुएगी आइए जानते हैं। सैकनिल्क के अनुसार, छावा की कमाई में एक बार फिर गिरावट हुई है. जहां, छावा ने सोमवार 7.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया था. वहीं, फिल्म ने 19वें दिन 5.50 करोड़ रुपये कमाए हैं. 19वें दिन के कलेक्शन से छावा की भारत में कुल कमाई 472 करोड़ रुपये हो गई है. छावा कमाई की इस रफ्तार से अपने अगले वीकेंड तक 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूने में कामयाब हो सकती है. छावा के वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो यह 650 करोड़ रुपये के करीब जा पहुंचा है।

छावा में विक्की कौशल मराठा किंग छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे संभाजी महाराज के रोल में हैं. रश्मिका मंदाना येसूबाई का किरदार कर रही हैं. अक्षय खन्ना ने मुगल बादशाह औरंगजेब के रोल में गजब ढा दिया है. फिल्म में विनीत कुमार का कवि कलश का रोल भी दर्शकों के रोंगटे खड़े कर रहा है. फिल्म को लक्ष्मण उटेकर ने डायरेक्ट किया है. इससे पहले लक्ष्मण ने विक्की के साथ फिल्म जरा हटके जरा बचके बनाई थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म किया था।

# शिबानी को कहां से आया सीरीज डिब्बा कार्टेल का आइडिया? चर्चा में है नया क्राइम ड्रामा

शबाना आजमी के अलावा ज्योतिका, शालिनी पांडे, अंजलि आनंद और निमिषा सजयन जैसी उम्दा एक्ट्रेस ने वेब सीरीज 'डिब्बा कार्टेलइ में ऐसी महिलाओं का रोल किया है, जो ड्रग, क्राइम के जाल में फंस जाती हैं।

फिर ड्रग्स का बिजनेस करने लगती हैं। इस कहानी का आइडिया वेब सीरीज की क्रिएटर शिबानी दांडेकर को कैसे आया? इस सीक्रेट के बारे में शिबानी ने हाल ही में बताया है। शिबानी दांडेकर ने बताया कि वह एक समय में बहुत ज्यादा क्राइम ड्रामा देखा करती थीं। ऐसे में




अचानक उन्हें ख्याल आया कि क्राइम ड्रामा में महिलाओं की कहानी को दिखाया जाए। इस तरह वेब सीरीज 'डिब्बा कार्टेलइ का आइडिया शिबानी दांडेकर को आया। शबाना आजमी इस सीरीज का हिस्सा इसलिए बनी हैं क्योंकि यह उनके लिए फैमिली प्रोजेक्ट की तरह है। वह रिश्ते में शिबानी की सास लगती हैं।

शबाना आजमी ने जावेद अख्तर से शादी की है। फरहान अख्तर, जावेद अख्तर के बेटे हैं, वह उनकी पहली शादी से हुए हैं। शिबानी, फरहान की पत्नी हैं। ऐसे में शिबानी और शबाना रिश्ते में सास-बहू हैं। पिछले दिनों शबाना ने कहा था कि शिबानी ने इस वेब सीरीज को क्रिएट किया। वह कहती हैं, 'उसने मुझे हुक्म दिया, एक्टिंग करने के लिए। मैं बहू को कैसे मना कर सकती थी और बेटा (फरहान) तो प्रोड्यूसर ही है। डिब्बा कार्टेल की स्टोरी काफी यूनीक नजर आती है। इसमें कुछ महिलाएं एक ड्रग माफिया चला रही हैं, लेकिन आम लोग उन्हें सिर्फ टिफिन सर्विस देने वाली महिलाएं समझते हैं। वेब सीरीज में शबाना आजमी, ज्योतिका, शालिनी पांडे, अंजलि आनंद और निमिषा सजयन ने अहम किरदार निभाए हैं।

# अखिल अक्किनेनी की फिल्म एजेंट अपनी ओटीटी रिलीज को तैयार, 14 मार्च को सोनी लिव पर होगी स्ट्रीम

सुपरस्टार नागार्जुन अक्किनेनी के छोटे बेटे अखिल अक्किनेनी पिछली बार फिल्म एजेंट में नजर आए थे, जिसमें वह भरपूर एक्शन करते दिखे। अखिल अक्किनेनी की फिल्म एजेंट एक्शन से भरी जासूसी थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म 28 अप्रैल 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन अब करीब दो साल बाद जाकर फिल्म को ओटीटी पर रिलीज किया जा रहा है।

जासूसी थ्रिलर फिल्म एजेंट को 14 मार्च, 2025 से सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी। कई बार देरी और हिंदी टीवी प्रीमियर के बाद, यह फिल्म तेलुगु के साथ-साथ मलयालम, तमिल और कन्नड़ में भी स्ट्रीम होगी, जिससे अखिल के ज्यादा प्रशंसक इस फिल्म को देख सकें। फिल्म निमार्ताओं ने इसकी पुष्टि करते हुए एक वीडियो एक्स पर साझा किया और लिखा, अलर्ट एक ऐसा जासूस जो किसी और जैसा नहीं है। मिशन ब्रीफ चालाकी भरी चालें। जानलेवा दांव। बेहतरीन एक्शन। फिल्म एजेंट का निर्देशन सुरेंदर रेड्डी ने किया है। यह



फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन अखिल के प्रशंसक इसे लेकर अभी भी उत्साहित हैं। इसमें मॉलीवुड के बड़े स्टार ममूटी अहम किरदार में हैं, जबकि साक्षी वैद्य और डिनो मोरिया भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आए।

फिल्म की कहानी वक्कन्थम वामसी ने लिखी है और इसे रामब्रह्मम सुनकारा ने प्रोड्यूस किया है। हिपहॉप तमिझा ने फिल्म में संगीत दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म को करीब 85 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया था। वहीं इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 8 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार, एजेंट की ओटीटी रिलीज तय होने पर अखिल के प्रशंसक खुश हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि अब कोई देरी नहीं होगी। एजेंट में भरपूर एक्शन, ड्रामा और सस्पेंस है, जो दर्शकों को बांधे रख सकता है। बहरहाल, अखिल के प्रशंसकों की नजरें 14 मार्च पर टिकी हैं, जब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी।

# 30 दिनों तक रोजाना एक संतरा खाने से क्या होता है? जानें जवाब

ताजे फल हमारी सेहत के लिए जरूरी न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होते हैं. संतरा भी ऐसा ही एक फल है, संतरे में मौजूद विटामिन हमें कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से बचाते हैं, इसमें विटामिन सी, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और मिनरल भरपूर मात्रा में होते हैं. हालांकि, अगर आप एक महीने तक नियमित रूप से संतरे का सेवन करते हैं, तो आपको इसके कमाल के फायदे मिलेंगे. खबर में जानें कि 30 दिनों तक नियमित रूप से संतरा खाने से क्या-क्या फायदे होते हैं...



**पोषक तत्वों से भरपूर होता है संतरा**

सर्दियों का यह रसदार स्वादिष्ट फल विटामिन ए, बी और सी, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, फॉस्फोरस और कोलिन जैसे अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है. यह खाने में जितना स्वादिष्ट होता है, हमारी सेहत को भी उतना ही फायदा देता है. यह कोलेस्ट्रॉल को कम करने के साथ ही वजन को घटाने में भी मदद करता है. क्योंकि यह साइट्रस समूह का फल है, इसलिए यह हमारी त्वचा और हमारे बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है. संतरे में विटामिन सी के साथ विटामिन डी भी भरपूर मात्रा में होता है, जो कि हमारे शरीर में मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली बनाने में मदद करता है और हमें मौसमी संक्रमण से बचाता है।

**30 दिनों तक नियमित रूप से संतरा खाने के फायदे**

विशेषज्ञों के मुताबिक, एक महीने तक नियमित रूप से संतरा खाने से आपको कई तरह के फायदे मिलेंगे. संतरा खाने से कई बीमारियों को दूर किया जा सकता है. हर दिन एक संतरा खाने से आप सर्दी, खांसी, मौसमी या वायरल संक्रमण से खुद को बचा सकते हैं. इसमें विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है. यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने के लिए आश्चर्यजनक रूप से उपयोगी है. यह फल हमें कई तरह की बीमारियों से बचाता है. संतरा वजन घटाने की प्रक्रिया में भी अद्भुत काम करता है. इसमें कैलोरी कम और फाइबर भरपूर मात्रा में होता है।

इसके अलावा हर रोज एक संतरा खाने से दिल स्वस्थ रहता है. संतरे में पोटैशियम और फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, जो कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखता है. संतरा त्वचा की देखभाल के लिए भी बेहतरीन है. त्वचा को प्राकृतिक नमी प्रदान करता है और झुर्रियों को दूर करता है. इसमें मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स की वजह से त्वचा अंदरूनी तौर पर स्वस्थ रहती है. संतरा खाने से कब्ज, गैस और अपच जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिलती है. इसमें मौजूद फाइबर और प्राकृतिक एंजाइम पाचन क्रिया को बेहतर बनाते हैं. संतरे में मौजूद विटामिन सी इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है।

**अन्य लाभ**

पुरानी बीमारियों के खतरे को कम करने में मदद कर सकता है


ब्लड शुगर लेवल को हेल्दी बनाए रखने में मदद कर सकता है

धमनियों को अवरुद्ध होने से रोकने में मदद कर सकता है

संतरे में मौजूद फोलेट (विटामिन बी9) न्यूरोट्रांसमीटर विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण है, जो मूड विकारों में मदद कर सकता है।

# तेजी से वजन कम करने के लिए इन सुझावों का जरूर पालन करें

मोटापा एक गंभीर समस्या बनती जा रही है. कई लोग वजन बढ़ने से चिंतित रहते हैं. जैसे-जैसे आप वजन कम करने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाते हैं, उसका पूरा असर आपके चेहरे पर दिखने लगता है. इसके अलावा, अधिक वजन होने से हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और हार्ट डिजीज संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है. हेल्दी रहने के लिए वजन पर नियंत्रण आवश्यक है. लेकिन, अब आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है. क्योंकि अब आप तेजी से अपना वजन कम कर सकते हैं. इसके लिए हम आपको फिटनेस ट्रेनर योगदित्य सिंह रावल और डाइटीशियन पिंकी द्वारा सुझाई गई पावर डाइट के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं. जो वजन घटाने के लिए बहुत अच्छा है।



तेजी से वजन कम करने के लिए सुबह उठते ही खाली पेट गर्म पानी में नींबू का रस और शहद मिलाकर पिएं. ये शरीर में उत्पन्न हानिकारक एसिड को निकालने में मदद करते हैं. इसके अलावा, नीचे सूचीबद्ध कुछ खाद्य पदार्थों को अपने नाश्ते और दोपहर के भोजन में शामिल करें...

**नाश्ते में क्या शामिल करें?**

ऑमलेट (2 अंडे का सफेद भाग) + ब्राउन ब्रेड (2 टुकड़े)

दूध (बिना वसा वाला) + कॉर्नफ्लेक्स या ओट्स

फलों का सलाद या अंकुरित अनाज

स्किम्ड मिल्क कॉटेज पनीर + ब्राउन ब्रेड

आप नाश्ते के लिए उपरोक्त में से कोई भी चीज चुन सकते हैं.

**दोपहर के भोजन में क्या शामिल करें?**

भोजन से पहले एक गिलास ब्लैक कॉफी पीएं. इससे चयापचय बढ़ाने में मदद मिलेगी.

चिकन या सोयाबीन (200 ग्राम) + ब्राउन राइस (एक कप) या चपाती 1

काजू + सलाद + ब्राउन राइस (1 कप) या चपाती (1-2) वेजिटेबल डहलिया

पाचन में सहायता के लिए आप अपने भोजन में खट्टा दही (100 ग्राम) भी शामिल कर सकते हैं.

**शाम को क्या खाएं?**

खट्टे फल

ग्रीन टी + दो मैरी लाइट बिस्कुट

उबले मटर

**रात के खाने में क्या खाएं?**

सोयाबीन या सूप + सलाद

अंडे का पानी (3) + सब्जी का सूप

चिकन या टूना सलाद

सब्जियां या दलिया

दालें

ध्यान रखने योग्य अन्य बातें

बहुत अधिक खाना न खाएं. सोने से कम से कम 3 से 4 घंटे पहले खाना खा लें।

# इम्तियाज अली की माई मेलबर्न का ट्रेलर आया सामने, 14 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक फिल्म

इम्तियाज अली पिछली बार दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा के साथ फिल्म अमर सिंह चमकीला लेकर आए थे, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

अब दर्शक इम्तियाज की आगामी फिल्म की राह देख रहे हैं, जिसका नाम माई मेलबर्न है। यह फिल्म 14 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

अब निमार्ताओं ने माई मेलबर्न का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें 4 अलग-अलग कहानियां दिखाई गई हैं।



इम्तियाज इस फिल्म का निर्देशन ओनिर, रीमा दास और कबीर खान के साथ मिलकर कर रहे हैं। विलियम डुआन, झाओ टैमी यांग, समीरा कॉक्स और पुनीत गुलाटी फिल्म के सह-निर्देशक हैं।

इस फिल्म के निमार्ता मितु भौमिक लांगे हैं, जो प्रमुख फिल्म वितरक और मेलबर्न के भारतीय फिल्म महोत्सव के महोत्सव निदेशक हैं।

माई मेलबर्न में अर्का दास, जैक्सन गैलाघर, मौली गांगुली, आरुषि शर्मा, कैट स्टीवर्ट, रियाना लॉसन, मिखाइला एबोनी, सेतारा अमीरी और ब्रैड हॉज जैसे कलाकार नजर आएंगे।

# अप्रैल में श्रीलंका दौरे पर जाएंगे पीएम नरेंद्र मोदी, द्विपक्षीय मुद्दों पर हो सकती है चर्चा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अप्रैल महीने के पहले सप्ताह में श्रीलंका के दौरे पर जा सकते हैं। दरअसल श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के अधिकारिक निमंत्रण पर पीएम मोदी का यह दौरा होगा। पीएम मोदी की इस यात्रा से भारत और श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे। दरअसल 2 से 4 अप्रैल तक बैंकॉक में बंगाल की खाड़ी बहुक्षेत्रीय तकनीक और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पीएम मोदी शामिल होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी श्रीलंका जा सकते हैं। वहीं संभावना ये है कि इस दौरान दोनों देशों को मुखियाओं के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

बता दें कि दिसंबर 2024 में श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके भारत के तीन दिवसीय दौरे पर आए थे। इस दौरान उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को जल्द से जल्द श्रीलंका आने का न्यौता दिया। यह उनकी पहली विदेशी यात्रा थी, जिसमें उन्होंने भारतीय नेतृत्व और व्यापारिक समुदाय के साथ गहन चर्चा की। इस दौरान अपनी यात्रा को उन्होंने सफल बनाया और दोनों देशों के बीच रिश्ते को प्रगाढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया। बता दें कि यह पहली बार नहीं होगा जब पीएम नरेंद्र मोदी श्रीलंका के दौरे पर जाएंगे। साल 2014 के बाद से पीएम नरेंद्र मोदी अबतक तीन बार श्रीलंका की यात्रा कर चुके हैं। ऐसी संभावना जताई



जा रही पीएम नरेंद्र मोदी की श्रीलंका यात्रा से भारत और श्रीलंका दोनों ही देशों के बीच जन केंद्रित साझेदारी को रफ्तार मिलेगी। यह दौरा कूटनीतिक, राजनीतिक, व्यापारिक और आर्थिक रूप से अहम होगा। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी इससे पहले मार्च 2015 में श्रीलंका यात्रा पर गए थे। यह 1987 के बाद किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी। इसके बाद मई 2017 में और फिर जून 2019 में ईस्टर संडे के आतंकवादी हमलों के बाद एकजुटता दिखाने के लिए पीएम मोदी ने कोलंबो का दौरा किया।

# शिक्षकों के परस्पर तबादले के लिए ऑनलाइन आवेदन एक अप्रैल से होगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के एक से दूसरे जिले में परस्पर तबादले गर्मी की छुट्टियों में होंगे। इसके लिए एक अप्रैल से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। प्रक्रिया पूरी कर 15 मई को तबादला आदेश जारी किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने समय सारिणी जारी कर दी है ।

बेसिक शिक्षा परिषद सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी के अनुसार बीएसए मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षकों का विवरण 10 मार्च तक अपडेट करेंगे। राज्य परियोजना कार्यालय 25 मार्च तक डाटा एनआईसी को देगा। ऑनलाइन आवेदन एक से 11 अप्रैल तक होंगे। बीएसए कार्यालय में आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी 15 अप्रैल तक जमा करनी होगी। बीएसए आवेदन पत्र का सत्यापन कर जिला स्तरीय समिति की बैठक होगी'




**परस्पर तबादले के लिए नियमः** सेवा अवधि की कोई बाध्यता नहीं होगी, ग्रामीण सेवा संवर्ग से ग्रामीण सेवा संवर्गव नगर से नगर में होंगे,तबादला होने पर शिक्षकआवेदन वापस नहीं ले सकेंगे,तबादला पाने वाले शिक्षक की उस जिले में वरिष्ठता सबसे नीचे होगी'शिक्षक 26 अप्रैल से 10 मई तक जोड़ा (पेयर) बनाएंगे। तबादला आदेश 15 मई को जारी किया जाएगा। कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण गर्मी की छुट्टियों में किया जाएगा। शिक्षकों के अभिलेख फर्जी पाए जाने पर संबंधित शिक्षक के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# नारी शक्ति पर बोले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम में रानी लक्ष्मीबाई एवं बेगम हजरत महल की भूमिका ऐतिहासिकः अजय राय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (शशि भूषण दूबे/रोमेश रंजन दूबे)।** महिला दिवस की पूर्व संध्या पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय ने कांग्रेस पार्टी की तीन वरिष्ठ महिला कार्यकर्ताओ को उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री राय ने प्रदेश की आधी आबादी (नारी शक्ति) को बधाई देते हुए कहा कि एक स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र महिलाओं की सहभागिता के बिना संभव नहीं है।

श्री राय ने कहा कि कांग्रेस का एक गौरवशाली इतिहास रहा है, आजादी की लड़ाई हमारी देश की आधी आबादी नारी शक्ति बढ़ चढकर भागीदारी निभाई है। एक तरफ जहां रानी लक्ष्मीबाई और बेगम हजरत महल ने 1857 में आजादी का बिगुल फूंका दूसरी तरफ भारत कोकिला सरोजनी नायडू ने आजादी की लड़ाई को एक दिशा दी। अरूणा



आसफ अली, कस्तूरबा गांधी, कमला नेहरू, सुचिता कृपलानी से लेकर ऊषा मेहता तक एक लंबी फेहरिस्त है। महिला नेत्रियों की जिन्होंने भारत को आजाद कराने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन किया।

श्री राय ने कहा कि आजादी के बाद भी कांग्रेस ने हमेशा आधी आबादी को उचित स्थान दिया फिर वह चाहे प्रथम महिला राष्ट्रपति का हो, प्रधानमंत्री का हो, राज्यपाल का हो या प्रथम महिला मुख्यमंत्री का हो। श्री राय ने कहा कि 1992 में हुए 73 और 74 वें संशोधन द्वारा पंचायतों और निकाय चुनावों में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देकर राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की।

श्री राय ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का समुचित सम्मान किया है और आज भी अपनी उसी गौरवशाली परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। इसी क्रम में आज हमनें कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ महिला नेत्री श्रीमती अनुसुईया शर्मा जो सन 1975 से, बेगम इशरत रसूल जो कि सन 1978 से एवं श्रीमती सुशीला सोनकर जो सन 1980 से कांग्रेस पार्टी से जुड़ी हुई हैं, उन्हें उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, पंकज तिवारी, विजय बहादुर, संजय सिंह, आशुतोष मिश्रा, विजय पाण्डेय मौजूद रहे।

# अभिनेता और राजनेता भूपेश रसीन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से की मुलाकात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमृतसर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कल शाम नई दिल्ली स्थित ए.आई.सी.सी मुख्यालय में अभिनेता और राजनेता भूपेश रसीन से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में पंजाब में कांग्रेस की वर्तमान स्थिति और संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा हुई। साथ ही, पार्टी फिल्म उद्योग और कांग्रेस के बीच संबंधों को फिर से सशक्त बनाने के लिए भूपेश रसीन को महत्वपूर्ण भूमिका सौंपने पर विचार कर रही है।बैठक के दौरान इस बात पर भी चर्चा हुई कि एक समय में बॉलीवुड के कई बड़े सितारे कांग्रेस के समर्थक थे, लेकिन 2010 के बाद से उनका झुकाव सत्ताधारी दल की ओर बढ़ने लगा। कांग्रेस अब फिल्मी जगत का समर्थन दोबारा हासिल करने की दिशा में गंभीरता से काम कर रही है।गौरतलब है कि भूपेश रसीन बॉलीवुड में एक स्थापित अभिनेता हैं। उन्होंने हाल ही में फिल्म "टाइगर ऑफ राजस्थान" में मुख्य खलनायक की भूमिका निभाई है। इसके अलावा, "द राइज ऑफ सुदर्शन चक्र" और "नानक नाम जहाज है"




जैसी फिल्मों में भी उनके अभिनय को सराहा गया है। वह टी-सीरीज के कई म्यूजिक वीडियो में भी मुख्य भूमिका निभा चुके हैं।भूपेश रसीन ने प्रसिद्ध फिल्म निर्माता केसी बोकाडिया की "सरदार-द गेम चेंजर" सीरीज में बशीर हुसैन जैदी का अहम किरदार निभाया था। वर्तमान में वह बोकाडिया की आगामी वेब सीरीज "संस्कार" में एक प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही, वह हॉलीवुड फिल्म "वैम्पायर वर्सेज रॉहाइड" में खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं।भूपेश रसीन का संबंध दिवंगत सुपरस्टार राजेश खन्ना से भी गहरा रहा है। उन्होंने 22 वर्षों तक राजेश खन्ना के साथ समय बिताया और दोनों के बीच खून के रिश्ते से भी मजबूत एक आत्मीय संबंध था।अमृतसर के मूल निवासी भूपेश रसीन 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट के गंभीर दावेदार थे, हालांकि उन्हें टिकट नहीं मिला। बावजूद इसके, वह लगातार पार्टी के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस अब उन्हें पंजाब में बड़ी जिम्मेदारी सौंपने पर विचार कर रही है।

### जुमे की नमाज के बाद आसिफी मस्जिद में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ, प्रदर्शनकारियों ने सरकार से वक्फ बिल वापस लेने की मांग की

# सरकार वक़्फ सम्पत्तियों पर कब्जा कर के मुसलमानों की कमर तोड़ना चाहती हैः मौलाना कल्बे जवाद नकवी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (सज्जाद बाकर)।** भाजपा सरकार द्वारा संसद में वक़्फ संशोधन विधेयक पेश किये जाने के खिलाफ आज मजलिस उलेमा-ए-हिंद की ओर से जुमे की नमाज के बाद आसिफी मस्जिद में विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व इमामे जुमा मौलाना सैय्यद कल्बे जवाद नकवी ने किया। इस मौके पर प्रदर्शनकारियों ने भाजपा सरकार की वक़्फ विरोधी नीतियों के खिलाफ नारे लगाए और वक़्फ बिल को वापस लेने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए मौलाना सैय्यद कल्बे जवाद नकवी ने कहा कि हम वक्फ संशोधन बिल को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि जहां भी मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य मुस्लिम संगठन इस बिल का विरोध करेंगे, हम जरूर शामिल होंगे और उनका समर्थन करेंगे। मौलाना ने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति द्वारा मुसलमानों को धोखा दिया गया, जी.पी.सी को भेजे गए प्रस्तावों को रद्दी की टोकरी में फेंक दिया गया। कुछ वो मुसलमान जो पद के लालची और कौम के गद्दार है उन्होंने इस बिल का समर्थन किया जिसके आधार पर कहा जा रहा है कि अधिकांश मुसलमान इस बिल के पक्ष में हैं, यह पूरी तरह से धोखा है क्योंकि सभी मुसलमान और उलेमा इस बिल के खिलाफ



हैं। सरकार ताकत के जोर पर इस बिल को पारित कराना चाहती है ताकि वक़्फ की जमीनो पर कब्जे किये जा सके। उन्होंने आगे कहा कि यह बिल औकाफ को तबाह करने के लिए लाया जा रहा है। जिन औकाफ की निगरानी जिलाधिकारी और आयुक्त करते हैं, उनकी हालत बहुत खराब है जिसका उदाहरण हुसैनाबाद ट्रस्ट और चौक लखनऊ में मौजूद शाही शिफाखाना हैं। हुसैनाबाद ट्रस्ट की इमारतें बेहद जर्जर हालत में हैं, जिन पर आय का एक प्रतिशत भी खर्च नहीं किया गया है। ट्रस्ट की जमीनों पर अवैध कब्जे हो गए हैं, मंदिर बना दिए गए हैं। इसी प्रकार शाही शिफाखाना पर भी अवैध कब्जे हैं। गरीबों और बीमारों के रहने के लिए जो कमरे बनाये गये थे, उनमें आलीशान दुकानें खुल गयी हैं। डी.एम और कमिश्नर की निगरानी में औकाफ में लगातार बेईमानी हो रही है, इसके बावजूद सरकार वक्फ संशोधन विधेयक के जरिये वक़्फ संपत्तियों को डी.एम. और कमिश्नर की निगरानी में देना चाहती हैं, जो पहले से ही बेईमानी में लिप्त हैं। मौलाना ने मीडिया और प्रदर्शनकारियों को हुसैनाबाद ट्रस्ट और शाही शिफाखाना की जर्जर इमारतों और अवैध कब्जों की तस्वीरें भी दिखाईं। जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारे भी लगाए। मौलाना ने कहा कि सरकार औकाफ पर कब्जा कर मुसलमानों की कमर तोड़ना चाहती है ताकि उन्हें आर्थिक रूप से और पिछड़ा बनाया जा सके।

# कानपुर में रेलवे पटरी पर मिली नव विवाहिता की लाश, जांच शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** यहां एक नव विवाहिता की लाश रेल पटरी पर लाश मिलने की जांच शुरू कर दी गई है। कुछ दिन पहले ससुराल से निकल जाने के बादवह गायब चल रही थी ,जिसकी तलाश भी लगातार की जा रही थी। इसी बीच उसकी लाश कल्याणपुर थाना क्षेत्र में रेल पटरी पर बरामद की गई। इसके बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। मायके वालों का आरोप है कि उसकी सास ने शव तक पहचानने से इनकार कर दिया। परिजनों ने बताया कि घर से निकली थी तो उसने पीले रंग की साड़ी पहन रखी थी, मगर जब शव मिला तो साड़ी का रंग पिंक था।

मुझे जानकारी के मुताबिक भन्नाना पुरवा अनवरगंज कल्याणपुर निवासी रंजना शर्मा (35) की शादी 11 दिसम्बर 2018 को साहब नगर कल्याणपुर निवासी राहुल शर्मा से हुई थी। शादी के बाद पता चला कि शराब का लती राहुल कोई काम धंधा नहीं करता है। वह रंजन से पैसों की मांग भी करता था। मायके वालों के मुताबिक कुछ पहले ही उसने उसे मारपीट कर घर से भी निकाल लिया था। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

# उत्तर प्रदेश के युवाओं को मिलेगा संसद में जाने का मौका,जानिए कैसे होगा चयन ?

अब्दुल सलाम
बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, द्रोणाचार्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा के संयुक्त तत्वधान में द्विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जो युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जुड़े विचारों को नीति निमार्ताओं तक पहुंचाने का अनूठा मंच प्रदान करता है। यह कार्यक्रम युवाओं को नीतिगत चचाओं, नेतृत्व विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करने का अवसर देगा। इस कार्यक्रम में गौतमबुद्धनगर जनपद के 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा भाग ले सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागियों को 'विकसित भारत हमारे लिए क्या मायने रखता है' विषय पर हिंदी अथवा अंग्रेजी में एक मिनट का वीडियो बनाकर माय भारत पोर्टल पर अपलोड करना होगा।



नेहरू युवा केंद्र गौतमबुद्धनगर की जिला युवा अधिकारी स्निग्धा सिंह ने बताया कि चयन प्रक्रिया के तहत 150 युवाओं को जिला स्तरीय यूथ पार्लियामेंट में शामिल होने का अवसर मिलेगा, जिसका आयोजन नोडल जनपद गौतमबुद्धनगर में किया जाएगा जिसमें गौतमबुद्धनगर, बागपत और गाजियाबाद जनपद के युवा शामिल होंगे। यहां से 10 विजेता राज्य स्तरीय यूथ पार्लियामेंट के लिए चयनित होंगे और उनमें से तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर नई दिल्ली में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभागियों को संसद में आयोजित विशेष सत्रों में भाग लेने और नीति-निर्माण प्रक्रिया को करीब से समझने का अवसर मिलेगा। यह अनुभव न केवल युवाओं के चिंतन और अभिव्यक्ति कौशल को निखारेगा, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय विकास में योगदान देने की प्रेरणा भी देगा। अगर आप भारत के विकास में योगदान देने और अपने विचारों को प्रभावशाली मंच पर प्रस्तुत करने का सपना देखते हैं, तो यह आपके लिए एक शानदार अवसर है। पंजीकरण शीघ्र करें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें!

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में एक करोड़ 10 लाख से अधिक के प्रस्ताव पास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बरेली (शाहिद अल्वी) भदपुरा विकासखंड की क्षेत्र पंचायत की बैठक में मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विशिष्ट अतिथि विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, सदस्य विधान परिषद कुंवर महाराज सिंह बड़े जनप्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे इस बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख रश्मि गंगवार ने की बैठक के प्रारंभ में गत बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई जिस पर सदन द्वारा ध्वनि मत से मंजूरी दे दी गई इसके बाद बाल विकास परियोजना अधिकारी कंचन गंगवार ने अपने विभाग से मिलने वाली सुविधाओं को सदन में रखा इसी दौरान खाद्यान्न वितरण की जानकारी ग्राम प्रधान को उपलब्ध कराए जाने पर चर्चा हुई यहीं पर पशुपालन विभाग के भानु प्रताप ने पशुपालन पर चर्चा करते हुए जानकारियां दी तो सांसद छत्रपाल गंगवार ने भानु प्रताप से सवाल किया जो जानकारियां दी जा रही हैं इसमें धरातल पर क्या है तो वह शपक गया और कोई भी संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका इस पर सांसद द्वारा नाराजगी व्यक्ति की गई स्वास्थ्य विभाग से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ० मुगीश ने विभाग से संबंधित जानकारियां लोगों को उपलब्ध कारण इस पर भी सांसद ने चुटकी लेते हुए कहा भारत सरकार द्वारा जो योजनाएं जिला स्तर पर उपलब्ध कराई गई उनकी भी जानकारी दी जाती तो जनता को अधिक लाभ मिलता सत्यपाल सिंह प्रतिनिधि पशु चिकित्सा अधिकारी ने जब पशुपालन योजनाओं पर बताना शुरू किया तो सांसद द्वारा




सवाल किया गया अब तक कितने किसानों को इन योजनाओं का लाभ मिला है इस पर उनके पास कोई संतोषजनक जवाब नहीं था यहीं पर सांसद के द्वारा युवाओं को 5 लाख तक का जीरो ब्याज पर उद्यम के लिए कर्ज देने की बात दोहराई गई तो लोगों ने बैंकों द्वारा कर्ज न देने की शिकायत की इस पर खंड विकास अधिकारी कमल सिंह चौहान ने समझाते हुए कहा इसके लिए लाभार्थी का प्रशिक्षण होगा और जिला उद्योग केंद्र से पत्रावली बनने के बाद बैंक को आएगी तब ऋण की प्राप्ति होगी इस बैठक में पूर्ति विभाग और सहकारिता विभाग के अनुपस्थित रहने पर निंदा प्रस्ताव पारित कर जिला अधिकारी एवं शासन को भेजने की बात स्वीकार की गई इस बैठक में 54 क्षेत्र पंचायत सदस्यों की उपस्थिति दर्ज हुई तो वहीं 46 ग्राम प्रधान की उपस्थिति दर्ज हुई इनमें 22 महिला प्रधानों के हस्ताक्षर किए गए परंतु एक भी महिला प्रधान बैठक में उपस्थित नहीं थी इसी बैठक के दौरान नवाबगंज से पांच बार विधायक रहे पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार के पुत्र अमित गंगवार के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई इस बैठक में, मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विशिष्ट अतिथि नवाबगंज विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, सदस्य विधान परिषद कंवर महाराज सिंह के साथ ही ब्लॉक प्रमुख पति रविशंकर गंगवार, खंड विकास अधिकारी कमल **सिंह** चौहान, के साथ ही ग्राम पंचायत सचिव आदि लोग मौजूद रहे बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख रश्मि गंगवार संचालन सहायक खंड विकास अधिकारी पंचायत रणजीत सिंह ने किया इस मौके पर, प्रधान जुल्फिकार खा उर्फ लल्ला खा, हरि नंदन, सुमित वर्मा, प्रदीप सिंह, राहुल सिंह, छत्रपाल दिवाकर, बलराम सिंह, मो० रफीक, सत्येंद्र मोहन, रामवीर, राजेश भदौरया, सुरजीत सिंह, यज्ञ देव, सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# रोडरेज के चलते कार सवार युवकों ने ट्रक चालक को बेरहमी से पीटा, बेहोश हो कर जमीन पर गिरा ट्रक चालक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** दिल्ली मेरठ पर सैंथली गांव के सामने स्थित सीएनजी पंप के पास रोडरेज के चलते कार सवार युवकों ने ट्रक चालक की बेहरमी से पिटाई कर दी। ट्रक चालक को इतना पीटा कि वह गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जिला एटा के थाना महरची के गांव कोयला निवासी प्रेमवीर सिंह ट्रक चालक है। दोपहर एक बजे के आसपस वह दिल्ली मेरठ रोड पर गांव असालनगर स्थित सीएनजी पंप से ट्रक में गैंस भरवाकर निकले। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव बसंतपुर सैतली के पास पहुंचे तो ट्रक व कार की टक्कर हो गई। इस बात से नाराज होकर कार सवार युवकों ने डंडों से ट्रक चालक प्रेमवीर की बेहरमी से पिटाई कर दी। चालक को इतना पीटा कि वह बेहोश हो गया। मारपीट करने के बाद कार सवार युवक मौके से फरार हो गए। ट्रक चालक को स्थानीय लोगों ने अस्पतल में भर्ती कराया। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार सवारों की तलाश शुरू कर दी गई है।

### 50 वीं बैठक — ग्राम नियोजक लखनऊ को नामित किये जाने की सहमति प्रदान की गयी

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में शक्तिनगर विशेष क्षेत्र प्राधिकरण (साडा)की 50 वीं बैठक सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मीरजापुर (शशि भूषण दूबे /रोमेश रंजन।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल/अध्यक्ष, साडा की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, (साडा) की 50वीं बोर्ड बैठक आहूत की गयी। जिसमें मा0 जिलाधिकारी, महोदय मुख्य विकास अधिकारी महोदया, सहयुक्त नियोजक, मुख्य कोषाधिकारी जनपद मीरजापुर, अधीक्षण अभियन्ता जल निगम, राज्य सरकार द्वारा शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, (साडा) बोर्ड में नामित गैर सरकारी सदस्य श्री के0सी0 जैन व श्री धर्मवीर तिवारी, एवं महाप्रबन्धक अनपरा तापीय परियोजना, महाप्रबन्धक ओबरा तापीय परियोजना के साथ-साथ अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग सोनभद्र, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग सोनभद्र, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2 लोक निर्माण विभाग सोनभद्र, एवं अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सोनभद्र द्वारा प्रतिभाग किया गया। उपरोक्त बैठक में शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, (साडा) की गत बोर्ड बैठक की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गयी जिसपर कुछ सुझावों के साथ सहमति प्रदान की गयी उक्त के अतिरिक्त साडा विकास क्षेत्रान्तर्गत लगभग रू0-14.00 करोड़ के निर्माण विकास कार्यों को कराये जाने के साथ-साथ साडा की गजराज नगर ओबरा सोनभद्र स्थित भूमि पर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी एवं भारत सरकारी अमृत 2.0 योजना के अन्तर्गत 50,000 से अधिक जनसंख्या वाले आबादी के मानकों में चयनित ओबरा एवं अनपरा की परिक्षेत्रीय महायोजना तैयार किये जाने हेतु मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक लखनऊ को नामित किये जाने की सहमति प्रदान की गयी।



मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267